✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ पटना संस्करण

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 336 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, बुधवार, 6 मई 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



गयाजी एयरपोर्ट पर वियतनाम के राष्ट्रपति का स्वागत करते सीएम सम्राट चौधरी

पटना के गांधी मैदान में होगा नये मंत्रियों का शपथ ग्रहण, ऐतिहासिक होगा समारोह

# भाजपा के 12 और जदयू के 11 विधायक बनेंगे मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री के रूप में सम्राट चौधरी का शपथ ग्रहण भले ही सादगी से हुआ लेकिन गुरुवार को उनके मंत्रिमंडल का विस्तार भव्य समारोह में होगा। समारोह का आयोजन गांधी मैदान में हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, गृह मंत्री अमित शाह, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, कई केंद्रीय मंत्रियों और एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को भी इस समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार भी मंच पर मौजूद रहेंगे। राज्यपाल सैयद अता हसनैन मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। शपथ ग्रहण की तैयारियों को लेकर मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया एवं पूर्व मंत्री नीतीश मिश्रा भी शामिल हुए। श्री सरावगी ने बताया कि पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में पार्टी की शानदार जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और गृह मंत्री अमित शाह पहली बार बिहार आ रहे हैं। समारोह में लोजपा (रा) के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा सहित बिहार के अन्य केंद्रीय मंत्री और एनडीए के नेता पहुंचेंगे। गांधी मैदान का शपथ ग्रहण समारोह ऐतिहासिक होगा। विधानसभा सदस्य संख्या के लिहाज से राज्य में मुख्यमंत्री सहित 36 सदस्यीय मंत्रिमंडल हो सकता है। इस समय मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के अलावा जदयू कोटे के दो उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी एवं बिजेंद्र प्रसाद यादव हैं। इस तरह 33 विधायकों को मंत्री बनाया जा सकता है लेकिन गुरुवार के विस्तार के बाद मंत्रिमंडल के सदस्यों की अधिकतम संख्या 30 तक पहुंच सकती है। भाजपा **(शेष पृष्ठ 11 पर)**




## संक्षिप्त समाचार

### जल्द ही सीएम हाउस में शिफ्ट होंगे सम्राट चौधरी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी जल्द सीएम हाउस में शिफ्ट होंगे। मुख्यमंत्री आवास में शिफ्ट होने से पहले इसका दायरा बढ़ा दिया गया है। 5 देश रत्न मार्ग और एक अणे मार्ग को मिलाने की तैयारी है। यानी अब एक अणे मार्ग और 5 देश रत्न मार्ग दोनों मिलकर मुख्यमंत्री आवास कहलाएगा। नीतीश कुमार के 7 सर्कुलर रोड जाने के बाद भवन निर्माण विभाग ने यह फैसला लिया है।

### बीपीएससी 71वीं प्रारंभिक परीक्षा के लिए अधिसूचना जारी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) ने राज्य के विभिन्न सरकारी विभागों में खाली पदों को भरने के लिए 72वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा का आधिकारिक विज्ञापन जारी कर दिया है। इस भर्ती के तहत कुल 1230 पदों पर नियुक्ति की जाएगी। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 7 मई 2026 से शुरू होगी और उम्मीदवार 31 मई 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी बीपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर विस्तृत जानकारी और आवेदन प्रक्रिया देख सकते हैं।

### चीनी नागरिक गिरफ्तार

**अररिया(नबिटा ब्यूरो)।** अतरराष्ट्रीय भारत-नेपाल बॉर्डर पर स्थित जोगबनी इंटीग्रेटेड चेकपोस्ट के गेट के पास एक चीनी नागरिक को बिना वैध वीजा के भारत में घुसपैठ करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी नेपाली नंबर प्लेट वाली स्कूटी पर सवार होकर आईसीपी गेट के समीप पहुंचा था। ड्यूटी पर तैनात एसएसबी के जवानों को उसका व्यवहार संदिग्ध लगा, जिसके बाद उसकी पूछताछ की गई। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान चीन के हुनान प्रांत के रहने वाले झोउ हुआन के रूप में हुई है।

### ट्रेनिंग खत्म होने से पहले होमगार्ड जवान की मौत

**मुजफ्फरपुर(नबिटा ब्यूरो)।** शहर के सिकंदरपुर स्थित होमगार्ड के आधुनिक प्रशिक्षण कैंप में सोमवार की रात ट्रेनिंग ले रहे एक जवान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान पटना जिला के सिगोरी थाना के पतरिंगा गांव निवासी सोनू कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सोमवार रात करीब आठ बजे सोनू का शव कैंप के मुख्य गेट के पास स्थित मंदिर के समीप जमीन पर गिरा हुआ पाया गया।

### जेइइ एडवांस्ड परीक्षा 17 को

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** जेइइ एडवांस्ड 2026 के लिए आवेदन प्रक्रिया समाप्त हो गयी। इससे पहले आवेदन की अंतिम तिथि चार मई थी, जिसे एक दिन बढ़ा कर पांच मई कर दिया गया था। आइआइटी रुड़की से मिली जानकारी के अनुसार अब तक 1.81 लाख परीक्षार्थियों ने आवेदन किया है। जबकि जेइइ मेन से 2.50 लाख अभ्यर्थी जेइइ एडवांस्ड 2026 के लिए क्वालिफाइ हुए थे।

## बरसात के बाद शुरू होगा मुंगेर-भागलपुर मरीन ड्राइव का काम : सम्राट चौधरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मुंगेर।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बरसात के बाद मुंगेर-भागलपुर गंगा पथ (मरीन ड्राइव) निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया है। मंगलवार को बबुआ घाट पर गंगा पथ परियोजना की समीक्षा बैठक और स्थल निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दो टूक कहा कि इस महत्वाकांक्षी योजना में किसी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी। समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों ने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से परियोजना का विस्तृत खाका मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया गया। गंगा पथ के प्रस्तावित एलाइनमेंट, तकनीकी पहलुओं और प्रगति की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि यह परियोजना दो चरणों में पूरी की जाएगी। पहले चरण में मुंगेर के हेरूदियारा से सुलतानगंज तक जबकि दूसरे चरण में सुल्तानगंज से सबौर तक सड़क निर्माण कराया जाएगा। मुख्यमंत्री ने परियोजना के हर पहलू पर बारीकी से जानकारी ली। उन्होंने मिट्टी जांच, एलाइनमेंट और अन्य प्रारंभिक कार्यों की प्रगति पर संतोष जताते हुए कहा कि अब निर्माण कार्य को तेज गति से आगे बढ़ाया जाए ताकि तय समयसीमा में इसे पूरा किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि बरसात के बाद कार्य में किसी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए और नियमित मानिटरिंग सुनिश्चित की जाए।

## पश्चिम बंगाल में सरकार गठन की तैयारियां तेज, 9 मई को शपथ ग्रहण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में नई सरकार के गठन को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने तैयारियां तेज कर दी है। पार्टी ने अहम संगठनात्मक कदम उठाते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पश्चिम बंगाल के लिए भाजपा का केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। खबर के मुताबिक राज्य में 9 मई को नई सरकार का शपथग्रहण होगा। भाजपा के संसदीय बोर्ड ने पार्टी विधायक दल के नेता के चुनाव हेतु शाह को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने 5 मई 2026 को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इस बात की जानकारी दी है। इसमें कहा गया है कि शाह पश्चिम बंगाल में विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक (सेंट्रल ऑब्जर्वर) की भूमिका निभाएंगे। वहीं बीजेपी की प्रेस विज्ञप्ति में यह भी जानकारी दी गई है कि ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी को पश्चिम बंगाल के लिए केंद्रीय सह पर्यवेक्षक की नियुक्त किया है। भाजपा के ये दोनों नेता पश्चिम बंगाल में विधायक दल की बैठक और नेतृत्व चयन की प्रक्रिया को पूरा कराएंगे। वहीं असम के लिए भारतीय जनता पार्टी के संसदीय बोर्ड ने पार्टी विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री तथा रसायन उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। वहीं राज्य में सह पर्यवेक्षक की भूमिका में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी होंगे। बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह एक प्रेस विज्ञप्ति जारी पार्टी की तरफ अहम जानकारी दी। सोमवार को आए विधानसभा चुनाव के नतीजों में 206 सीटें जीतकर दो तिहाई से अधिक बहुमत हासिल कर भाजपा ने बंगाल में तृणमूल कांग्रेस को सत्ता से बाहर कर दिया और असम में लगातार तीसरी बार सत्ता पर कब्जा कर लिया।

## बिहार में खुलेंगे 208 डिग्री कॉलेज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार ने उच्च शिक्षा को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए बड़ा निर्णय लिया है। राज्य के उन 208 प्रखंडों में अब नए डिग्री कॉलेज खोले जाएंगे जहां अभी तक एक भी डिग्री कॉलेज नहीं है। सात निश्चय-3 के तहत उन्नत शिक्षा-उज्ज्वल भविष्य योजना के जरिए यह कदम उठाया गया है। सरकार ने कॉलेज खोलने, संचालन शुरू करने और शिक्षकों-कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए मंजूरी दे दी है। सरकार ने इन 208 कॉलेजों के लिए कुल 9152 पद सृजित करने की स्वीकृति दी है। इसमें 6656 शिक्षकों के पद और 2496 नॉन टीचिंग पद शामिल हैं। हर कॉलेज में औसतन 44 पद होंगे। इनमें 32 शिक्षक और 12 नॉन-टीचिंग कर्मचारी तैनात किए जाएंगे। इस पूरी योजना पर सरकार को हर साल लगभग 937 करोड़ रुपये खर्च करने होंगे। नए कॉलेजों में छात्रों को 16 विषयों में पढ़ाई का मौका मिलेगा। इनमें हिंदी, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, इतिहास, मनोविज्ञान, भूगोल, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, गृह विज्ञान, गणित, भौतिकी, रसायनशास्त्र, वनस्पति विज्ञान, प्राणी विज्ञान, वाणिज्य और पर्यावरण विज्ञान शामिल हैं। हर कॉलेज में एक प्राचार्य भी नियुक्त होगा। ज्यादातर विषयों में दो-दो शिक्षक होंगे। कॉलेजों में पढ़ाई के साथ प्रशासनिक कामकाज के लिए भी 12 पद बनाए गए हैं। इसमें क्लर्क, पुस्तकाध्यक्ष और अलग-अलग विषयों के लैब इंचार्ज शामिल होंगे। सरकार ने तय किया है कि नए सत्र 2026-27 से सभी 208 कॉलेजों में पढ़ाई शुरू कर दी जाएगी। शुरुआत में छह विषयों हिंदी, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, इतिहास और समाजशास्त्र में एडमिशन होगा। हर विषय में 50 सीटें होंगी यानी हर कॉलेज में शुरुआती दौर में 300 सीटों पर नामांकन लिया जाएगा।

## बिहार में शिक्षकों के ट्रांसफर-पोस्टिंग पर अचानक लगा ब्रेक, करना होगा इंतजार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के सरकारी स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षकों को अपने ट्रांसफर और मनचाही पोस्टिंग के लिए अभी और लंबा इंतजार करना पड़ेगा। शिक्षा विभाग ने शिक्षकों के तबादले की मौजूदा प्रक्रिया पर फिलहाल के लिए अस्थायी रोक लगा दी है। राज्य सरकार अब एक नई और पारदर्शी ट्रांसफर नीति बनाने की तैयारी में पूरी तरह से जुट गई है। विभाग का मुख्य उद्देश्य स्कूलों में शिक्षकों का विषयवार संतुलन बनाना और लिखाई-पढ़ाई की व्यवस्था को और बेहतर करना है ताकि छात्रों को अच्छी शिक्षा मिल सके। नई नीति के फाइनल होने तक किसी भी शिक्षक का तबादला नहीं किया जाएगा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान ट्रांसफर पॉलिसी में कई तरह की बड़ी खामियां उजागर हुई हैं। इन खामियों की वजह से विभिन्न माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में विषयवार शिक्षकों का संतुलन पूरी तरह से बिगड़ गया है। हालात ऐसे हैं कि कई स्कूलों में एक ही विषय के लिए निर्धारित पदों से अधिक शिक्षकों की तैनाती कर दी गई है। उदाहरण के तौर पर जहां केवल दो शिक्षकों का पद स्वीकृत है वहां चार-चार टीचर काम कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर कई स्कूल ऐसे हैं जहां महत्वपूर्ण विषयों के एक्सपर्ट टीचर ही उपलब्ध नहीं हैं। इससे बच्चों की पढ़ाई की गुणवत्ता पर सीधा और नकारात्मक असर पड़ रहा है। इस समस्या के समाधान के लिए बीते 24 अप्रैल को शिक्षा विभाग के सभी वरिष्ठ अधिकारियों की एक अहम बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में मौजूदा ट्रांसफर-पोस्टिंग व्यवस्था की गहन समीक्षा की गई और इसे पूरी तरह से पारदर्शी, सरल और निष्पक्ष बनाने के सख्त निर्देश दिए गए। शिक्षा विभाग की कोशिश है कि नई नीति में कोई दिक्कत न रहे और हर स्कूल में जरूरत के हिसाब से शिक्षकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। सूत्रों का कहना है कि राज्य में मंत्रिमंडल विस्तार के बाद ही इस नई ट्रांसफर नीति को अंतिम रूप दिया जाएगा।

## सैन्य अधिकारी केवल वर्दीधारी नहीं मूल्यों का प्रतीक : राज्यपाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गयाजी।** अनुशासन और देशभक्ति के माहौल के बीच बिहार के राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने मंगलवार को ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी, गया का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने भावी सैन्य अधिकारियों को संबोधित करते हुए नेतृत्व, कर्तव्य और राष्ट्रसेवा पर प्रेरक व्याख्यान दिया। राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने अपने संबोधन में कहा कि एक सैन्य अधिकारी केवल वर्दीधारी व्यक्ति नहीं होता बल्कि वह देश की सुरक्षा, सम्मान और मूल्यों का प्रतीक होता है। उन्होंने ईमानदारी, अनुशासन, पेशेवर दक्षता और निरंतर सीखने की भावना को सफल नेतृत्व की नींव बताया। राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में सेना के अधिकारियों को मानसिक रूप से मजबूत, रणनीतिक रूप से सजग और नैतिक रूप से दृढ़ रहना जरूरी है। अपने चार दशक से अधिक के सैन्य अनुभव को साझा करते हुए राज्यपाल ने श्रीलंका मिशन, सियाचिन की कठिन परिस्थितियां, जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद विरोधी अभियान, पूर्वोत्तर भारत और संयुक्त राष्ट्र मिशनों के अनुभवों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि कठिन हालात ही एक सैनिक की असली परीक्षा लेते हैं। कार्यक्रम के दौरान कैडेट्स और अधिकारियों ने उनके विचारों को गंभीरता से सुना। ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी प्रशासन ने राज्यपाल का स्वागत कर उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। यह दौरा कैडेट्स के लिए प्रेरणा और मार्गदर्शन का महत्वपूर्ण अवसर माना जा रहा है।




C M Y K

# मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर भाजपा की तैयारियां तेज

## प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने तैयारियों को लेकर की विस्तृत चर्चा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने आज कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के मंत्रिमंडल का विस्तार सात मई को होने वाला है। इसको लेकर शपथ ग्रहण समारोह पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में होगा जिसको लेकर तैयारियां जोरशोर से चल रही हैं। इस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा, जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार शामिल होंगे। इस बीच, बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज 7 मई को प्रस्तावित मंत्रिमंडल विस्तार कार्यक्रम तथा पश्चिम बंगाल, असम, पुडुचेरी में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और केंद्रीय गृह मंत्री के पहली बार बिहार आगमन की तैयारियों को लेकर आज प्रदेश कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी भी शामिल हुए। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, संगठनात्मक तैयारियों एवं विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। प्रदेश अध्यक्ष ने चर्चा के दौरान कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया एवं पूर्व मंत्री सह विधायक नीतीश मिश्रा भी शामिल हुए। बैठक में कार्यक्रम को सफल, सुव्यवस्थित एवं ऐतिहासिक बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सरावगी ने कहा कि इस शपथ ग्रहण समारोह में लोजपा (रामविलास) के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा सहित बिहार के अन्य केंद्रीय मंत्री और एनडीए के नेता पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक गांधी मैदान में इस समारोह को लेकर तैयारियां चल रही हैं। यह कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा जहां राज्यपाल मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। बैठक में बिहार सरकार के कई पूर्व मंत्री, विधायक, विधान परिषद सदस्य, प्रदेश के पदाधिकारी, सभी मोर्चा के अध्यक्ष, जिला प्रभारी भी उपस्थित रहे।

# यात्री सेवा में उत्कृष्ट कार्य के लिए 14 रेलकर्मी हुए सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पूर्व मध्य रेल के दानापुर मंडल में वाणिज्य विभाग के 14 कर्मचारियों को यात्री सेवा एवं नॉलेज एनहैंसमेंट प्रोग्राम में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अभिनव सिद्धार्थ द्वारा प्रदान किया गया। जानकारी के अनुसार यात्री सेवा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले 10 रेलकर्मियों को सम्मानित किया गया। इन कर्मचारियों ने अपनी ड्यूटी से आगे बढ़कर ईमानदारी और निष्ठा का परिचय देते हुए यात्रियों के खोए सामान, नकदी आदि को वापस किया। इसके साथ ही जरूरतमंद यात्रियों को प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने और लापता बच्चियों की सहायता जैसे मानवीय कार्य भी किए। सम्मानित कर्मचारियों में उदित शंकर प्रसाद (डिप्टी सीआईटी/राजेंद्रनगर), प्रदीप कुमार सिंह (सीआईटी/राजेंद्रनगर), शशि कुमार (सीनियर टीई/दानापुर), रंजीत कुमार (टीई/दानापुर), सचिन कुमार (कंट्रोल कार्यालय), श्याम बाबू कुमार (टीई/दानापुर), ज्योति कुमारी (सीनियर टीई/दानापुर), जार्ज तिर्की (डिप्टी सीआईटी/पटना), विनोद कुमार एवं संजीत कुमार शामिल हैं। वहीं, नॉलेज एनहैंसमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत प्रशिक्षण के बाद आयोजित मूल्यांकन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चार कर्मियों को भी सम्मानित किया गया। इनमें जितेंद्र कुमार मिश्रा (चीफ बुकिंग क्लर्क/जमुई), पंकज कुमार (चीफ सुपरवाइजर/बुकिंग), संजय राय (चीफ रिजर्वेशन सुपरवाइजर/राजेंद्रनगर) तथा वीरेंद्र कुमार (चीफ रिजर्वेशन सुपरवाइजर/राजेंद्रनगर) शामिल हैं। इस अवसर पर वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अभिनव सिद्धार्थ ने कहा कि इन रेलकर्मियों की कर्तव्यनिष्ठा, आत्मविश्वास और सेवा भावना भारतीय रेल की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है और अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में मंडल वाणिज्य प्रबंधक अभिषेक कुमार तिवारी, सहायक वाणिज्य प्रबंधक प्रदीप कुमार, पंकज नयन, विजय कुमार गोंड सहित वाणिज्य विभाग के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# सरायगढ़ और देवघर के मध्य स्पेशल ट्रेन का परिचालन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** भागलपुर के पास गंगा नदी पर बने विक्रमशिला सेतु पर यातायात बाधित हो जाने के कारण इस क्षेत्र में गंगा के दोनों ओर के लोगों की सुविधा हेतु मुंगेर रेल पुल के रास्ते पूर्व मध्य रेल द्वारा सरायगढ़ और देवघर के मध्य 01 जोड़ी स्पेशल ट्रेन 05573/05574 सरायगढ़-देवधर- सरायगढ़ स्पेशल चलाने का निर्णय लिया गया है। यह स्पेशल सुपौल-सहरसा-सिमरी बख्तियारपुर-मानसी-खगड़िया-सबदलपुर-मुंगेर-सुलतानगंज-भागलपुर-बांका के रास्ते परिचालित की जाएगी। गाड़ी सं. 05573 सरायगढ़-देवघर स्पेशल 07.05.2026 से 31.05.2026 तक प्रतिदिन सरायगढ़ से 03.05 बजे खुलकर 03.38 बजे सुपौल, 04.30 बजे सहरसा, 05.00 बजे सिमरी बख्तियारपुर, 05.50 बजे मानसी, 06.00 बजे खगड़िया, 06.18 बजे सबदलपुर, 06.40 बजे मुंगेर, 07.48 बजे सुलतानगंज, 08.30 बजे भागलपुर रूकते हुए 11.20 बजे देवघर पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 05574 देवघर-सरायगढ़ स्पेशल 07.05.2026 से 31.05.2026 तक प्रतिदिन देवघर से 11.35 बजे खुलकर 14.20 बजे भागलपुर, 14.55 बजे सुलतानगंज, 16.25 बजे मुंगेर, 17.25 बजे सबदलपुर, 17.50 बजे खगड़िया, 18.16 बजे मानसी, 18.53 बजे सिमरी बख्तियारपुर, 20.40 बजे सहरसा, 21.26 बजे सुपौल रूकते हुए 22.15 बजे सरायगढ़ पहुंचेगी।

# 19 औद्योगिक इकाइयों को 20.04 एकड़ भूमि आवंटित

## 284 करोड़ निवेश से लगभग 1200 रोजगार के अवसरों का सृजन : कुंदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार की प्रोजेक्ट क्लियरेंस कमेटी की बैठक में राज्य के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में आवेदकों को भूमि एवं प्लग एंड प्ले शेड्स आवंटित करने के प्रस्तावों को पीसीसी कमेटी द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। समिति द्वारा राज्य के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में कुल 19 औद्योगिक इकाइयों को 20.04 एकड़ भूमि आवंटित करने का निर्णय लिया गया। यह निर्णय राज्य के औद्योगिक विकास को नई गति प्रदान करेगा तथा निवेश और रोजगार सृजन के अवसरों में उल्लेखनीय वृद्धि सुनिश्चित करेगा। स्वीकृत परियोजनाओं में खाद्य प्रसंस्करण, जूते, इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़ा, प्लास्टिक, सीबीजी, सामान्य विनिर्माण जैसे विविध क्षेत्र शामिल हैं। ये इकाइयां राज्य के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों आइ ए कुमारबाग, आइजीसी बेगुसराय, आइ ए हाजीपुर इत्यादि में स्थापित की जाएंगी। इन परियोजनाओं के माध्यम से राज्य में लगभग 284 करोड़ के निवेश का अनुमान है जिससे लगभग 1200 लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। प्रमुख स्वीकृत इकाइयों में श्रीनाथ बायोफ्यूल्स, राशिरिशु ग्रुप, लुंबा शू सर्व इंटरप्राइजेज सहित अन्य इकाइयां शामिल हैं। इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन से औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर आर्थिक विकास को भी सुदृढ़ किया जाएगा। उद्योग विभाग के सचिव सह बियाडा एवं आइडीए के प्रबंध निदेशक कुंदन कुमार ने कहा कि राज्य सरकार संतुलित एवं समग्र औद्योगिक विकास के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। बियाडा के माध्यम से पारदर्शी एवं समयबद्ध प्रक्रिया के तहत निवेशकों को औद्योगिक भूखंड उपलब्ध कराए जा रहे हैं। साथ ही सुदृढ़ अवसंरचना, सुगम प्रक्रियाएं, बेहतर कनेक्टिविटी एवं नीतिगत सहयोग के माध्यम से निवेशकों को अनुकूल वातावरण प्रदान किया जा रहा है, ताकि परियोजनाओं का त्वरित एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। यह पहल बिहार को निवेश के लिए एक उभरते औद्योगिक गंतव्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से कराया अवगत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** मुख्यालय, हाजीपुर में 4 रेलकर्मियों एवं उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।

# राज्यभर के विश्वविद्यालयों के हजारों शिक्षकेत्तर कर्मी 15 सूत्री मांगों को लेकर करेंगे आंदोलन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के पारंपरिक विश्वविद्यालयों और करीब 250 अंगीभूत महाविद्यालयों के हजारों शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने अपनी 15 सूत्री लंबित मांगों के समाधान के लिए चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान कर दिया है। वेतन विसंगतियों के निराकरण, पदोन्नति, स्थायीकरण और सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के क्रियान्वयन जैसी प्रमुख मांगों को लेकर कर्मचारियों में लंबे समय से असंतोष है। इसी को देखते हुए महासंघ ने संगठित रूप से बुधवार से दो दिवसीय आंदोलन शुरू करने का निर्णय लिया है। महासंघ की बैठक में सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव के अनुसार कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए अब योजनाबद्ध तरीके से दबाव बनाया जाएगा। महासंघ के मुख्य संरक्षक गंगा प्रसाद झा, अध्यक्ष ब्रजकिशोर सिंह, महामंत्री वेंकटेश कुमार, रोहित कुमार और दीपक कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि वेतन कोषांग की मनमानी, सेवा शर्तों में विसंगतियां, लंबित पदोन्नति और स्थायीकरण जैसे मुद्दे वर्षों से लंबित हैं। कई बार सरकार से आग्रह और संवाद के बावजूद अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है जिससे कर्मचारियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। निर्णय के तहत 6 और 7 मई को राज्यभर के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में शिक्षकेत्तर कर्मचारी कलमबंद हड़ताल पर रहेंगे और सामूहिक धरना देंगे। इसके बाद 20 मई को विश्वविद्यालय मुख्यालयों पर कुलपतियों के समक्ष व्यापक धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। आंदोलन को और व्यापक बनाने के लिए जुलाई में बिहार विधानमंडल के समक्ष राज्यस्तरीय विशाल धरना आयोजित करने की योजना है जिसमें सभी जिलों के कर्मचारी भाग लेंगे। महासंघ ने चेतावनी दी है कि यदि इसके बाद भी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं होती है तो अगस्त 2026 से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जाएगी। महासंघ ने राज्य सरकार से जल्द पहल कर कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करने की मांग की है।

# मेडिकल की पढ़ाई के लिए प्रमाणपत्र जारी करने हेतु आवेदन की तिथि 28 मई तक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा प्रदान किये जा रहे विभिन्न हितलाभों में एक हितलाभ बीमित व्यक्तियों के बच्चों के लिए मेडिकल व डेंटल कॉलेजों में नामांकन के लिए आरक्षण भी है। बीमित व्यक्तियों के बच्चों को नीट की परीक्षा के आधार पर इएसआइ के मेडिकल कॉलेजों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में नामांकन हेतु एम.बी.बी.एस. के लिए 695, बी.डी.एस. कोर्स के लिए 28 तथा बीएससी नर्सिंग के लिए कुल 60 सीटों के लिए नोटिस जारी किया गया है जिसकी जानकारी इएसआइसी के वेबसाइट पर उपलब्ध है। कर्मचारी राज्य बीमा निगम, बिहार के क्षेत्रीय निदेशक सीए निरंजन कुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इसके तहत नामांकन के लिए क्षेत्रीय कार्यालय के स्तर से 'वार्ड ऑफ आई.पी प्रमाणपत्र' जारी किया जाता है जिसके लिए अभ्यर्थी को ऑनलाइन आवेदन करना होता है। क्षेत्रीय निदेशक ने यह भी बताया कि ऑनलाइन आवेदन के लिए लिंक 30 अप्रैल 2026 से प्रभावी हो चुका है तथा 28 मई 2026 तक आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने बीमित व्यक्तियों को समय पर 'वार्ड ऑफ आई.पी प्रमाणपत्र' के लिए आवेदन करने की अपील की जिससे की ससमय प्रमाण पत्र निर्गत करने की प्रक्रिया पूरी हो सके।

# आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय ने 'स्पेस क्लब ऑफ इंडिया' की पहल को दी मंजूरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** आर्यभट्ट नॉलेज यूनिवर्सिटी ने अंतरिक्ष शिक्षा, अनुसंधान तथा नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए स्पेस क्लब ऑफ इंडिया के साथ सहयोग के लिए सैद्धांतिक स्वीकति प्रदान की है। इस साझेदारी का मुख्य उद्देश्य राज्य और देश के छात्रों को अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बेहतर अवसर उपलब्ध कराना, उनकी वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करना तथा उन्हें भविष्य की उभरती हुई तकनीकों के लिए तैयार करना है। इस पहल के अंतर्गत कई प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों को आर्यभट्ट सदस्यता नेटवर्क से जोड़ा गया है। इनमें सीमेज, एमजीएम कॉलेज, ब्रैडफोर्ड कॉलेज, जिनवाणी मैनेजमेंट कॉलेज, एलएनएम एल पटना, हिमालय कॉलेज, मगध प्रोफेशनल इंस्टीट्यूट तथा चैतन्य कॉलेज शामिल हैं। इन संस्थानों के जुड़ने से छात्रों को एक व्यापक शैक्षणिक मंच प्राप्त होगा जहां वे ज्ञान, कौशल और संसाधनों का आदान-प्रदान कर सकेंगे। विश्वविद्यालय के अधिकारियों के अनुसार, यह सहयोग छात्रों के लिए अनुभवात्मक शिक्षा को बढ़ावा देगा जिससे वे केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित न रहकर वास्तविक परियोजनाओं, कार्यशालाओं और शोध गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी कर सकेंगे। इस पहल के माध्यम से छात्रों को अंतरिक्ष विज्ञान, उपग्रह प्रौद्योगिकी, डेटा विश्लेषण, एयरोस्पेस इंजीनियरिंग और संबंधित क्षेत्रों में प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

# सड़क निर्माण में लापरवाही पर संवेदक काली सूची में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** ग्रामीण कार्य विभाग ने निर्माण कार्य में लापरवाही और अनियमितता बरतने वाले संवेदक के विरुद्ध कड़ा रुख अपनाते हुए दंडात्मक कार्रवाई की है। छपरा-01 कार्य प्रमंडल के अंतर्गत मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना (अवशेष) के तहत संचालित दो सड़क परियोजनाओं, पेरारी से हरिजन टोलथा चमरहिया तथा नंदलाल सिंह कॉलेज से हरिजन टोला बेलदारी के निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितताएं सामने आने पर संबंधित संवेदक को अगले तीन वर्षों के लिए ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है। इन परियोजनाओं की निगरानी विभाग द्वारा की गई जांच में पाया गया कि कार्य प्राक्कलन के अनुरूप नहीं किया गया था और इसमें गुणवत्ता मानकों का घोर उल्लंघन किया गया है।

# कुशल युवा कार्यक्रम पर गहरा संकट : रिन्यूअल ठप, बैच बंद, हजारों युवाओं का भविष्य दांव पर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना/वैशाली।** राज्य के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण और रोजगार से जोड़ने वाली महत्वाकांक्षी योजना कुशल युवा प्रोग्राम (के.वाई.पी) इन दिनों गंभीर प्रशासनिक अव्यवस्था और अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है। 16 दिसंबर 2016 को शुरू हुई यह योजना, जो कभी बिहार के कौशल विकास की रीढ़ मानी जाती थी, आज खुद अस्तित्व के संकट से जूझती नजर आ रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस वर्ष केंद्रों का वार्षिक रिन्यूअल समय पर नहीं हो सका है जबकि सामान्यतः यह प्रक्रिया मार्च माह तक पूरी कर ली जाती थी। स्थिति तब और गंभीर हो गई जब दिसंबर 2025 बैच को अचानक बंद कर दिया गया जिससे हजारों छात्रों का प्रशिक्षण बीच में ही रुक गया। इससे उनके भविष्य और रोजगार की संभावनाओं पर सीधा असर पड़ा है। इस मुद्दे पर के.वाई.पी वेलफेयर सोसाइटी वैशाली के अध्यक्ष डॉ. आनंद रंजन झा ने वैशाली में आयोजित बैठक के दौरान चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हालात अत्यंत गंभीर हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में कई बार विभागीय अधिकारियों से संपर्क किया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान सामने नहीं आया है। इससे केंद्र संचालकों और छात्रों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

राज्यभर में संचालित लगभग 1800 से अधिक केंद्र जिनमें प्रत्येक संचालक ने 15 से 20 लाख रुपये तक का निवेश किया है, वर्तमान में आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। रिन्यूअल लंबित रहने, भुगतान में देरी और तकनीकी समस्याओं ने स्थिति को और जटिल बना दिया है।

सूत्रों के मुताबिक इस अव्यवस्था के पीछे कई कारण जिम्मेदार हैं जिनमें नीतिगत अस्थिरता, नए एवं अनुभवहीन नॉलेज पार्टनर की एंट्री, डी.आर.सी.सी वेरिफिकेशन में बाधाएं तथा पोर्टल संबंधी तकनीकी खामियां शामिल हैं।

# आर्म्स एक्ट में युवक को कठोर कैद की सजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना की एक अदालत ने अवैध पिस्तौल एवं गोली रखने के जुर्म में आज एक युवक को तीन वर्षों के सश्रम कारावास की सजा के साथ 4000 का जुर्माना भी किया। प्रथम श्रेणी की न्यायिक दण्डाधिकारी विनीता शंकर ने मामले में सुनवाई के बाद पटना के सुलतानगंज थाना क्षेत्र निवासी मोहम्मद यूनुस उर्फ मोहम्मद सुल्तान को शस्त्र अधिनियम की विभिन्न धाराओं में दोषी करार देने के बाद यह सजा सुनाई है। जुर्माने की राशि अदा नहीं करने पर दोषी को दो माह के कारावास की सजा अलग से भुगतनी होगी। मुख्य अभियोजन पदाधिकारी विद्यासागर एवं अभियोजन पदाधिकारी श्रीमती नेविका ने बताया कि 21 सितम्बर 2023 को विशेष वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एन आई टी मोड़ के निकट एक मोटरसाइकिल पर जा रहे दोषी एवं एक अन्य युवक को तलाशी के लिए रोकने का प्रयास किया तो दोनों मोटरसाइकिल से कूद कर भागने लगे। दोषी पकड़ा गया जबकि दूसरा युवक भागने में सफल रहा। दोषी की तलाशी में पुलिस ने उसके पास से एक देशी पिस्तौल के साथ चार जिंदा गोलियां भी बरामद की थीं। मामले की प्राथमिकी पीरबहोर थाने में दर्ज की गई थी।

# मछली उत्पादन में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे कदम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार का डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग मछली आहार उत्पादन में भी राज्य को आत्मनिर्भर बनाने के लिए तेजी से प्रयास कर रहा है। अब राज्य अपनी आवश्यकता के आधे से अधिक मछली आहार का उत्पादन खुद कर रहा है। विभाग के प्रयास से 79 फिश फीड मिल लगाए गए हैं जहां 50 हजार टन मछली आहार का उत्पादन हो रहा है। माना जा रहा है कि पूरक आहार उपलब्ध होने से राज्य में मछली की उत्पादकता एवं उत्पादन में तेजी से बढ़ोतरी होगी। राज्य सरकार मछली का चारा उत्पादन करने वाले फीड मिलों को कई तरह से सहायता दे रही है, ताकि अधिक से अधिक मछली चारा का उत्पादन हो सके। डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग की योजना के तहत फीड मिलों को विद्युत वित्तीय सहायता भी दी जा रही है। 100 टन प्रतिदिन उत्पादन क्षमता वाले फीड मिलों को 3 रुपये प्रति यूनिट, अधिकतम 2 लाख रुपये प्रति माह तथा अधिकतम 24 लाख रुपये प्रति वर्ष की दर से विद्युत वित्तीय सहायता राशि दी जा रही है।

**39 हजार टन मछलियों का निर्यात**

मछली उत्पादन में बिहार ने पहले ही आत्मनिर्भरता हासिल कर ली है। अब राज्य तेजी से निर्यात की दिशा में आगे बढ़ रहा है। राज्य के विभिन्न जिलों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, राज्य से 39.07 हजार टन मछलियां बाहर भेजी गई हैं, जिसमें नेपाल, सिलीगुड़ी, लुधियाना, अमृतसर, बनारस, गोरखपुर, देवरिया, कप्तानगंज, रांची तथा गोड्डा आदि प्रमुख शहर शामिल हैं। बिहार में उत्पादित मछलियों की मांग राज्य के बाहर लगातार बढ़ रही है। ऐसे में माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में बिहार से होने वाला मछलियों का निर्यात और बढ़ेगा।

**देश का चौथा बड़ा मछली उत्पादक राज्य बिहार**

वर्ष 2014-15 से 2024-25 तक मछली उत्पादन में करीब 100 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो चुकी है। वर्ष 2013-14 के आंकड़ों के मुताबिक, मछली उत्पादन में बिहार राष्ट्रीय रैंकिंग में नौवें स्थान पर था। वहीं, उत्पादन में वृद्धि के बाद वर्ष 2023-24 में बिहार चौथे स्थान पर आ गया है।

# जल संरक्षण की दिशा में काम कर रहा लघु जल संसाधन विभाग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जल-जीवन-हरियाली दिवस पर शेखपुरा स्थित जल भवन में आज कार्यक्रम आयोजित में जल-जीवन-हरियाली मिशन के निदेशक सुमित कुमार ने कहा कि जल संकट से बचाव और पर्यावरण सुरक्षा के लिहाज से तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का प्रयास आज सार्थक परिणाम लेकर सामने आया है। उन्होंने कहा कि अभियान के अवयवों के क्रियान्वयन में लघु जल संसाधन विभाग महत्वपूर्ण कड़ी का काम कर रहा है। अभियान की सफलता का ही परिणाम है कि आज राज्य में सिंचाई सुविधा, हरित आवरण बढ़ने के साथ-साथ भूगर्भ जल पुनर्भरण की नई राह बनी है। बता दें कि लघु संसाधन विभाग ने जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत राज्य भर में अभी तक जहां 1401 सार्वजनिक तालाबों, 861 आहर-पईन की योजनाओं का जीर्णोद्धार करने में सफलता हासिल किया है। साथ ही 90 चेक डैम की योजनाओं को भी पूरा किया जा चुका है। 15 विभागों के नोडल पदाधिकारियों की उपस्थिति में विभागीय अपर सचिव संगीता सिंह ने कहा कि बिहार की पारंपरिक जल संरचनाएं आहर, पइन, तालाब समृद्ध जल प्रबंधन की पहचान रही हैं। यह वर्षा जल संचयन के साथ-साथ सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने और पर्यावरणीय संतुलन को बनाए रखने में मदद करती हैं। लघु जल संसाधन विभाग की ओर से राज्य भर में करीब दो लाख 49 हजार 293 हेक्टेयर सिंचाई कमांड क्षेत्र के पुनर्स्थापन के साथ-साथ एक हजार 90 लाख घन मीटर जल संचयन क्षमता का विकास हुआ है। यह आंकड़े नहीं बल्कि धरातल पर देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि भविष्य के जल संकट की समस्याओं से निपटने के लिए जल संरक्षण को जन आंदोलन का रूप देने की जरूरत है।

CMYK

# जन शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु 19 मई से सहयोग शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम।** बिहार सरकार के निर्देशानुसार रोहतास जिले में जन शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण हेतु 'पंचायतवार सहयोग शिविर' का आयोजन प्रारंभ किया जा रहा है। यह प्रक्रिया 19 मई 2026 (मई के तृतीय मंगलवार) से प्रारंभ होगी और प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को पंचायतवार आयोजित की जाएगी। रोहतास जिले में 'सहयोग शिविर' आयोजित किए जाने के संबंध में 5 मई 2026 को जिलाधिकारी उदिता सिंह एवं पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य पंचायत स्तर पर सहयोग शिविरों के सफल आयोजन हेतु सभी आवश्यक तैयारियों की समीक्षा करना तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करना था। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को पंचायतवार सहयोग शिविर का आयोजन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही पूर्व से संचालित व्यवस्था के तहत प्रत्येक सप्ताह के सोमवार एवं शुक्रवार को भी विभिन्न प्रशासनिक स्तरों पर जन शिकायतों का निष्पादन निरंतर जारी रखा जाएगा। उन्होंने सभी संबंधित जिलास्तरीय पदाधिकारी एवं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया कि वे पंचायत स्तर पर स्थल विजिट कर जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर शिविर के लिए उपयुक्त स्थल का चयन करें तथा वहां आवेदकों के बैठने, पेयजल, छाया एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें साथ ही शिविर के आयोजन के संबंध में व्यापक प्रसार भी कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि शिविर आयोजन से कम से कम 30 दिन पूर्व से ही आवेदन प्राप्त किए जाएं तथा उनका प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करते हुए लंबित एवं निष्पादित मामलों की सूची संबंधित शिविर स्थल पर प्रदर्शित की जाए, ताकि पारदर्शिता बनी रहे। उन्होंने कहा कि राजस्व से संबंधित सभी लंबित मामलों का निष्पादन शिविर आयोजित होने से पूर्व ही सुनिश्चित किया जाए तथा इसकी अद्यतन स्थिति का प्रदर्शन भी शिविर में किया जाए। इसके अतिरिक्त सभी विभागों द्वारा भी प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों का निष्पादन शिविर का आयोजन से पूर्व करते हुए उसकी सूची शिविर में प्रदर्शित की जाए तथा सभी विभागीय पदाधिकारी अपनें विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी शिविर स्थल पर प्रदर्शित करें, ताकि आम नागरिकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी सुलभ रूप से प्राप्त हो सके। जिलाधिकारी ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य जन शिकायतों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है, ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान हेतु प्रखंड अथवा जिला मुख्यालय के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़े और पंचायत स्तर पर ही उन्हें संतोषजनक समाधान प्राप्त हो सके। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिकाधिक लोग इसमें भाग लेकर लाभान्वित हो सकें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनना एवं उनका समाधान सुनिश्चित करना ही इस शिविर का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने सभी पुलिस पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे आम नागरिकों के साथ संवेदनशील एवं सम्मानजनक व्यवहार करें, उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनें तथा जो समस्याएं उनके स्तर पर समाधान योग्य हों, उनका त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करें।

# डिजिटल अरेस्ट के नाम पर 86 लाख की ठगी, तीन साइबर अपराधी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**डिहरी ऑन-सोन।** जिले में साइबर ठगी के एक बड़े मामले का खुलासा करते हुए रोहतास पुलिस ने 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर की गई 86 लाख रुपये की ठगी में शामिल तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश के वाराणसी से की गई जहां से पुलिस ने आरोपितों को दबोचा। पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने सोमवार को साइबर थाना में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि 2 मई को शिवसागर थाना क्षेत्र के कोनार गांव निवासी मदन गोपाल पांडेय उर्फ श्याम नारायण पांडेय ने सूचना दी थी कि उनके बैंक खाते का इस्तेमाल साइबर ठगी में किया गया है जिसमें लगभग 86 लाख रुपये का लेन-देन हुआ है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपाधीक्षक सह साइबर थाना प्रभारी गौरव कुमार यादव के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन कर जांच शुरू की गई। तकनीकी अनुसंधान के दौरान पता चला कि वादी के खाते से जुड़े महाराष्ट्र में 'डिजिटल अरेस्ट' से संबंधित दो प्राथमिकी दर्ज है जिनमें क्रमशः 48 लाख और 38 लाख रुपये ट्रांजैक्शन हुआ था। जांच के क्रम में पुलिस ने इस साइबर गिरोह से जुड़े तीन आरोपितों को वाराणसी से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में उत्तर प्रदेश के बलिया जिला अंतर्गत सातवार निवासी पुरुषोत्तम सिंह, रोहतास के करगहर निवासी अनिल कुमार तथा शिवसागर के कोनार गांव निवासी राजीव कुमार चौबे शामिल हैं। पुलिस ने तीनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है और इस गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की तलाश में छापेमारी जारी है।

# शेरशाह सूरी महोत्सव 21 एवं 22 को

## शेरशाह सूरी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर बेहतर रील बनाने वाले होंगे पुरस्कृत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम।** शेरशाह सूरी महोत्सव 2026 पर सासाराम में 21 एवं 22 मई को कई सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। महोत्सव को लेकर रील प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता में सफल अभ्यर्थियों को नकद पुरस्कार भी दिया जाएगा। जिला सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी आशीष रंजन ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला प्रशासन की ओर से रील प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। रील शेरशाह सूरी के व्यक्तिव यार तेरा की रुकना व कृतित्व विषय पर बनाना होगा। रील की अवधि 30 सेंकेंड से 1.30 मिनट तक रहेगा।

रील ईमेल पर अपने नाम पता एवं मोबाइल नंबर के साथ भेजना है। रील भेजने की अंतिम तिथि 10 मई 2026 है। रील को गूगल ड्राइव पर भी अपलोड कर उसका लिंक ईमेल पर भेज सकते हैं। चयनित प्रतिभागियों को प्रथम पुरस्कार 5000 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 3000 रुपए एवं तृतीय पुरस्कार 2000 रुपए दिये जाएंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को पार्टिसिपेट प्रमाण पत्र दिया जायेगा।

# नाबालिग अपहरण मामले में आरोपित को डिहरी से दबोचा, किशोरी सकुशल बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढ़ीगोला(रोहतास)।** जिले के अकोढ़ीगोला थाना क्षेत्र से 9 अप्रैल को लापता हुई 17 वर्षीय किशोरी को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। इस मामले के मुख्य आरोपी पवन कुमार को डिहरी से गिरफ्तार किया गया है। बताते चलें कि अकोढ़ीगोला बाजार निवासी एक महिला ने थाने में आवेदन देकर बताया कि उनकी 17 वर्षीय बेटी 09 अप्रैल की शाम करीब 5:30 बजे बाजार से सब्जी लेने गई थी, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटी। परिजनों ने काफी खोजबीन की, पर पता नहीं चला। महिला के अनुसार बेटी के मोबाइल में मिले नए नंबर और रिकॉर्डिंग से पता चला कि नोखा थाना क्षेत्र के नोखा निवासी पवन कुमार, उम्र 20 वर्ष, पिता धन्जी पासवान और उसके पिता धन्जी पासवान, उम्र 40 वर्ष ने साजिश रचकर अपहरण कराया है। पूछने पर धन्जी पासवान ने बेटी को बेच देने और पुलिस में जाने पर जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में अकोढी गोला थानाध्यक्ष राकेश गोसाईं ने बताया कि आवेदन के आधार पर अकोढ़ीगोला थाना में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की है। अनुसंधान के क्रम में पुलिस ने आरोपी पवन कुमार को डिहरी से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की टीम ने किशोरी को भी सकुशल बरामद कर लिया है। इस संबंध में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# एसडीओ ने किया अनुमंडल अस्पताल का औचक निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** मंगलवार को अनुमंडल अधिकारी निलेश कुमार द्वारा अनुमण्डलीय अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में कुल कार्यरत बेड की सं.-50, विशेषज्ञ चिकित्सक स्वीकृत बल-16, कार्यरत विशेषज्ञ चिकित्सक-6, सामान्य चिकित्सक स्वीकृत बल-9, कार्यरत सामान्य चिकित्सक-7, दन्त चिकित्सक स्वीकृत बल-2, कार्यरत दन्त चिकित्सक 1, स्टाफ नर्स स्वीकृत बल-50, कार्यरत नर्स स्टाफ-24, निरीक्षण के समय ओपीडी पंजीकरण-118 मरीज, ई0सी0जी0 जांच-02 मरीज, एक्स-रे जांच 12 मरीज, निरीक्षण के समय तक फार्मेसी में 81 मरीज का दवा वितरण हो चुका था तथा कोई भी दवा एक्सपायर नहीं पाया गया एवं ई0डी0एल0 के अनुसार 293 दवा में 249 उपलब्ध था। निरीक्षण के समय सामान्य ओ0पी0डी0 में कुल 77 मरीज दन्त ओ0पी0डी0-23 मरीज एवं आंख, कान, गला रोग में 15 मरीज चिकित्सक के द्वारा इलाज किया गया था। पैथोलाजी जांच घर में 5 मरीज का पैथोलोजिकल जांच हो चुका था। हीट वेव वार्ड में 5 बेड एवं एसी लगा हुआ पाया गया। उक्त वार्ड में 15 तरह की आवश्यक जीवन रक्षक औषधियां पायी गयी। निरीक्षण के समय प्रसव वार्ड में 3 मरीज भर्ती पाये गये। अस्पताल में साफ-सफाई संतोषजनक था, बेड सतरंगी चादर बिछा हुआ था तथा भर्ती मरीजों को खाना एवं नास्ता दिया गया था। निरीक्षण के समय 3 चिकित्सक डॉ. प्रवीन कुमार सिंह, डॉ. राम लखन सिंह एवं डॉ. स्नेह वर्षा दन्त चिकित्सक एवं अस्पताल प्रबंधक उपस्थित थे तथा 10 स्टाफ नर्स मौजूद थी।

# मंडल रेल प्रबंधक ने किया पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन पर यात्री सुविधाओं का औचक निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**डिहरी ऑन-सोन।** पूर्व मध्य रेल के पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में यात्रियों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना द्वारा पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने स्टेशन पर आने-जाने वाली ट्रेनों के कोचों में जलापूर्ति व्यवस्था का विशेष रूप से जायजा लिया। इस क्रम में ट्रेन संख्या 12260, 12988 एवं 04064 के कोचों में उपलब्ध जलापूर्ति व्यवस्था, वाटरिंग की गुणवत्ता तथा निर्धारित समय में कार्य निष्पादन की समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि किसी भी कोच में पेयजल की उपलब्धता प्रभावित न हो तथा सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप समयबद्ध रूप से पूर्ण किए जाएं। इसके साथ ही मंडल रेल प्रबंधक ने प्लेटफार्मों पर साफ-सफाई, कूड़ा निष्पादन, यात्री उपयोग वाले क्षेत्रों की स्वच्छता तथा हाउसकीपिंग व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया का निरीक्षण करते हुए यात्रियों एवं वाहन आवागमन की व्यवस्था, स्वच्छता, सुगम आवाजाही तथा समुचित रखरखाव की समीक्षा की गई। सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित पार्क की नियमित देखरेख एवं उत्तम रखरखाव के लिए भी निर्देशित किया गया। मंडल रेल प्रबंधक ने संबंधित अधिकारियों को यात्रियों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए स्वच्छता, जलापूर्ति एवं स्टेशन प्रबंधन से जुड़े सभी कार्यों की सतत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद, अभियुक्त गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भभुआ।** कैमूर के दुर्गावती थाना क्षेत्र में पुलिस ने शराब तस्करों के विरुद्ध एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बहेरा रेलवे लाइन के समीप घेराबंदी कर एक सफेद रंग की बलेनो कार को रोका। तलाशी के दौरान वाहन के अंदर से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की गई। पुलिस के अनुसार कुल 557.85 लीटर विदेशी शराब जब्त की गई है जिसे तस्करी के लिए ले जाया जा रहा था। मौके से पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया जिसकी पहचान सोनू कुमार पिता-अजय राय, निवासी- दाउदपुर बगीचा, थाना- खगौल, जिला- पटना के रूप में हुई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि तस्करी में इस्तेमाल की गई लग्जरी कार को भी जब्त कर लिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ की जा रही है ताकि इस नेटवर्क से जुड़े अन्य धंधेबाजों का पता लगाया जा सके। स्थानीय पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। क्षेत्र में पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से शराब माफियाओं के बीच हड़कंप मचा हुआ है।

# 'पैरवी' एवं नारायण स्कूल ऑफ लॉ के संयुक्त तत्वावधान में पारा लीगल स्वयंसेवकों की दो दिवसीय क्षमता वर्धन कार्यशाला आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**डिहरी ऑन-सोन।** विधिक जागरूकता को सशक्त बनाने के उद्देश्य से पैरवी एवं नारायण स्कूल ऑफ लॉ के संयुक्त तत्वावधान में पारा लीगल स्वयंसेवकों के लिए दो दिवसीय क्षमता वर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विभिन्न क्षेत्रों से आए पारा लीगल स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य स्वयंसेवकों को विधिक अधिकारों, न्यायिक प्रक्रियाओं तथा समुदाय स्तर पर कानूनी सहायता प्रदान करने के प्रभावी तरीकों की जानकारी देना था। कार्यक्रम के दौरान पटना से आए विशेषज्ञ सुनील कुमार झा ने बाल अधिकार, महिला संरक्षण कानून, घरेलू हिंसा अधिनियम तथा कानूनी सहायता सेवाओं जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। वहीं पैरवी के कार्यक्रम अधिकारी दीनबंधु वत्स ने विधि के जोखिम में फंसे किशोरों और जेल में बंद गरीब लोगों को मुफ्त में जमानत कराने की योजना पर प्रकाश डाला। बाल अधिकार कार्यकर्ता संतोष उपाध्याय ने ग्रामीण क्षेत्रों में पारा लीगल स्वयं सेवकों के जमीनी कार्यों को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि गरीबों तक सुलभ न्याय पहुंचाने में ये बहुत प्रभावकारी हो सकते हैं। बाल कल्याण समिति रोहतास के सदस्य ददन पाण्डेय ने भी अपने विचार रखते हुए किशोर न्याय अधिनियम की चर्चा की। पहले दिन सत्रों में प्रतिभागियों को कानूनी प्रावधानों की मूलभूत समझ प्रदान की गई, वहीं दूसरे दिन व्यावहारिक प्रशिक्षण, केस स्टडी और समूह चर्चा के माध्यम से उनकी क्षमता को और मजबूत किया गया। प्रशिक्षकों ने स्वयंसेवकों को समुदाय में जागरूकता फैलाने तथा जरूरतमंद लोगों को उचित कानूनी सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित किया। इससे पूर्व पहले दिन पारा लीगल स्वयं सेवकों को किशोर न्याय परिषद का भ्रमण कराया गया और उसके कार्य प्रणाली की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार की कार्यशालाएं समाज में न्याय की पहुंच को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस अवसर पर कई गणमान्य अतिथि, विधि विशेषज्ञ एवं सामाजिक कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# अपर जिला एवं सत्र यायाधीश ने की समीक्षा बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज(रोहतास)।** 9 मई को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक एवं न्यायिक तंत्र ने कमर कस ली है। मंगलवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम ओम सागर की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक हुई जिसमें अनुमंडल क्षेत्र के सभी प्रमुख विभागों के अधिकारी शामिल हुए। बैठक में कार्यपालक दंडाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी थानाध्यक्ष, सर्किल इंस्पेक्टर सहित विद्युत, वन, नाप-तौल, ट्रैफिक चालान और श्रम विभाग के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। समीक्षा के दौरान वरीय अधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकतम मामलों का निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को त्वरित, सुलभ और प्रभावी न्याय मिल सके। बैठक में विभिन्न बैंकों से जुड़े लगभग 150 वारंट, नाप-तौल विभाग के लंबित वारंट, अनुमंडल न्यायालय में लंबित धारा 107 के मामले और नीलाम पत्रवाद से संबंधित प्रकरणों की गहन समीक्षा की गई। सभी विभागों को लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन के लिए युद्धस्तर पर कार्रवाई करने और लोक अदालत से पूर्व अधिकतम मामलों को तैयार रखने के निर्देश दिए गए। वरिष्ठ अधिकारियों ने आपसी समन्वय, जवाबदेही और सक्रियता पर विशेष जोर देते हुए कहा कि लोक अदालत आम जनता को त्वरित न्याय दिलाने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

## एससी-एसटी एक्ट के नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

**चेनारी।** थाना क्षेत्र के ग्राम रकबा के दिलीप कुमार सिंह उम्र 22 वर्ष पिता योगेंद्र सिंह, योगेंद्र कुमार सिंह उम्र करीब 45 वर्ष सीताराम सूरत सिंह ग्राम रकबा थाना चेनारी जिला रोहतास को विधिवत गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# जीयर स्वामी जी महाराज के सानिध्य में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ शुरु

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र के मोथा बावन बीघा पोखरे पर आस्था का महासंगम शुरू हो रहा है। यहां लक्ष्मी नारायण महायज्ञ और भगवान सूर्यनारायण की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा है। यज्ञ की तैयारियां अंतिम चरण में है। कारीगरों के साथ गांव के लोग भी रात-दिन एक करके जुटे रहे। कुंड और यज्ञ मंडप को खूबसूरती से सजाया जा चुका है। स्वामीजी की कुटिया, भोजनालय और प्रवचन पंडाल का काम भी देर रात तक पूरा कर लिया गया। समिति अध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि पोखरा के किनारे नवनिर्मित मंदिर में भगवान सूर्य की प्राण प्रतिष्ठा विख्यात संत श्रीलक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामीजी महाराज के सानिध्य में होगी। यह महायज्ञ 5 मई से 11 मई तक चलेगा। पूरे सात दिन धार्मिक अनुष्ठानों की धूम रहेगी। 6 मई को भव्य शोभा यात्रा निकलेगी और इसी के बीच जलभरी की रस्म अदा की जाएगी। 7 मई को अग्नि प्रवेश का विशेष अनुष्ठान होगा। महायज्ञ का समापन 11 मई को विशाल भंडारे के साथ होगा जहां हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। इस आयोजन को और दिव्य बनाने के लिए प्रयाग पीठाधीश्वर मुक्ति नाथ स्वामीजी तथा बनारस से पधारे रामेश्वराचार्य भोजपुरिया बाबा भी मौजूद रहेंगे।

# अज्ञात वृद्ध का शव बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज(रोहतास)।** थाना क्षेत्र के नटवार बाजार से करीब एक किलोमीटर दक्षिण नहर रोड के किनारे एक पेड़ के नीचे मंगलवार को लगभग 70 वर्षीय अज्ञात पुरुष का शव बरामद हुआ। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस संबंध में विक्रमगंज थाना अध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतक कि अब तक पहचान नहीं हो सकी है। मृतक की उम्र करीब 70 वर्ष है और उसने सामान्य कपड़े पहन रखे हैं। पहचान स्थापित करने के लिए मृतक की तस्वीर आसपास के क्षेत्रों में प्रसारित की जा रही है। पुलिस ने नटवर बाजार और आसपास के गांवों में मुनादी कराकर लोगों से अपील की है कि यदि कोई व्यक्ति लापता है तो तुरंत थाने से संपर्क करें। थाना अध्यक्ष ने कहा कि प्रथम दृष्टया शरीर पर किसी तरह के चोट के निशान नहीं मिले हैं। मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। फिलहाल शव को 72 घंटे तक पहचान के लिए रखा जाएगा।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

ई–निविदा नोटिस सं.– 08 ऑफ 2026–27/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू। मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा सं.–05–डीडीयू–मं.इंजी.–मुख्या. 26–27. कार्य का नाम एवं लोकेशन : एडीइएन/मुख्या./डीडीयू के अर्न्तगत स्टेशन भवन, डब्लू सी सी और एस बी आई सर्कुलेटिंग एरिया के पास गहरे ट्यूबवेल को बदलना, साथ ही पंप हाउस और आवेर हेड टैंक से पानी की सप्लाई के लिए पाईपलाईन का कनेक्शन देना। कार्य का अनुमानित लागत: ₹16704429.63, धरोहर राशि : ₹334100.00

2. निविदा सं.–03–डीडीयू–मं.इंजी.–मुख्या. 26–27. कार्य का नाम एवं लोकेशन : सहायक मंडल अभियंता/मुख्या./डीडीयू के अधीन डीडीयू में BSIS की शिकायत के अनुसार और यूरोपीय कॉलोनी में कब्जा बदलने के आधार पर अधिकारियों और कर्मचारियों के क्वार्टरों की सामान्य मरम्मत और पेंटिंग आदि का कार्य। कार्य का अनुमानित लागत : ₹18315225.24, धरोहर राशि : ₹366300.00

3. ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय : 21.05.2026, Up-to 12:00 hrs. 4. वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in. नोट :– विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबन्धक/
पूमरे/पं. दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/0175/डीडीयू/अभि./टी/26–27/44



**कार्यालय नगर पंचायत, छत्तरपुर**
Email Id –npchhattarpur2018@gmail.com

**अतिअल्पकालीन दर आमंत्रण सूचना संख्या– NPC-02/2026-27(2nd**

सर्वसाधारण आपूर्तिकर्त्ता को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, छत्तरपुर क्षेत्रान्तर्गत जलमीनारों की मरम्मती हेतू उच्च गुणवता वाला सामग्री का क्रय/आपूर्ति की जानी है। इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता दिनांक– 14.05.2026 को 11:00 बजे पूर्वाह्न से 01:00 बजे अपराहन् तक अपना कोटेशन् कार्यालय नगर पंचायत, छत्तरपुर में जमा कर सकते है। प्राप्त कोटेशन् को दिनांक–14.05.2026 को 01:30 बजे अपराहन् में कोटेशन्दाता या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में कार्यालय नगर पंचायत, छत्तरपुर में खोला जायेगा।

**नोट :– दर आमंत्रण सूचना के नियम एवं शर्तें तथा आपूर्ति की जाने वाली सामग्री की सूची कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।**

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, छतरपुर

PR 379043 District(26-27)#D



**कार्यालय: जिला शिक्षा अधीक्षक, गढ़वा**
समाहरणालय परिसर, विकास भवन-बी, प्रथम तल्ला
Email ID – garhwamdm@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग के विज्ञापन सं0–13/2023 के आलोक में झारखण्ड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा–2023 के आधार पर इंटरमिडियट प्रशिक्षित सहायक आचार्य (कक्षा 1 से 5) एवं स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य (कक्षा 6 से 8) विषय– सामाजिक विज्ञान, गणित एवं विज्ञान तथा भाषा के पद पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा सफल एवं अनुशंसित अभ्यर्थियों की सूची जॉच प्रत्रक के साथ दिनांक 08.05.2026 को काउंसिलिंग हेतु जिले के अधिकारिक वेबसाईट www.garhwa.nic.in पर अपलोड कर दिया गया है। अभ्यर्थी काउंसिलिंग से संबंधित जानकारी प्राप्त करने हेतु हेल्पलाईन नं0 9304515448, 8210307876 पर सम्पर्क कर सकते है।

अतः संबंधित सफल अभ्यर्थी निर्धारित तिथि, समय एवं स्थल में काउंसिलिंग हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगें। अनुपस्थिति की स्थिति में अभ्यर्थियों की जवाबदेही स्वयं की होगी।

**काउंसिलिंग स्थल एवं समय–**
कार्यालय– जिला शिक्षा अधीक्षक, गढ़वा के सभागार कक्ष, पुराना समाहरणालय।
दिनांक– 08.05.2026
समय– पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक।

विश्वासभाजन
जिला शिक्षा अधीक्षक,
गढ़वा

PR 379058 Human Resource Developement (26-27)_D

# संवेदनशील स्थानों पर रहेगी विशेष निगरानी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। जिलाधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी की संयुक्त अध्यक्षता में आरआईसीसी राजगीर में मलमास मेला 2026 के सफल आयोजन हेतु पूर्व तैयारियों की संबंधित विभाग के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। विदित हो कि आगामी मलमास मेला का आयोजन 17 मई 2026 से 15 जून 2026 तक कार्यक्रम राजगीर में निर्धारित है, इस अवसर पर आस्था के साथ भारी तादाद में ब्रह्म कुंड में स्नान करने लिए लोग यहां दूर-दूर से पहुंचते हैं। इस बैठक में मलमास मेला के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, भीड़ तंत्र पर नियंत्रण, आपातकालीन सेवाओं, स्वच्छता, पेयजल, विद्युत व्यवस्था एवं स्वास्थ्य सुविधाओं,



शरण स्थली, शौचालय ,चेंजिंग रूम,साफ सफाई, नियंत्रण कक्ष, हेल्प डेस्क,आवासन, खानपान, मैकिंग, हाई मास्ट लाइटिंग, ट्रैफिक चेक पोस्ट, श्रद्धालुओं की सेवा के लिए निर्धारित शुल्क पर बस, ई रिक्शा से परिवहन की व्यवस्था, बैरिकेडिंग, अग्निशमन से सुरक्षा व्यवस्था, मोबाइल शौचालय आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा करते हुए उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित सभी विभागों के पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि मेला अवधि के दौरान आमजन ,श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मलमास मेला के मद्देनजर सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारियों, पुलिस बल, महिला पुलिस एवं स्वयंसेवकों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा सीसीटीवी कैमरों एवं ड्रोन के माध्यम से भीड़ तंत्र पर सतत् नजर रखी जाएगी साथ ही असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए एआई काउंटर, मोबाइल एप, वेबसाइट का प्रबंध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वैतरणी घाट पर भारी तादाद में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस घाट की साफ सफाई, मरम्मती सौंदर्यीकरण का कार्य हर हाल में पूर्ण किया जाए। शाही स्नान में लगने वाली भीड़ पर नियंत्रण हेतु विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी, श्रद्धालुओं का प्रवेश एवं निकास द्वार पर विशेष चौकसी बरती जाएगी। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता राजस्व, वरीय उप समाहर्ता बैंकिंग, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा, संबंधित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सहित भवन, लघु सिंचाई, विद्युत, पीएचइडी, नगर परिषद सभी संबंधित विभाग के पदाधिकारी गण आदि उपस्थित थे।

# डीएम ने किया जनगणना कार्य का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने मुरौरा पंचायत अंतर्गत ग्राम विस्कुरवा में चल रहे जनगणना कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने घर-घर जाकर चल रहे सर्वेक्षण कार्य का जायजा लिया तथा गणनाकारों द्वारा भरे जा रहे प्रपत्रों की बारीकी से जांच की। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि जनगणना का कार्य पूरी पारदर्शिता, सटीकता एवं निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया जाए, ताकि भविष्य की सरकारी योजनाओं के लिए सही और विश्वसनीय आंकड़े उपलब्ध हो सकें। उन्होंने प्रगणकों से कार्य की प्रगति की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। बताया गया कि भारत की जनगणना 2027 देश की 16वीं तथा स्वतंत्रता के बाद 8वीं जनगणना होगी, जिसे पहली बार पूरी तरह पेपरलेस तरीके से मोबाइल ऐप के



माध्यम से संपन्न कराया जाएगा। जनगणना कार्य दो चरणों में आयोजित किया जा रहा है। पहला चरण मकान सूचीकरण का है, जो 2 मई से 31 मई तक चलेगा। दूसरा चरण वास्तविक जनगणना का होगा, जिसकी संभावित तिथि फरवरी 2027 निर्धारित है। पहली बार आम जनता के लिए स्वगणना की व्यवस्था भी लागू की गई, जिसके तहत अप्रैल से 1 मई 2026 तक लोगों ने ऑनलाइन माध्यम से स्वयं अपनी जानकारी दर्ज की। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि प्रगणक प्रत्येक घर में भवन संख्या एवं मकान संख्या अंकित करेंगे। जो लोग स्वगणना कर चुके हैं, उनसे उनकी पहचान संख्या लेकर उसका जमीनी स्तर पर सत्यापन किया जाएगा। संतुष्ट होने पर डाटा को सबमिट किया जाएगा, जिसे सुपरवाइजर एवं आगे चार्ज स्तर पर सत्यापित करेंगे। वहीं, जिन्होंने स्वगणना नहीं किया है, उनसे प्रगणक विभिन्न प्रकार की जानकारियां प्राप्त कर उनका सत्यापन करेंगे।

# पीड़ित के परिजनों को बीडीओ ने प्रदान की सहायता राशि



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। 25 अप्रैल को कौआकोल थाना क्षेत्र की सीमावर्ती गड़ही डैम में स्नान करने के दौरान डूबकर हुई दो युवकों की दर्दनाक मौत के बाद मंगलवार को पीड़ित परिवारों को सरकारी सहायता प्रदान की गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) डॉ. अखिलेश कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में मृतक के आश्रितों को मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना के तहत बीस-बीस हजार रुपये की सहायता राशि का चेक सौंपा। इस दरम्यान उन्होंने घटना पर काफी दुःख जताते हुए पीड़ित परिवार को सांत्वना भी दिया। बताया जाता है कि ईटपकवा गांव निवासी मोहम्मद अफजल (पिता–मोहम्मद मनौवर अंसारी) एवं मोहम्मद समीर आलम (पिता–मोहम्मद सरफराज आलम) की गड़ही डैम में स्नान करने के दौरान डूबने से मौत हो गई थी। बीडीओ ने मृतक मोहम्मद अफजल की माता इसरत बानो तथा मोहम्मद समीर आलम की माता रेहाना खातून को सहायता राशि प्रदान करते हुए संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर प्रखंड नाजिर गोपाल कुमार, देवनगढ़ सरपंच प्रतिनिधि इलियास रिजवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# द्वितीय अपील के तहत मामलों का ऑन-द-स्पॉट निस्तारण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने कार्यालय प्रकोष्ठ में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपील की सुनवाई की। द्वितीय अपील के तहत चार परिवादी उपस्थित हुए, जिनमें से तीन मामलों का ऑन-द-स्पॉट निवारण किया गया। प्रस्तुत द्वितीय अपीलवादों में शम्भू प्रसाद द्वारा व्यावसायिक विद्युत कनेक्शन को घरेलू कनेक्शन में परिवर्तित करने, अब्दुल हामिद मलिक द्वारा विद्युत पावर हाउस, रोह के द्वारा उनकी निजी जमीन अधिग्रहण से संबंधित मामले तथा विनय कुमार द्वारा उपार्जित अवकाश की स्वीकृति एवं माह अगस्त 2025 के बकाया वेतन भुगतान से संबंधित मामलों में ऑनलाइन द्वितीय अपील दायर की गई थी। संबंधित पदाधिकारियों द्वारा जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के उपरांत आज शिकायतों का निष्पादन कर दिया गया। बिहार लोक शिकायत निवारण अधिनियम, 2015 के तहत



किसी भी मामले की सुनवाई कर दो माह के भीतर उसका निवारण किया जाता है। प्रखंड स्तर पर पंचायतों से संबंधित विवादों एवं समस्याओं के समाधान हेतु अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण कार्यालय, नवादा सदर एवं रजौली में कोई भी व्यक्ति अपील कर सकता है। वहीं, जिला स्तरीय समस्याओं एवं परिवादों के निवारण के लिए जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नवादा का कार्यालय समाहरणालय के मुख्य प्रवेश द्वार के दाहिनी ओर स्थित लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम भवन में संचालित है। विवादों की सुनवाई एवं निवारण दोनों पक्षों को बुलाकर किया जाता है तथा इसके लिए किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाता है। शिकायत दर्ज करने एवं निवारण की निःशुल्क व्यवस्था उपलब्ध है तथा आदेश से असंतुष्ट होने पर निःशुल्क अपील भी दायर की जा सकती है। अब शिकायतों का निवारण और भी सरल हो गया है तथा नागरिक ऑनलाइन माध्यम से भी शिकायत एवं अपील दर्ज कर सकते हैं। आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के अंतर्गत अपनी शिकायत दर्ज कराएं एवं निर्धारित समय-सीमा के भीतर समाधान प्राप्त करें।

# पूण्य तिथि पर शिद्दत के साथ याद किये गये समाजसेवी प्रकाश जैन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा**। जन मानस को मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने को लेकर धारदार आंदोलन करने वाले जाने-माने समाजसेवी एवं पत्रकार प्रकाश जैन को उनके 14वें पूण्य दिवस पर शिद्दत के साथ याद किया गया। इस अवसर पर स्व. प्रकाश जैन के अग्रज पत्रकार दीपक जैन के आवास पर णमोकार महामंत्र एवं शांति पाठ का आयोजन किया गया। अनुष्ठान में उपस्थित स्वजनों एवं शुभचिंतकों ने दिवंगत प्रकाश के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर उनके प्रति भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की एवं उनकी आत्मा की शांति के लिए जिनेंद्र प्रभु से प्रार्थना की। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने स्व. प्रकाश जैन के व्यक्तित्व एवं कीर्तित्व का भी स्मरण किया। उपस्थित लोगों ने कहा कि स्व. प्रकाश का जीवन समाज सेवा को समर्पित था। वे सदैव निर्धन, लाचार



एवं जरूरतमंदों की सहायता को तत्पर रहते थे। उनके द्वारा बेहतर स्वास्थ्य सेवा, विद्युत सेवा एवं केजी रेल लाइन पर बेहतर रेल सेवा सहित जनमानस को मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराये जाने को लेकर विभिन्न स्तर पर किये गये प्रभावशाली, धारदार व अद्वितीय साहसिक आंदोलन-अनशन को जनमानस में सदैव स्मरणीय एवं अनुकरणीय रहेंगे। दिवंगत प्रकाश जैन के पुण्य दिवस पर आयोजित इस शांति अनुष्ठान में पत्रकार दीपक जैन, लक्ष्मी जैन, श्रद्धा जैन, श्रुति जैन, श्रेया जैन एवं श्रेयश जैन सहित कई अन्य सम्मिलित हुए।

# मोटर दुर्घटना दावा वाद के अधिक से अधिक निष्पादन हेतु बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार आशुतोष कुमार झा के निर्देश में 9 मई 2026 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु एम.ए.सी.टी. के सुलहनीय योग्य वादों के अधिक से अधिक निष्पादन के संबंध में विचार-विमर्श हेतु विद्वान अधिवक्तागण एवं वादी पक्ष के विद्वान अधिवक्तागण के साथ बैठक की गई। बैठक के क्रम में विभिन्न इंश्योरेंस कंपनियों के विद्वान अधिवक्तागण ने आश्वस्त किया कि वे अपने-अपने कंपनियों से वादों के निष्पादन के संबंध में लगातार बातचीत कर रहे हैं तथा




उनसे संपर्क बनाए हुए हैं, जिससे कि अधिक से अधिक वादों का निष्पादन राष्ट्रीय लोक अदालत में किया जा सके। इसी क्रम में एम.ए.सी.टी. के विभिन्न न्यायालयों से प्राप्त नोटिसों के तामिला के संबंध में भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में उपस्थित वादी पक्ष के विद्वान अधिवक्तागण ने भी आश्वस्त किया कि वे पक्षकारों एवं कंपनियों के बीच सुलह की प्रक्रिया निरंतर जारी रखे हुए हैं, ताकि उभय पक्षों के बीच सुलह के आधार पर सुलहनीय योग्य एम.ए.सी.टी. वादों का अधिक से अधिक निष्पादन आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा सभी कंपनियों के अधिवक्ताओं को निर्देश दिया गया कि एम.ए.सी.टी. वादों में सुलहनीय योग्य मामलों का अधिक से अधिक निष्पादन राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से कराया जाए। बैठक में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के अतिरिक्त विभिन्न इंश्योरेंस कंपनियों के विद्वान अधिवक्तागण क्रमशः रामानुज शर्मा, रोहित सिन्हा, विनोद कुमार, बरकतउल्ला खान, राजेश कृष्ण, निरंजन कुमार सिंह, अमिताभ राजीव, रेखा कुमारी, उपेन्द्र कुमार तथा लोक अदालत, नवादा के पेशकार सुशील कुमार उपस्थित थे।

# छात्राओं को लगाया गया सर्वाइकल कैंसर का टीका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। प्रखण्ड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय रुस्तमपुर में मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा सर्वाइकल कैंसर से बचाव को लेकर टीकाकरण सह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की छात्राओं को एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीका लगाया गया। स्वास्थ्यकर्मियों ने छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर के कारण,लक्षण एवं बचाव के उपायों की जानकारी देते हुए बताया कि समय पर टीकाकरण इस बीमारी से सुरक्षा का प्रभावी माध्यम है। साथ ही छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने, नियमित




स्वास्थ्य जांच कराने तथा स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक कुमार गौरव, शिक्षकगण एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मी उपस्थित रहे।

# तीन दिवसीय अखंड रामधुन यज्ञ शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। प्रखंड क्षेत्र के मंझिला पंचायत अंतर्गत कोल्हुआर गांव में धार्मिक आस्था एवं भक्ति भाव के साथ तीन दिवसीय अखंड रामधुन यज्ञ का शुभारंभ मंगलवार की देर शाम किया गया। आयोजन को लेकर गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में उत्साह का माहौल बना हुआ है। कार्यक्रम का आयोजन समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। आयोजन की शुरुआत मंगलवार को संध्या 7 बजे दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इसके पश्चात बुधवार की सुबह 7 बजे से अखंड रामधुन प्रारंभ होगा, जिसमें श्रद्धालु लगातार भगवान श्रीराम के नाम का संकीर्तन करेंगे।

# सिलाव के महादलित टोला में शौचालय निर्माण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ**। सिलाव प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत माहुरी में स्वच्छता को लेकर एक सराहनीय पहल की गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रहलाद कुमार द्वारा महादलित टोले में शौचालय निर्माण जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान बीडीओ प्रहलाद कुमार ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि सभी योग्य लाभुकों के घरों में शौचालय का निर्माण हो। इसके लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस टोले में अब तक चार शौचालयों का निर्माण हो चुका है और शेष पात्र लाभुकों को भी प्रोत्साहित किया




जा रहा है, ताकि वे सरकारी सहायता का लाभ लेकर अपने घरों में शौचालय बनवा सकें। कार्यक्रम के दौरान रीता देवी (पति—सुनील चौधरी) के घर में व्यक्तिगत शौचालय निर्माण पूर्ण होने पर परिवार में खुशी का माहौल देखा गया। परिवार के बुजुर्ग मुखिया साजन चौधरी ने भावुक होकर कहा कि पहले उन्हें शौच के लिए पड़ोसी के घर जाना पड़ता था, लेकिन अब अपने घर में शौचालय बन जाने से पूरे परिवार को बड़ी सुविधा मिली है। इस मौके पर जिला सलाहकार रोहित कुमार, प्रखंड समन्वयक संजय कुमार, वार रूम कर्मी मोहन कुमार, स्वच्छता पर्यवेक्षक अनुज कुमार सहित स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से स्वच्छता और सम्मान के महत्व को लेकर लोगों को जागरूक किया गया।

# भाजपा की प्रचंड जीत पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

**नबिटा संवाददाता**

**नगरनौसा(नालंदा)**। पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव में तीन राज्यों में भाजपा को मिली अपार सफलता पर नगरनौसा प्रखंड भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिला अबीर गुलाल लगा जश्न मनाया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि भाजपा भारत को एक सुदृढ़, समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृतसंकल्प है। आज ये ऐतिहासिक जीत भाजपा के प्रति आम लोगों के विश्वास का



प्रतीक हैं।भाजपा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, और सबका प्रयास मूल मंत्र पर लोगों की सेवा करता है। भाजपा बिना भेदभाव किए लोगों की सेवा में लगा हुआ है आज उसी विश्वास का यह जीत हैं। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष अभय नंदन पांडेय, अमरजीत सिंह, प्रणवदेव आनंद, प्रियंका कुमारी, राज श्री सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता व नेता उपस्थित थे।

# जिलाधिकारी ने किया इवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा**। जिलाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस में सुरक्षित रखी गई इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन एवं वीवीपैट की सुरक्षा व्यवस्था, रख-रखाव एवं निगरानी प्रणाली की विस्तृत समीक्षा की गई। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को इवीएम की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि वेयरहाउस में सभी निर्धारित मानकों एवं निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण रूप से उपलब्ध रहें। इस अवसर पर अवर निर्वाचन पदाधिकारी मो० हैदर हैदरी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# घरेलू विवाद से परेशान महिला ने जहर खाकर की आत्महत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ**। चंडी थाना क्षेत्र के गंगा बिगहा गांव में मंगलवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां पारिवारिक विवाद से परेशान एक 30 वर्षीया महिला ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान शंभू बिंद की पत्नी मिन्तु देवी के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मिन्तु देवी पिछले कई दिनों से घर में चल रहे विवाद को लेकर मानसिक तनाव में थीं। इसी तनाव के कारण उन्होंने यह आत्मघाती कदम उठाया। मृतका के पिता रामप्रवेश बिंद, जो औंगारी थाना क्षेत्र के हिराय बिगहा गांव के निवासी हैं ने बताया कि उनकी बेटी घरेलू कलह से काफी परेशान थी। परिजनों ने जब उन्हें अचेत अवस्था में देखा तो तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही चंडी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी अखिलेश झा ने बताया कि मृतका के पिता के लिखित आवेदन के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। आवेदन में पारिवारिक विवाद के कारण आत्महत्या का उल्लेख किया गया है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की छानबीन कर रही है।

# शराब के साथ चार महिलाओं सहित पांच गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा(नालंदा)**। नगरनौसा पुलिस ने मंगलवार के दिन वाहन जांच के दौरान एक बोतल देशी शराब के साथ चार महिला सहित कार चालक को गिरफ्तार किया। गिरप्तार चालक की पहचान पटना जिला अथमलगोला थाना क्षेत्र के राजपुरा गांव निवासी धर्मेन्द्र कुमार,मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत काटी थाना क्षेत्र के विश्वनाथपुर गांव निवासी दुर्गा कुमारी, उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिला अंतर्गत पटहेरवा थाना क्षेत्र के पटखौली गांव निवासी कविता जायसवाल, रोहतास जिला अंतर्गत सासाराम थाना क्षेत्र के मिश्रीपुर गांव निवासी चंचली कुमारी एवं मुंगेर जिला अंतर्गत वासुदेवपुर थाना क्षेत्र के चंडी गांव निवासी खुशबु चौधरी शामिल हैं। सभी चार महिला सहित चालक को नए उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने जीत पर बांटी मिठाई, खूब उड़ाए अबीर गुलाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। पश्चिम बंगाल में एनडीए की प्रचंड जीत एवं असम तथा पुडुचेरी में पूर्ण बहुमत से पुनः सत्ता में वापसी पर भाजपा कार्यकर्ताओं में काफी खुशी देखी जा रही है। कौआकोल बाजार में मंगलवार की देर शाम भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर एवं एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर प्रचंड जीत पर जश्न मनाया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व की जीत है। मौके पर




भाजपा के पूर्व मण्डल अध्यक्ष अजीत कुमार वर्मा, छोटू मालाकार, संजय कुमार, राजेश कुमार, माधुरी वर्मा, सूरज कुमार आदि मौजूद रहे।

# डॉ. प्रेम कुमार ने अधिकतम कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर दिया जोर

## मंत्रिमंडल विस्तार कार्यक्रम को लेकर गया में भाजपा की बैठक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** मंगलवार को बिहार सरकार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में गुरुवार को पटना के गांधी मैदान में आयोजित होने वाले मंत्रिमंडल विस्तार कार्यक्रम को लेकर भारतीय जनता पार्टी गया शहर विधानसभा की एक महत्वपूर्ण बैठक गया परिषदन में आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई केंद्रीय मंत्रियों एवं विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों के प्रस्तावित आगमन को देखते हुए कार्यक्रम की व्यापक तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा संयोजक रमेश गुप्ता ने की जबकि संचालन विधानसभा प्रभारी नीरज कुमार निश्चल उर्फ मुन्नीलाल द्वारा किया गया। बैठक के दौरान गुरुवार को पटना के गांधी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में गया जिला से अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत रणनीति बनाई गई। निर्णय लिया गया कि कार्यकर्ता ट्रेन, निजी वाहनों तथा विभिन्न बसों के माध्यम से पटना के लिए प्रस्थान करेंगे। इसके साथ ही गया शहर के विभिन्न क्षेत्रों से कार्यकर्ताओं को ले जाने हेतु पर्याप्त वाहनों की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। यह भी तय किया गया कि गुरुवार की सुबह 9:00 बजे सभी वाहन अपने-अपने निर्धारित स्थानों से एक साथ पटना के लिए प्रस्थान करेंगे, ताकि कार्यकर्ता समय पर कार्यक्रम स्थल पर पहुंच सकें। बैठक में प्रदेश सदस्य ओबीसी मोर्चा राजनंदन प्रसाद गांधी, जिला महामंत्री पप्पू चंद्रवंशी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष करुणा सिंह, जिला उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिन्हा, रंजीत कुमार, विनोद दांगी, संजय सिंह, अनिल गुप्ता, गौतम कुमार, गोपाल चंद्रवंशी, हरि यादव, विमला देवी, रीता देवी, मुकेश कुमार, जितेंद्र कुमार, सुरेंद्र कुमार राय, धर्मेंद्र, मोहन शर्मा, डॉ. जेड खान, संतोष सिंह, देवानंद पासवान, सहलाल सिद्दीकी, शिव नारायण सिंह चंद्रवंशी, शंभू यादव, अशोक साहनी, राम पुकार सिंह, कुंदन शरण, विकास कुमार, शिव मांझी, पवन कुमार, रौनक सिंह, सेठ शिव मांझी, मोहम्मद वाहिद अली, सूरज राणा, धीरू सिंह, बंटी वर्मा, राजेश कुमार, संतोष बारिक, सुरेंद्र कुमार यादव, अनिरुद्ध प्रसाद, साकेत कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष ने किया वियतनाम के राष्ट्रपति का स्वागत

## भारत-वियतनाम सांस्कृतिक संबंधों को मजबूती देने पर जोर





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने वियतनाम के राष्ट्रपति टो लाम का गया जी एयरपोर्ट पर औपचारिक स्वागत किया। इस अवसर पर राज्यपाल सैयद अताउल हसनैन भी उपस्थित रहे जिससे कार्यक्रम की गरिमा और बढ़ गई। एयरपोर्ट पर राष्ट्रपति के आगमन को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। सभी कूटनीतिक प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन किया गया। टो लाम तीन दिवसीय भारत यात्रा पर हैं और इसी क्रम में उनका बिहार दौरा तय था। गया पहुंचने के बाद वे सीधे बोधगया के लिए रवाना हुए जहां उनके स्वागत के लिए स्थानीय प्रशासन एवं बौद्ध समुदाय पहले से तैयार था। यह यात्रा भारत-वियतनाम संबंधों के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए गया और बोधगया में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। एयरपोर्ट से लेकर महाबोधि मंदिर तक हर जगह पुलिस बल और सुरक्षा एजेंसियां तैनात रहीं। चप्पे-चप्पे पर निगरानी रखी गई और किसी भी प्रकार की चूक से बचने के लिए विशेष सतर्कता बरती गई। अधिकारियों के अनुसार राष्ट्रपति अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत बोधगया से वापस गया एयरपोर्ट लौटेंगे और वहां से दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे। यह यात्रा न केवल धार्मिक दृष्टि से अहम है, बल्कि इससे भारत और वियतनाम के बीच मित्रता और सहयोग के संबंधों को भी नई मजबूती मिलने की उम्मीद है।

# गया में वज्रपात का कहर, तीन नाबालिगों की दर्दनाक मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** गया जिले के शेरघाटी थाना क्षेत्र के योगापुर गांव में सोमवार की शाम वज्रपात ने ऐसा कहर बरपाया कि तीन नाबालिग बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। आम चुनने बगीचे गए बच्चों पर अचानक आकाशीय बिजली गिर गई जिससे पूरे गांव में मातम पसर गया। मृतकों की पहचान सुरेंद्र मांझी के 15 वर्षीय पुत्र दिलकेश्वर कुमार, स्व. छोटू मांझी के 14 वर्षीय पुत्र संदीप कुमार तथा राजेंद्र मांझी के रूप 16 वर्षीय पुत्र गौतम कुमार के रूप में हुई है। तीनों बच्चे गांव के समीप बगीचे में आम चुनने गए थे, तभी अचानक मौसम खराब हुआ और तेज गर्जना के साथ वज्रपात हो गया। ग्रामीणों ने सभी बच्चों को आनन-फानन में शेरघाटी अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही प्रखंड विकास पदाधिकारी स्नेहिल आनंद, अंचलाधिकारी अमित कुमार, प्रखंड प्रमुख नरेश मांझी एवं थानाध्यक्ष मोहन कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने पीड़ित परिवारों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। शेरघाटी प्रभारी सीओ अमित कुमार ने बताया कि यह बेहद दुखद घटना है। सरकार की ओर से आपदा राहत के तहत मृतक के परिजनों को निर्धारित मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मृतक के आश्रितों को आपदा प्रबंधन विभाग के प्रावधान के अनुसार 4 लाख रुपये की सहायता राशि दी जाएगी,वही तत्काल 20-20हजार दीया जा रहा है। वहीं प्रखंड प्रमुख नरेश मांझी ने इस घटना को अत्यंत दुखद बताते हुए कहा कि प्रशासन और जनप्रतिनिधि हर स्तर पर पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं और उन्हें हर संभव सहायता दिलाई जाएगी। इस दर्दनाक हादसे ने योगापुर गांव को गहरे सदमे में डाल दिया है। तीन मासूमों की असमय मौत से हर आंख नम है और गांव में शोक का माहौल कायम है।

# पांडुलिपि संरक्षण में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को डीएम ने किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** मंगलवार को ज्ञान भारतम मिशन के अंतर्गत पांडुलिपि संरक्षण एवं डिजिटाइजेशन के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों के सम्मान में समाहरणालय सभागार, गया में समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी गया शशांक शुभंकर द्वारा अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर ने कहा कि पूरे बिहार में गया जिला पांडुलिपि संरक्षण एवं डिजिटाइजेशन के क्षेत्र में दूसरे स्थान पर रहा है। उन्होंने कहा कि इस कार्य में जुड़े सभी लोगों ने सराहनीय योगदान दिया है और




उनके प्रयासों से अन्य लोग भी प्रेरित होंगे तथा पांडुलिपि संरक्षण में प्रशासन को आगे भी सहयोग करेंगे। कार्यक्रम जिले में सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण एवं उनके डिजिटलीकरण की दिशा में किए जा रहे सतत प्रयासों का महत्वपूर्ण चरण रहा। इस पहल के माध्यम से प्राचीन पांडुलिपियों को सुरक्षित करने के साथ-साथ आधुनिक तकनीक के जरिए डिजिटल स्वरूप में संरक्षित कर भविष्य की पीढ़ियों के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है। गया जिला अंतर्गत बोधगया मठ, मगध विश्वविद्यालय पुस्तकालय, समाहरणालय पुस्तकालय, जिला अभिलेखागार, अन्य सरकारी कार्यालयों तथा निजी व्यक्तियों के पास संरक्षित पांडुलिपियों का व्यापक सर्वेक्षण एवं सत्यापन कार्य संपन्न किया गया। इस प्रक्रिया में कुल 1,21,938 पांडुलिपियों का सफल सत्यापन किया जाना एक उल्लेखनीय उपलब्धि मानी जा रही है जो जिले की समृद्ध ऐतिहासिक, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक विरासत को दर्शाता है। इस अवसर पर पांडुलिपि संरक्षण एवं डिजिटाइजेशन कार्य में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले शंभूनाथ विट्ठल, राजेंद्र कुमार सिजुआर, चिंटू लाल झांगर, रंजीत भैया, कृष्ण लाल भैया, विनोद लाल मेहरवार, अजय सिंह, बिके मंगलम, परमानंद मिश्रा, आकाश कुमार, संजय कुमार उर्फ स्वामी श्री सुदर्शन आचार्य महाराज सहित अन्य लोगों को सम्मानित किया गया। इन सभी ने पांडुलिपियों के संकलन, सत्यापन एवं संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाई है। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि, शिक्षाविद, शोधकर्ता, साहित्यकार, अभिलेखागार विशेषज्ञ तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। साथ ही, कार्यक्रम के दौरान पांडुलिपि संरक्षण एवं डिजिटाइजेशन से जुड़े अनुभवों, चुनौतियों एवं उपलब्धियों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

# सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले में चार अभियुक्त गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** पुलिस पर हमला और सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले में पुलिस ने चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में डिहुरा के राकेश पासवान, बारहभट बिगहा के बाल कुमार मांझी, डिहुरा टोला दरियापुर के रामचंद्र पासवान उर्फ रामा और विकास कुमार शामिल हैं। जानकारी के अनुसार बीते शनिवार को डिहुरा गांव के पास मुख्य सड़क के पास एक ट्रक से हुई सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत की सूचना पर अलीपुर थाने की पुलिस पहुंची थी। वहां काफी संख्या में लोग सड़क पर शव रखकर यातायात बाधित कर रहे थे जब पुलिस की ओर से शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने का प्रयास किया गया तो भीड़ उग्र हो गई और पुलिस बल पर हमला कर दिया। इस दौरान डायल 112 की सरकारी गाड़ी को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। इस मामले में अलीपुर थाना कांड संख्या 57/26 दर्ज कर जांच शुरू की गई।

# कार्य में उदासीनता पर एजेंसी को काली सूची में डालने की अनुशंसा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** मंगलवार को प्रभारी अधीक्षक, प्रेस एंड फॉर्म, गया रजनीकांत कुमार द्वारा जानकारी दी गई कि प्रेस एवं फॉर्म्स, गया में रक्षित अनुपयोगी सामग्रियों के निपटान की प्रक्रिया के तहत चयनित एजेंसी मेसर्स फेयरडील स्टील, मारवाड़ी ठाकुरबाड़ी गली, मारवाड़ी बाजार, समस्तीपुर द्वारा सरकारी कार्य में रुचि नहीं दिखाए जाने के कारण उसे काली सूची में डालने की अनुशंसा की गई है। उन्होंने बताया कि प्रेस एवं फॉर्म्स, गया में रक्षित अनुपयोगी सामग्रियों के निस्तारण हेतु गठित समिति की अनुशंसा के आधार पर वित्त विभाग, बिहार द्वारा सामग्रियों के निस्तार की स्वीकृति प्रदान की गई थी। इसके तहत 29 जून 2024 को प्रकाशित निविदा में उच्चतम दर के आधार पर वित्त विभाग द्वारा मेसर्स लक्ष्मी इंटरप्राइजेज, बीएमपी, वास्तीपुर, डिहरी ऑन सोन, रोहतास को एच-1 तथा मेसर्स फेयरडील स्टील, मारवाड़ी ठाकुरबाड़ी गली, मारवाड़ी बाजार, समस्तीपुर को एच-2 घोषित करने की सहमति दी गई थी। एच-1 फर्म को पूर्व में ही काली सूची में डाला जा चुका है। इसके बाद एच-2 फर्म मेसर्स फेयरडील स्टील को बिक्री मूल्य जमा कर सामग्रियों का उठाव करने हेतु प्रभारी अधीक्षक, प्रेस एंड फॉर्म, गया द्वारा सूचित किया गया। साथ ही तीन बार स्मरण पत्र भी भेजा गया, लेकिन फर्म द्वारा किसी प्रकार की रुचि नहीं दिखाई गई और सामग्रियों का उठाव नहीं किया गया। सरकारी कार्य में इस प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी अधीक्षक, प्रेस एंड फॉर्म, गया द्वारा वित्त विभाग, बिहार को उक्त फर्म को काली सूची में डालने का अनुरोध किया गया। इसके आलोक में बिहार वित्त नियमावली के नियम 146 (छः) के तहत चयनित बोलीदाता एच-2 मेसर्स फेयरडील स्टील, मारवाड़ी ठाकुरबाड़ी गली, मारवाड़ी बाजार, समस्तीपुर को वित्त विभाग, बिहार द्वारा काली सूची में डालने की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

# अवैध विदेशी शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गयाजी।** उत्पाद विभाग एवं छापेमारी दल की संयुक्त कार्रवाई में एक बोलेरो पिकअप वाहन से भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद की गई है। इस दौरान वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। इस मामले की पुष्टि करते हुए आवकारी विभाग के अधिकारीयों ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अस्थायी जांच चौकी धीरजापुर, थाना-बहेरा, जिला-गया से एक पिकअप वाहन से भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद किया गया। उसके साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान रामभगत यादव, पिता-शिवेश्वर यादव, ग्राम-बरोरिया, थाना-गोविंदपुर, जिला-धनबाद (झारखंड), उम्र लगभग 44 वर्ष के रूप में की गई है। छापेमारी के दौरान वाहन से कुल 1161 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद की गई जिसमें लगभग 3096 बोतलें शामिल है। बरामद शराब एवं वाहन को जब्त कर लिया गया है। गिरफ्तार किये गए व्यक्ति को आगे की कार्रवाई हेतु न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# नवनिर्मित प्रवेश द्वार का पूर्व विधायक ने किया उद्घाटन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** मंगलवार को टिकारी नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या सात जलालपुर में नवनिर्मित प्रवेश द्वार का उद्घाटन पूर्व मंत्री सह पूर्व विधायक डॉ अनिल कुमार ने किया। वार्ड पार्षद नीतीश कुमार की अनुशंसा पर वार्ड विकास निधि से नव निर्मित प्रवेश द्वार का नाम भगवान परशुराम द्वार रखा गया है। पूर्व मंत्री डॉ कुमार ने द्वार का उद्घाटन फीता काट व शिलापट्ट का अनावरण कर किया। डॉ कुमार ने वार्ड पार्षद के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि नप क्षेत्र में शामिल होने के बाद वार्ड का शहरीकरण तेजी से हुआ है जिसमें अहम योगदान वार्ड पार्षद की है। नवनिर्मित प्रवेश द्वार की संरचना की सराहना करते हुए डॉ कुमार ने कहा कि क्षेत्र में ऐसे प्रवेश द्वार अन्य जगहों पर भी निर्मित कराई जानी चाहिए इसके लिए वार्ड पार्षदों की अनुशंसा पर सरकार से मांग की जाएगी। उद्घाटन के उपरांत डॉ कुमार गांव स्थित काली मंदिर में पूजा अर्चना की। उद्घाटन के मौके पर वार्ड पार्षद नीतीश कुमार, अरशद आलम, रणजीत कुमार, अनिरुद्ध शर्मा के साथ सुभय कुमार, गुड्डू कुमार, बिट्टू कुमार, हृदय शर्मा, रविशंकर, सौरभ, संतोष शर्मा, विक्की सहित मौके पर कई ग्रामीण मौजूद थे।

# डोभी-चतरा मार्ग पर ऑटो पलटा, युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी (गया)।** डोभी-चतरा मुख्य मार्ग पर मंगलवार को एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि उसकी दो बहनें गंभीर रूप से घायल हो गईं। यह घटना बहेरा थाना क्षेत्र के कोसमा मोड़ के पास हुई। मृतक की पहचान झारखंड के चतरा जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के गोडवाली निवासी 22 वर्षीय नीतीश कुमार के रूप में हुई है। घायलों में नीतीश की 20 वर्षीय बहन गुड़िया कुमारी और 18 वर्षीय प्रीति कुमारी शामिल हैं। बहेरा थानाध्यक्ष रविरंजन कुमार ने बताया कि नीतीश और उसकी बहनें अपने नाना के श्राद्धकर्म में शामिल होने के लिए हंटरगंज से बाराचट्टी थाना क्षेत्र के मखरौर जा रहे थे। कोसमा मोड़ के समीप उनका ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में नीतीश की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई जबकि दोनों बहनें गंभीर रूप से घायल हो गईं। पुलिस ने तत्काल घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए डोभी पीएचसी में भर्ती कराया जहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के बाद ऑटो चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल भेज दिया है।

# टिकारी में न्यायालय भवन निर्माण हेतु भूमि अधिग्रहण जारी, जनसुनवाई आज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिला भू अर्जन पदाधिकारी, गया द्वारा जानकारी दी गई है कि गया जिला अंतर्गत टिकारी अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय के लिए न्यायिक आधारभूत संरचना एवं न्यायिक आवासीय भवनों के निर्माण को लेकर मौजा जलालपुर, थाना संख्या-300, अंचल टिकारी में 6.00 एकड़ भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है। इस परियोजना के अंतर्गत सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन कराने हेतु जिला भू अर्जन पदाधिकारी, गया के आदेश से अनुग्रह नारायण सिन्हा समाज अध्ययन संस्थान, बिहार, पटना का चयन किया गया। इसके आलोक में संस्थान द्वारा तैयार सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन का प्रारूप प्रतिवेदन जिला भू अर्जन कार्यालय, गया को प्राप्त हो चुका है। उक्त के संदर्भ में अंचल टिकारी, मौजा जलालपुर एवं थाना संख्या-300 में अधिग्रहित की जाने वाली भूमि के संबंध में सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन की प्रारूप रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत जनसुनवाई आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। जनसुनवाई बुधवार को अपराह्न 01:30 बजे से 03:00 बजे तक टिकारी अनुमंडल सभागार में आयोजित की जाएगी। इस दौरान संबंधित क्षेत्र के आम नागरिकों, भू-स्वामियों एवं अन्य हितधारकों से सुझाव एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। जिला भू अर्जन पदाधिकारी, गया ने सभी संबंधित लोगों से निर्धारित समय पर उपस्थित होकर जनसुनवाई में भाग लेने की अपील की है, ताकि भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पारदर्शी एवं सहभागी तरीके से पूरी की जा सके।

# जहानाबाद में राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जागरुकता रथ रवाना, 9 मई को होगा आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, जहानाबाद के तत्वावधान में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर मंगलवार को जागरूकता रथ को रवाना किया गया। यह रथ पूरे जिले में घूमकर आम लोगों को लोक अदालत के प्रति जागरूक करेगा। जागरूकता रथ को व्यवहार न्यायालय, जहानाबाद परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस मौके पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विकास कुमार, डीएलएसए सचिव बृजेश कुमार, जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय समेत एडीजे-1, एडीजे-2, एडीजे-3 और एडीजे-4 सहित कई न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव बृजेश कुमार ने की। इस दौरान आगामी 9 मई 2026 को व्यवहार न्यायालय, जहानाबाद में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने तथा अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। सचिव बृजेश कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत न्यायपालिका का एक महत्वपूर्ण माध्यम है जिसके जरिए आपसी सहमति के आधार पर मामलों का स्थायी समाधान किया जाता है। इससे पक्षकारों के समय, धन और श्रम की बचत होती है तथा आपसी सौहार्द भी बना रहता है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत में बैंक ऋण, बिजली बिल, वाहन ऋण, ट्रैफिक चालान समेत कई छोटे-छोटे मामलों का एक ही दिन में निपटारा किया जाता है जिससे लोगों को लंबे समय से चल रहे विवादों से राहत मिलती है। हालांकि इसके लिए दोनों पक्षों की सहमति आवश्यक होती है। जिला जज ने आम जनता से अपील की कि वे इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपने सुलह योग्य मामलों का निपटारा लोक अदालत में कराएं। उन्होंने कहा कि संबंधित मामलों के निपटारे के लिए आवश्यक दस्तावेज साथ लाना जरूरी है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, जहानाबाद ने सभी जिलेवासियों से आग्रह किया है कि वे 9 मई 2026 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में भाग लेकर इस वैकल्पिक न्याय व्यवस्था का लाभ उठाएं।

# साइकिल सवार की हत्या मामले में शूटर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** परैया थाना क्षेत्र के हत्याकांड में टिकारी अनुमंडल पुलिस ने बदमाश को गिरफ्तार किया। 19 अप्रैल को उपरडीह टोला के पास मेन रोड पर गोली मारकर हत्या की गई थी। गिरफ्तारी के बाद आरोपी की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल देसी कट्टा और जिंदा कारतूस भी पुलिस ने बरामद किया है। पकड़ा गया बदमाश शूटर है। उसे हत्या की सुपारी दी गई थी। हालांकि शूटर का सहयोगी, सुपारी देने वाले शख्स और घटना का लाइनर सभी पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस जुटी है। इस बात की जानकारी टिकारी अनुमंडल पुलिस के एसडीपीओ एसके चंचल ने दी है। परैया थाना क्षेत्र में बीती 19 अप्रैल को दिनदहाड़े साइकिल सवार अवधेश शर्मा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।


**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED**
**(CIN No. U40108JH2013SGC001702)**
**Electric Supply Circle, Daltonganj**

**Very Short Tender Notice**

Sealed Tender in two Part (Part – I Technical and commercial and Part – II Price part) subscribed on sealed envelope with Lah are invited from the reputed tenderers having good experience of following same type of civil works and having sound financial status.

| Sl. No | NIT No. | Name of the works | Estimated cost in (Rs.) | Time for completion (Day) | Earnest money to be deposited in (Rs.) | Cost of BOQ (Non-Refundable in (Rs.) | Late date and time for submission of tender | Date and time for opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 58/PR /JBVNL/ 2026-27 | Repair and maintenance of water supply system along with sinking of one no 125/115 mm dia tube well and allied woks at 33/11 KV P/S/S Mahuadar under Electric Supply Circle, Daltonganj. | 342800/– | (2) Two Months | 6900.00 | 886.00 (Including 18% GST ) | 14/05/2026 upto 03:00 PM | 14/05/2026 at 03:30 PM |
| 2. | 59/PR /JBVNL/ 2026-27 | Repair and maintenance of water supply system along with sinking of one no 125/115 mm dia tube well and allied woks at 33/11 KV P/S/S, Kajrukalan under Electric Supply Circle, Daltonganj. | 293900/– | (2) Two Months | 5900.00 | 886.00 (Including 18% GST ) | 14/05/2026 upto 03:00 PM | 14/05/2026 at 03:30 PM |
| 3 | 60/PR /JBVNL/ 2026-27 | Repair and maintenance of water supply system along with sinking of one no 125/115 mm dia tube well and allied woks at 33/11 KV P/S/S Nawadih under Electric Supply Circle, Daltonganj. | 289000/– | (2) Two Months | 5800.00 | 886.00 (Including 18% GST ) | 14/05/2026 upto 03:00 PM | 14/05/2026 at 03:30 PM |
| 4 | 61/PR /JBVNL/ 2026-27 | Repair and maintenance of water supply system along with sinking of one no 125/115 mm dia tube well and allied woks at Staff Quarter Latehar under Electric Supply Circle, Daltonganj. | 291400/– | (2) Two Months | 5900.00 | 886.00 (Including 18% GST ) | 14/05/2026 upto 03:00 PM | 14/05/2026 at 03:30 PM |

can be purchased from the office of the undersigned from any working day till one day before the date of submission of tender in office working hours after depositing cost of B.O.Q. (Non-refundable) with Accounts officer, Electric Supply circle, Daltonganj in shape of Bank draft.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

PR 379025 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd) 26-27 (D)

Sd/-
**Electrical Superintending Engineer,**
**Electric Supply Circle, Daltonganj**

संपादकीय

# महंगाई का बम !

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण उपजे ऊर्चा संकट के बीच जैसी कि संभावना थी, भारत में भी महंगाई का बम फटना शुरू हो गया है। यह लगभग तय था कि पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों के चलते सरकार ऐसा कोई कदम नहीं उठाएगी कि जिससे मतदाताओं में विपरीत संदेश जाए, लेकिन इन राज्यों में मतदान के बाद मतदाताओं के पास नाराजी जताने के अलावा कुछ नहीं बचा है। लिहाजा सरकार ने कमर्शियल गैस सिलेंडर और पांच किलो वाले छोटू सिलेंडर की कीमतों में भारी वृद्धि कर दी है। इसका सीधा गरीब और मध्यम वर्ग पर पडेगा। इसको लेकर देश में राजनीति भी शुरू हो गई है। इसके पहले सरकार हवाई जहाजों में इस्तेमाल होने वाले ईंधन के दाम बढ़ा ही चुकी थी, जिसके परिणामस्वरूप विमान कंपनियों ने किराए बढ़ा दिए थे। एयर इंडिया जैसी कंपनियां तो अब फ्लाइटें भी कम करने जा रही हैं। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने चार दिन पूर्व ही सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था कि अब देश में महंगाई बम फूटने ही वाला है। फर्क इतना रहा कि सरकार ने गैस के दाम 9 अप्रैल की बजाए एक दिन बाद बढ़ाए। कांग्रेस ने कहा कि 'कमर्शियल सिलिंडर सिर्फ 4 महीने में 1518 रुपए महंगा हो गया। अभी साल के 8 महीने बाकी हैं। मोदी की वसूली जारी है...। मोदी सरकार सिर्फ वसूली करना जानती है। अब 5 किलो वाला छोटू सिलिंडर भी महंगा कर दिया। पहले आधार कार्ड पर सिलिंडर बांटे, फिर उसका दाम बढ़ा दिया। ये बड़े चालबाज लोग हैं।' चायवाला, ढाबा, होटल और बेकरी, हलवाई- हर किसी की रसोई पर बोझ बढ़ा और इसका असर आपकी थाली पर भी पड़ेगा। पहला वार गैस पर, अगला वार पेट्रोल-डीजल पर।' इसके पहले सरकार ने संकेत दिए थे कि वह घरेलू रसोई गैस के दाम नहीं बढ़ाएगी। लेकिन वह भी जल्द बढ़ने वाले हैं, क्योंकि कहा जा रहा है कि तेल और गैस कपंनियां महंगे तेल और कम आपूर्ति के चलते पहले ही भारी घाटे में हैं। इसकी पूर्ति के लिए जरूरी है कि बढ़ी कीमतों का बोझ जनता पर डाला जाए। वही सरकार ने किया भी है। जहां तक कमर्शियल गैस सिलेंडर की बात है तो बीते चार माह में सरकार उसके चार बार दाम बढ़ा चुकी है। इससे खाना पकाना महंगा हो गया है। लिहाजा रेस्टॉरेंटों ने भी खाद्य पदार्थों के दाम बढ़ा दिए हैं। लेकिन मरण उन छोटे व्यवसायियों का है, जो पहले ही बहुत कम मार्जिन पर काम करते हैं। कमर्शियल गैस सिलेंडर की मंहगाई की मार सीधे उनकी कमाई पर होगी। जल्द ही महंगाई की गाज पेट्रोल- डीजल और सीएनजी पर भी पड़ने वाली है। क्योंकि होर्मुज स्ट्रेट का संकट जल्द सुलझने के आसार नही हैं। ईरान और अमेरिका दोनो ही अपनी अपनी बात पर अड़े हुए हैं। खाड़ी देशों से तेल और गैस की आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हो रही है। हालांकि भारत सरकार अन्य देशों से भी तेल और गैस की आपूर्ति करने की कोशिश कर रही है, लेकिन खाड़ी देशों जितना सस्ता माल कहीं नहीं मिलेगा। लिहाजा तेल और गैस की आपूर्ति में भले ज्यादा बाधा न आए, लेकिन उसकी कीमत सभी को परेशान करेगी। ईंधन महंगा होने का असर जीवन के हर क्षेत्र में दिखाई पड़ता है। और वह दिखेगा।विदेशी एयरलाइंस बाजार दरों का भुगतान करेंगी पश्चिम एशिया संकट के कारण वैश्विक ऊर्जा कीमतों में भारी उछाल आया था। सरकार और राज्य-स्वामित्व वाली तेल कंपनियों ने एक समायोजित दृष्टिकोण अपनाया है। विदेशी एयरलाइंस बाजार दरों का भुगतान करेंगी, जबकि घरेलू एयरलाइंस के लिए कीमतें नियंत्रित रखी गई हैं।

# सायोनी घोष : पश्चिम बंगाल की सितारा नेत्री

**वह युवा है। सुदर्शना हैं। चपल और वाकपटु है। अपनी प्रांजल भाषा और शैली से उनमें लाखों की भीड़ को मंत्रमुग्ध करने की सामर्थ्य है। वह लोगों से वाणी के माध्यम से 'कनेक्ट करने की कला में लासानी है। सियासत में आये हुये उन्हें ज्यादा अर्सा नहीं हुआ है लेकिन संसद से सड़क तक उनकी सक्रियता 'शी इज मेड फॉर पॉलीटिक्स' की तस्दीक करती है। यूं तो खांटी बंगला-भाषी परिवार में जनमी हैं, अलबत्ता उन्हें हिन्दी और बंगला पर समान और यकसां अधिकार है। उनका लहजा बाज वक्त किंचित चुगली जरूर करता है, किंतु उनका शब्द-विन्यास और रवानी लोगों को 'इंप्रेस करता है। पश्चिम बंगाल में चुनावी बेला में उनके गाये गीत 'आमार हृदय माझे काबा, नयने मदीना (मेरे दिल में काबा है, आँखों में मदीना) गली-कूचो में गूंज रहा है। चुनावी सभाओं की उनकी आकर्षक प्रस्तुति ने इसे बंगाल में ओरछोर गुंजित कर दिया है। वह चंचला है, लिहाजा मंच पर वह एक ठौर थिर नहीं रहती, बल्कि अपनी भंगिमाओं और गति से पूरा मंच छेंक लेती है।**

सायोनी घोष इन दिनों सुर्खियों में हैं। वह ख्याति के हिंडोले में सवार है। उनकी वाग्प्रगल्भता की बदौलत उनकी प्रसिद्धि का चपल अश्व संसद की प्राचीर कभी का लांघ चुका था, लेकिन पश्चिम बंगाल में प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव की कश्मकश के दरम्यां वह सूबे की सरहदों को पार कर देश में चतुर्दिक प्रसिद्ध हो गयी हैं। पश्चिम बंगाल के चुनाव में वह सर्वाधिक चहेती और लोकप्रिय सितारा नेत्री बनकर उभरी हैं।

वह युवा है। सुदर्शना हैं। चपल और वाकपटु है। अपनी प्रांजल भाषा और शैली से उनमें लाखों की भीड़ को मंत्रमुग्ध करने की सामर्थ्य है। वह लोगों से वाणी के माध्यम से 'कनेक्ट करने की कला में लासानी है। सियासत में आये हुये उन्हें ज्यादा अर्सा नहीं हुआ है लेकिन संसद से सड़क तक उनकी सक्रियता 'शी इज मेड फॉर पॉलीटिक्स' की तस्दीक करती है। यूं तो खांटी बंगला-भाषी परिवार में जनमी हैं, अलबत्ता उन्हें हिन्दी और बंगला पर समान और यकसां अधिकार है। उनका लहजा बाज वक्त किंचित चुगली जरूर करता है, किंतु उनका शब्द-विन्यास और रवानी लोगों को 'इंप्रेस करता है। पश्चिम बंगाल में चुनावी बेला में उनके गाये गीत 'आमार हृदय माझे काबा, नयने मदीना (मेरे दिल में काबा है, आँखों में मदीना) गली-कूचो में गूंज रहा है। चुनावी सभाओं की उनकी आकर्षक प्रस्तुति ने इसे बंगाल में ओरछोर गुंजित कर दिया है। वह चंचला है, लिहाजा मंच पर वह एक ठौर थिर नहीं रहती, बल्कि अपनी भंगिमाओं और गति से पूरा मंच छेंक लेती है। वह 'ला इलाह' से शुरू कर कुरान की आयतें सुना सकती हैं और आद्योपांत हनुमान चालिसा का पाठ भी कर सकती हैं। उनकी वाणी में व्यंग्य विनोद है और दंश भी। वह मौके पर तंज करने से नहीं चूकती। वह अमित शाह की बातों को जुमला करार देती हैं और संसद में सहास्य कहती हैं कि यहाँ तो कैमरे भी 'कंप्रोमाइज्ड' हैं। आशय यह कि बोल विपक्षी नेता रहा होता है, मगर



कैमरा दिखाता है सत्ता पक्ष के नेता को। लगे हाथों वह कहने से नहीं चूकतीं कि हम आह भी नहीं भरते हैं तो हो जाते हैं बदनाम। वो कत्ल भी करते हैं तो चर्चा नहीं होता।

सायोनी को संसद में प्रवेश किये फकत दो साल हुए हैं, लेकिन इस कम अर्से में अपनी तहरीरों से उन्होंने सबका ध्यान खींचा है। शब्दों की तीखी फुलझड़ियां छोड़ने में वह महुवा मोइत्रा की नवोदिता जोड़ीदार हैं। वह संसद में बोलती हैं, तो बरबस दशकों पहले की तारकेश्वरी सिन्हा याद हो आती हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की मुखिया ममता बैनर्जी उनकी आदर्श या 'आइकॉन' हैं। सभाओं में दीदी का नारा दोहराती हैं : 'कोरबो, लोड़बो, जीतबो।' वह सेक्यूलर मूल्यों की ध्वजवाहक है; हिन्दू-मुस्लिम ऐक्य की हिमायती। सभाओं में वह गुनगुनाती हैं तू हिन्दू बनेगा न मुसलमान बनेगा इंसान की औलाद है, इंसान बनेगा। सायोनी घोष ग्लैमर की दुनिया से राजनीति में आई हैं। वह बंगला टीवी और फिल्मों की सफल, प्रशंसित और पुरस्कृत कलाकार हैं। लेकिन उनकी सादगी उन्हें सर्वथा अलग पायदान पर खड़ा कर देती है। सफेद या हल्के रंग की चौड़े पाट की साड़ी, माथे पर बड़ी लाल गोल बिंदी और पांवों में हवाई चप्पल। पहरावे में ही नहीं, प्रवृत्ति में भी वह ममता दी की अनुगामिनी हैं : मुखर और संघर्ष चेता। उन्हें देखकर, उनके लुक, उनके हावभाव, उनकी तुर्शी और त्वरा देखकर ममता दीदी के प्रतिरूप का आभास होता है। लगता है कि कहीं यह 'बांग्लार मेये' दीदी की छोटी बहन तो नहीं है। उनमें दीदी के नक्शे-पा चलने की ख्वाहिश भी नजर आती है। वह प्रायः कहती हैं : बंगाल की नारी। हवाई चप्पल, सफेद साड़ी। ममता दी हमारी। भाजपा पर भारी। वह बीजेपी को बांग्ला-विरोधी और बांग्ला-भाषा विरोधी बताती हैं और भाजपा को समस्या तथा दीदी को समाधान निरूपित करती हैं। शेरो-शाइरी की शौकीन सायोनी चुटकी लेती हैं : मोहब्बत चांद से होती है, सितारों से नहीं। मोहब्बत दीदी से होती है, मोदी-शाह से नहीं।' बंगाल की मिट्टी को पवित्र बताकर वह कहती हैं : बंगाल मध्यप्रदेश नहीं है। बंगाल गुजरात नहीं है। बंगाल राजस्थान या हरियाणा भी नहीं है। वह फख्र से कहती हैं कि बंगाल में धर्म के आधार पर बंटवारा नहीं होता और भाईचारा यहां की पहचान और ताकत है। किस्सा-कोताह यह कि इस फायर ब्राण्ड नेत्री ने पश्चिम बंगाल में टीएमसी की जीत के लिये सारी ताकत झोंक दी है।

ऐसा नहीं है कि सायोनी की राजनीतिक यात्रा की शुरुआत सफलता से हुई हो। उनका जन्म कोलकाता में 27 जनवरी, सन 1993 को हुआ। परिवार गैर राजनीतिक था। मां सुदीपा और पिता समीर घोष को अनुमान न था कि उनकी बिटिया सितारा नेत्री बनकर उभरेगी। हां उसके अभिनय और गायन प्रतिभा के लक्षण कैशोर्य में ही दिखने लगे थे। सन् 2010 से शुरू उनका फिल्मोग्राफी का करियर दिनोंदिन परवान चढ़ता गया। उन्होंने कितनी ही फिल्मों, वेब सीरीज और टीवी सीरियलों में काम किया और अवार्ड बटोरे। नोटोबर नाटआउट से शुरू उनका फिल्मी करियर पुनश्च, अंतराल, अरण्यदेव, बिटनून, शोत्रु, आगुन, अपराजितो, रहस्यमय, सांझ बाती, मायेर बिये, चौखट, कानामाछी, राजकाहिनी, नेटवर्क, द्विखंडितो, किछू ना बोला कोथा, प्रतिद्वंद्वी और आरो एक बार आदि में सफलतापूर्वक आगे बढ़ा। वह वेबसीरीज पाकेटमार (2017) चरित्रहीन (2018) बोइ केनो साइको (2019) में भी नजर आई। टीवी चैनेलस्टार जलसा में भी उन्होंने चमक बिखेरी और पार्श्व गायन (कोठीन) भी किया। राजकाहिनी (2015) और अंजनदत्त निर्देशित व्योमकेश ओ चिरिया खाना (2016) में उनका अभिनय सराहा गया। सौरभदास, रुद्रनील घोष और इंद्राशीष राय के साथ उनकी जोड़ी सफल रही। श्रीजीत मुखर्जी और विश्वजीत चक्रवती जैसे निदेशकों ने उनकी प्रतिभा को पहचाना। छोटे पर्दे पर वह सन 2022 में सिटी आफ जैकाल्स और बिट्नून में ऋत्विक चक्रवर्ती के साथ दिखाई दीं। डेली सीरियल प्रोलोय आपूछे ने उन्हें घर-घर में पहुंचा दिया। सन् 2010 में उन्हें बेस्ट एक्ट्रेस, सन् 2013 में पीपुल्स च्वायस और सन् 2016 में बेस्ट एंकर अवार्ड मिले। सायोनी ने सन् 2021 में तृणमूल कांग्रेस ज्वाइन की और उसी साल आसनसोल दक्षिण से असेंबली के लिये चुनाव लड़ा। लेकिन वह बीजेपी के अग्निमित्र पाल से हार गयीं। उनकी प्रतिभा को चीन्ह कर ममता दी ने उन्हें जून 21 में पार्टी की यूथ विंग का अध्यक्ष बना दिया। अभिषेक बैनर्जी की जगह लेना बड़ी बात थी। उन्होंने अथक मेहनत की और दीदी के भरोसे को बटटा नहीं लगने दिया। सन् 2024 के चुनाव में वह जादवपुर से ढाई लाख से अधिक मतों से लोकसभा के लिये चुनी गयीं। यह वही जादवपुर है, जहां से दशकों पहले युवा ममता बैनर्जी ने माकपा के दिग्गज सोमनाथ चटर्जी को हराकर राजनीति में धमाका किया था।

संसद की यह युवा सुदस्या फिलवक्त सड़क पर है। मकसद है असेंबली चुनाव में टीएमसी की जीत। वह आरोपों से बिंधी रही है और 21 नवंबर, सन् 22 को उन्हें उपद्रव, हिंसा और कदाचार के आरोप में त्रिपुरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। वर्धमान में कर्जन द्वार संबंधी बयान भी विवाद का विषय रहा। उन पर भर्ती घोटाले में संलिप्तता का आरोप लगा और जून 24 ईडी ने उनसे लगातार दस घंटे पूछताछ की।

अध्यात्म

## शिक्षक का पेशा बहुत पवित्र तथा ईमानदारी वाला होता है!



एक बार बाल गंगाधर अपने कुछ मित्रों के साथ बात कर रहे थे। उन दिनों उन्होंने वकालत पास की थी। एक मित्र बोला, 'तिलक, वकालत तो तुमने पास कर ली है। किंतु आगे के लिए क्या सोचा है? क्या अब सरकारी नौकरी करोगे याकिसी कोर्ट कचहरी में वकालत?' मित्र की बात सुनकर तिलक बोले,'अब तुमने पूछ ही लिया है तो सुन लो। मुझे ऐसे पैसे की जरूरत नहीं जो मुझे सरकार का गुलाम बना कर रखे। मैं ऐसी वकालत नहीं करना चाहता जहां दिन में कई बार झूठ बोलना पड़े।'?

बात आई-गई हो गई। सभी अपने-अपने कामों में लग गए। एक दिन उनकी मित्र-मंडली को पता चला कि बाल गंगाधर ने एक स्कूल में पढ़ाना शुरू कर दिया है। तनख्खाह है तीस रुपए महीना। यह सुनकर उस मित्र को सबसे ज्यादा आश्चर्य हुआ जिसने कुछ समय पूर्व उनका मन जानना चाहा था। वह सीधे तिलक के पास जा पहुंचा और बोला, 'यह तुमने क्या किया तिलक? वकालत की डिग्री लेकर अध्यापक क्यों बने? क्या तुम शिक्षकों की आर्थिक स्थिति के बारे में नहीं जानते? दोस्त! जब तुम अंतिम सांस लोगे, तब तुम्हारे दाह-संस्कार के लिए भी घर में कुछ नहीं होगा।'

मित्र की बात सुनकर तिलक मुस्कुराते हुए बोले, 'मैंने जो पेशा चुना है वह बहुत पवित्र है, ईमानदारी वाला है। रही अंतिम समय की बात तो मेरे दाह संस्कार का प्रबंध नगरपालिका कर देगी। मैं इसकी चिंता क्यों करूं?' तिलक की बात सुनकर मित्र हैरान रह गया। उसने आज तक संतुष्टि के ऐसे भाव किसी व्यक्ति में नहीं देखे वह मन ही मन तिलक के प्रति श्रद्धा से अभिभूत हो गया।

# भरोसा बदलाव का या विश्वास ममता का?

**पश्चिम बंगाल की धरती एक बार फिर लोकतंत्र के महायज्ञ की साक्षी बनी। 23 अप्रैल और 29 अप्रैल 2026 को दो चरणों में 294 विधानसभा सीटों पर मतदानसम्पन्न हुआ और अब 4 मई 2026 को मतगणना होगी। इस चुनाव ने पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचा है, इसलिए नहीं कि यह महज एक राज्य का चुनाव है, बल्कि इसलिए कि यह उस प्रश्न का उत्तर देगा। जिसे करोड़ों बंगालवासीवर्षों से अपने मन में संजोए बैठे हैं, क्या बदलाव संभव है? क्या पंद्रह वर्षों की सत्ता के बाद टीएमसी का किला ढहेगा, या फिर ममता की जनहितकारी योजनाओं का जादू एक बार और चलेगा? यह चुनाव केवल सत्ता के लिए नहीं है।**

यह बंगाल की आत्मा का चुनाव है। एकतरफ भाजपा का भरोसा विकास, सुरक्षा और भ्रष्टाचार-मुक्त शासन का वादा। दूसरी तरफ टीएमसी का विश्वास कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ा वह वर्ग, जो ममता बनर्जी को 'दीदी' कहकर पुकारता है।

पश्चिम बंगाल के पहले चरण में 23 अप्रैल को 92.88 प्रतिशत का ऐतिहासिक मतदान हुआ। 152 सीटों पर हुए इस मतदान में 12 जिलों में 90 प्रतिशत से अधिक वोटिंग दर्ज हुई, जिसमें दक्षिण दिनाजपुर, कूचबिहार, बीरभूम और मुर्शिदाबाद जिले सबसे आगे रहे। दूसरे चरण में भी मतदान 91 प्रतिशत के आसपास रहा। यह संख्या किसी आँकड़े से अधिक है, यह बंगाल की जनता की उस चेतना का प्रमाण है जो वर्षों की राजनीतिक हिंसा और भय के बावजूद जीवित रही। 2021 के विधानसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल में कुल 82.30 प्रतिशत मतदान हुआ था और 2011 में जब ममता बनर्जी पहली बार वाम दलों को हराकर सत्ता में आई थीं, तब भी केवल 84 प्रतिशत मतदान हुआ था। इसका अर्थ यह है कि इस बारका मतदान प्रतिशत पिछले सभी चुनावों से कहीं अधिक है। पश्चिम बंगाल के इतिहास में जब भी सत्ता परिवर्तन हुआ है, वह अत्यधिक मतदान के साथ ही हुआ है।

इस भारी मतदान को जहाँ भाजपा सत्ता-विरोधी लहर के रूप में देख रही है, वहीं तृणमूल कांग्रेस को अपने मजबूत लाभार्थी वर्ग पर भरोसा है जो चुनाव समीकरण बदल सकता है। यही इस चुनाव की केन्द्रीय पहेली है, क्या यह भीड़ परिवर्तन चाहती है या परिचित चेहरे को फिर से स्वीकार करने



आई है? इस चुनाव की पृष्ठभूमि में पंद्रह वर्षों की टीएमसी सरकार के प्रतिसत्ता-विरोधी भावना, रोजगार संकट, भर्ती घोटाला, महिला सुरक्षा और सीमा पार घुसपैठ के प्रश्न प्रमुख रहे। भाजपा ने रोजगार और औद्योगिक पुनरुद्धार को अपना मुख्य मुद्दा बनाया, जबकि टीएमसी ने कल्याणकारी योजनाओं और बुनियादी ढाँचे के विस्तार का हवाला दिया। टीएमसी की बौखलाहट चुनाव प्रचार के दौरान भी दिखी। आरजी कर मेडिकल कॉलेज बलात्कार और हत्याकांड इस चुनाव में एक भावनात्मक धुरी बन गया। पीड़िताके पिता का मतदान केंद्र पर जाते समय भावुक हो जाना, यह बंगाल की उस पीड़ा का प्रतीक था जो शब्दों में नहीं कहीं जा सकती। महिला सुरक्षा का प्रश्न महज राजनीतिक नहीं रहा यह हर माँ और बहन की चिंता बन गया। एसआईआर विवाद और मतदाता सूची का प्रश्न इस चुनाव की एक बड़ी विवादास्पद पृष्ठभूमि विशेष गहन पुनरीक्षण की रही। जबकि मतुआ समुदाय सहित दलित हिंदू भी प्रभावित हुए। टीएमसी ने इसे वास्तविक मतदाताओं के मताधिकार हरण का षड्यंत्र कहा, जबकि भाजपा ने इसे फर्जी और अवैध प्रविष्टियों की सफाई बताया।

मुख्य चुनाव अधिकारी मनोज अग्रवाल के अनुसार एसआईआर की प्रक्रिया के कारण मृत और स्थानांतरित मतदाताओं के नाम सूची से हट गए, जिसके चलते मतदान प्रतिशत स्वाभाविक रूप से बढ़ा। कई प्रवासी मतदाता भी इस भय से अपने गृह राज्य लौटकर वोट डालने आए कि कहीं उनका नाम सूची से न कट जाए। भाजपा ने 2021 में 77 सीटें जीतकर और सुवेंदु अधिकारी द्वारा नंदीग्राम में ममता बनर्जी को पराजित करके यह सिद्ध कर दिया था कि टीएमसी को हराना असंभव नहीं है। इस बार सुवेंदु अधिकारी ने भवानीपुर में ममता की अपनी सीट पर चुनाव लड़कर जो दुस्साहस दिखाया है, वह भाजपा के बढ़ते मनोबल काप्रमाण है। भाजपा का प्रदर्शन ओडिशा, असम और हरियाणा जैसे राज्यों की यात्रा का अनुसरण करता दिखता है, जहाँ पहले हाशिए पर रहने के बाद पार्टी ने एक ही छलाँग में सत्ता हासिल की। ओडिशा में 2019 में 23 सीटों से 2024 में 78सीटें, असम में 2011 में 5 सीटों से 2016 में 60 सीटें – ये आँकड़े भाजपा के लिए प्रेरणादायक हैं। चुनाव आयोग की 100 प्रतिशत वेबकास्टिंग, एआई आधारित निगरानी और केंद्रीय बलों की 2,450 कंपनियों की तैनाती ने मतदाताओं में सुरक्षा का भाव जगाया। यह बदलाव इस रूप में प्रकट हुआ कि जो भाजपा समर्थक पहले कैमरे के सामने बोलने से डरते थे, वे इस बार खुलकर अपनी बात रखने लगे।ममता सरकार ने लक्ष्मी भंडार योजना के तहत राशि बढ़ाकर सामान्य वर्ग की महिलाओं के लिए 1,500 रुपये और एससी-एसटी वर्ग के लिए 1,700 रुपये मासिक कर दी। इस योजना से राज्य की करीब 2.2 करोड़ महिलाएँ जुड़ी हुई हैं। यह वर्ग टीएमसी का वह मजबूत आधार है जिसे तोड़ना भाजपा के लिए सबसे बड़ीचुनौती है। किन्तु दूसरे चरण की 142 सीटें टीएमसी का वह गढ़ हैं जहाँ 2021 में तृणमूल ने 123 सीटें जीती थीं, जबकि भाजपा केवल 18 सीटें ही जीत सकी थी।दूसरे चरण में कोलकाता, हावड़ा, उत्तर और दक्षिण 24 परगना, नदिया, हुगलीऔर पूर्व बर्धमान जैसे जिले हैं जो परम्परागत रूप से टीएमसी का गृह क्षेत्र माने जाते हैं। चुनावी हिंसा के आरोप भी कम नहीं लगे। मुर्शिदाबाद में करीब 100 जिंदा बमबरामद हुए, नदिया जिले में भाजपा के बूथ एजेंट पर हमले के आरोप लगे और मिनाखा विधानसभा में मतदाताओं को बूथ पर न जाने की धमकी दी गई। इन घटनाओं ने यह सिद्ध किया कि टीएमसी का 'सिंडिकेट राज' अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। 4 मई को जब मतगणना होगी, तब यह स्पष्ट होगा कि बंगाल ने किसे चुना – भाजपा के भरोसे को या टीएमसी के विश्वास को। यदि रिकॉर्ड मतदान वास्त में सत्ता-विरोधी लहर का प्रतीक है, तो 2026 का बंगाल 2011 जैसा ऐतिहासिक परिवर्तन देखेगा। लेकिन यदि ममता के कल्याणकारी कार्यक्रमों से जुड़े करोड़ों लाभार्थियों ने अपनी 'दीदी' पर भरोसा बनाए रखा, तो टीएमसी फिर से सत्ता में लौटेगी। बंगाल के इस जनादेश में एक गहरा संदेश छिपा है, लोकतंत्र तब जीवित रहता है जब नागरिक भय को त्यागकर मतदान केंद्र तक पहुँचते हैं। 93 और 91 प्रतिशत मतदान का यह आँकड़ा बताता है कि बंगाल की जनता अब मूकदर्शक नहींहै। वह अपना भाग्य खुद लिखना चाहती है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज आपका दिन मिश्रित फलदायी है. आज आप अस्वस्थता एवं चिंता का अनुभव करेंगे. शरीर में थकान, आलस्य एवं मन में अशांति रहेगी.

**वृषभ**
आज का दिन सावधानीपूर्वक गुजारें. आज किसी भी प्रकार से कोई नया काम शुरू ना करें. आज आपका स्वास्थ्य बिगड़ सकता है. खान-पान में विशेष ध्यान रखना आपके लिए जरूरी है.

**मिथुन**
आज आपके अधूरे काम पूरे होंगे. घर में शांति और आनंद का वातावरण आपके मन को प्रसन्न रखेगा. स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आर्थिक लाभ होगा.

**कर्क**
आज के दिन शांतिपूर्ण तरीके से रहें. आज आपका शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य अच्छा नहीं रहेगा. पेट में पीड़ा रहेगी, इससे आपका मन काम में नहीं लगेगा.

**सिंह**
आज आप शारीरिक रूप से अस्वस्थ तथा मानसिक रूप से चिंतित रहेंगे. घर में स्वजनों के साथ गलतफहमी हो सकती है. माता के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है.

**कन्या**
आज आपको किसी भी काम में बिना सोचे-समझे भाग नहीं लेना है. साथियों के साथ समय अच्छी तरह गुजरेगा. भावनात्मक संबंधों में आप नरम रहेंगे.

**तुला**
आज का दिन आनंद में गुजरेगा. विरोधियों पर विजय प्राप्त कर सकेंगे. प्रत्येक काम में सफलता मिलेगी. स्वजनों के साथ आज भेंट होगी.

**वृश्चिक**
आज का दिन शुभ होगा. शारीरिक और मानसिक रूप से प्रसन्नता रहेगी. परिवार के सदस्यों के साथ खुशी में समय गुजरेगा. दोस्तों या परिजनों से आपको उपहार मिलेगा.

**धनु**
आज का दिन आपके लिए थोड़ा मुश्किलभरा हो सकता है. परिजनों के साथ बहस होगी. किसी से उग्र व्यवहार के कारण मन दुःखी हो सकता है. वाणी पर संयम रखना पड़ेगा.

**मकर**
आज मित्रों, सम्बंधियों से की गई मुलाकात से आपका दिन आनंद में गुजरेगा. सामाजिक क्षेत्र, व्यापार तथा आर्थिक दृष्टि से आपके लिए आज का दिन लाभदायी रहेगा.

**कुंभ**
आज का दिन शुभ फलदायी है. आज प्रत्येक काम में सफलता प्राप्त होगी. आप मानसिक रूप से खुश रहेंगे. नौकरी में अधिकारियों की प्रसन्नता के कारण पदोन्नति के योग हैं.

**मीन**
आज मन की अस्वस्थता के कारण आप आज चिंतित रहेंगे. शरीर में थकान और आलस्य का अनुभव होगा. अधिकारियों के साथ बातचीत में सावधानी बरतें.

## संक्षिप्त समाचार

### फतुहा में कार पलटी, युवक गंभीर रूप से घायल

**फतुहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नदी थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला, जहां एक अनियंत्रित कार पलटने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।जानकारी के अनुसार, यह घटना जेठुली गांव स्थित रेडियो स्टेशन के पास मंगलवार सुबह करीब 10 बजे हुई। बताया जा रहा है कि कार तेज गति में थी, तभी चालक नियंत्रण खो बैठा और वाहन अनियंत्रित हो गया। कार सड़क किनारे बने एक लकड़ी के घर को तोड़ते हुए गड्ढे में जाकर पलट गई। हादसा इतना



भीषण था कि कार सवार युवक बुरी तरह घायल हो गया। घायल युवक की पहचान जेठुली निवासी रणविजय यादव के पुत्र रोहित कुमार के रूप में हुई है। हादसे में उसका पैर टूट गया है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।घटना की सूचना मिलते ही फतुहा नदी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तुरंत इलाज के लिए पटना भेज दिया।फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

### भाजपाइयों ने जीत की खुशी में मनाया जश्न

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मंगलवार को बड़ी चौराहा के पास भाजपा कार्य समिति सदस्य कन्हैया मालाकार के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल, असम व पांडुचेरी में मिले भाजपा को दो तिहाई बहुमत व जीत पर पूर्व खुशी मनाई गई। जीत के खुशी में मिठाई बांटकर



व पटाखा छोड़ कर कार्यकताओं ने खुशी का इजहार किया। मौके पर भाजपा नेता तथा शत्रुघ्न सिंह, द्वारिका चंद्रवंशी, मनोज गुप्ता, रविंद्र सौडिक, राकेश कुमार, धर्मेंद्र जायसवाल, चंद्रभूषण पांडे सहित कई लोग थे।

### फरार नामजद अभियुक्त के घर पर साटा गया इश्तेहार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** युवती अपहरण मामले में पिपलावां पुलिस ने पिपरा थाना क्षेत्र के पारथु के कलावन चक में फरार नामजद अभियुक्त के घर पर विधिवत तौर पर इश्तेहार साट कर सरेंडर करने की चेतावनी दी गई है। बताया जाता है की पिपलावा थाना कांड संख्या 49/25 प्राथमिकी अभियुक्त बबलू पासवान पिता मंजय पासवान ग्राम पारथू थाना पिपरा के विरुद्ध निर्गत इश्तेहार को



विधिवत चस्पा पिपरा थाना द्वारा किया गया है, दरअसल इस घटना के संदर्भ में थानाध्यक्ष ने बताया कि कांड के वादी इंद्रदेव पासवान पिता सहतू पासवान देवरा नौबतपुर थाना क्षेत्र के निवासी ने आवेदन दिया था कि देवरा गांव से उसके बेटी को बहला फुसलाकर बबलू पासवान लेकर फरार हो गया था, इस मामले में नामजद अभियुक्त के गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की गई थी और अब उसके खिलाफ इश्तेहार साटा गया है।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाला विजय जुलूस

**दनियावां/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पश्चिम बंगाल, असम और पांडिचेरी में हुई भाजपा की प्रचंड जीत की खुशी में दनियावां में विजय जुलूस निकाला गया. यह विजय जुलूस दनियावां मंडल अध्यक्ष रविप्रकाश के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ निकला गया.जो



दनियावां भाजपा कार्यालय से निकल कर डोल ताशा के साथ दनियावां बाजार और गांव का भ्रमण किया और जीत के खुशी में नृत्य करते हुए पुनः दनियावां भाजपा कार्यालय पहुंचे.जहां सभी ने एक दूसरे को मिठाइयां खिलाकर जश्न मनाया।इस विजय जुलूस में भाजपा नेता दिल्ली कुमार मोदी, महामंत्री सियाराम शर्मा नवल कुमार, रामसागर, दिलीप कुमार, रंजय कुमार, नवीन सिंह, रणविजय कुमार, धर्मेंद्र प्रसाद, प्रमोद चंद्र आजाद, डॉक्टर शिव कुमार, मनोज कुमार और रजनीश चक्रवर्ती समेत सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष.कार्यकर्ता मौजूद था।

### हल्की बारिश में स्टेशन रोड बनी झील

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिते शाम हुई आधे घंटे की हल्की बारिश ने ही नगर परिषद के दावों की पोल खोल दी। स्टेशन रोड स्थित सब्जी मंडी के पास मुख्य सड़क पर पानी जमा हो गया। पूरी सड़क झील में तब्दील हो गई। इससे पैदल चलने वाले राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।स्थानीय दुकानदार सुनील कुमार ने बताया कि शाम 5 बजे करीब आधा घंटा बारिश हुई। इसके बाद ही सब्जी मंडी मोड सड़क पर पानी भर गया। पानी की निकासी नहीं हो पाई। हालात यह रहे कि स्कूली बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग पानी में गिरते-बचते रहे।सब्जी मंडी आने वाले ग्राहक सबसे ज्यादा परेशान दिखे। सब्जी खरीदने आई गीता देवी ने कहा, "सब्जी लेने आई थी, लेकिन यहां तो पैर रखने की जगह नहीं है। गंदे पानी में घुसकर जाना पड़ रहा है। बीमारी फैलने का डर है। स्थानीय निवासी राकेश प्रसाद ने



बताया कि हर साल बारिश में यही स्थिति होती है। नाला सफाई के नाम पर सिर्फ कागजी खानापूर्ति होती है।सभी नालों की सफाई का दावा किया था, लेकिन मई के पहले सप्ताह में ही हल्की बारिश ने व्यवस्था की कलई खोल दी। लोगों का कहना है कि जब हल्की बारिश में यह हाल है तो मॉनसून में क्या होगा?

# स्कूलों में बच्चों को मिल रहा 'बेस्वाद खाना'









**रोज बच रहा आधा खाना, गुणवत्ता पर उठे सवाल ●मसौढ़ी के 35 स्कूलों में केंद्रीकृत रसोई से आपूर्ति, जांच के आदेश**

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सरकार ने मिड-डे मील में पारदर्शिता लाने के लिए स्कूलों में केंद्रीकृत रसोई यानी ठेकेदारी सिस्टम शुरू किया है। लेकिन मसौढ़ी प्रखंड में यह प्रयोग फेल होता दिख रहा है। बच्चों का कहना है कि खाना बेस्वाद होता है, इसलिए वे नहीं खाते। रोज आधा से ज्यादा खाना बच जा रहा है। मसौढ़ी प्रखंड के 35 प्राथमिक और मध्य विद्यालयों में फरवरी माह से एक एनजीओ के माध्यम से केंद्रीकृत रसोई से पका हुआ खाना पहुंचाया जा रहा है। पहले स्कूल में ही रसोइया खाना बनाती थीं। नई व्यवस्था में खाना सुबह 9-10 बजे बनकर तक स्कूल पहुंचता है। उत्क्रमित मध्य विद्यालय प्रखंड कॉलनी के छात्र रोहित ने बताया, "पहले स्कूल में गरम-गरम खाना मिलता था। अब डब्बे में ठंडा चावल-दाल आता है। दाल में पानी ज्यादा रहता है, सब्जी में नमक-तेल नहीं। हम फेंक देते हैं।वहीं छात्रा पूजा ने कहा, खाने से अजीब सी महक आती है। पेट दर्द होता है। इसलिए घर से रोटी लाते हैं।' नाम न छापने की शर्त पर एक प्रधानाध्यापक ने बताया, "रोज 200 बच्चों का खाना आता है, लेकिन 80-90 बच्चे ही खाते हैं। बाकी खाना बर्बाद हो जाता है। हमने बीईओ को लिखा है। पहले रसोइया बच्चों के स्वाद के हिसाब से बनाती थीं। अब ठेकेदार वजन पूरा करता है, स्वाद नहीं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी श्री कुमार रंजन ने कहा, "शिकायत मिली है। अगर खाने की गुणवत्ता खराब मिली तो एनजीओ का टेंडर रद्द किया जाएगा। बच्चों के पोषण से समझौता नहीं होगा। मेन्यू के अनुसार खाना बनना चाहिए। सरकार का तर्क है कि स्कूल में खाना बनाने से पढ़ाई बाधित होती है और गड़बड़ी की आशंका रहती है। इसलिए बड़े शहरों की तर्ज पर केंद्रीकृत रसोई से एमडीएम सप्लाई की योजना है। अभिभावक मनोज यादव ने कहा, "सरकार पैसे बचाने के चक्कर में बच्चों की सेहत से खेल रही है। ठेकेदार मुनाफा देखेगा, पोषण नहीं। पुरानी व्यवस्था ही ठीक थी। कम से कम बच्चे तो खा लेते थे।

## हर्ष फायरिंग में 4 साल की बच्ची की मौत मामले के मुख्य आरोपी हिमांशु ने कोर्ट मे किया सरेंडर

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के अशरफपुर गांव में बीते 27 अप्रैल की सुबह हर्ष फायरिंग में 4 साल की बच्ची की हुई मौत मामले में पुलिसिया दबिश में मुख्य आरोपी हिमांशु कुमार पिता पटेल महतो अशरफपुर ने मंगलवार को मसौढी कोर्ट मै सरेंडर कर दिया है,हलांकि दो दिन पहले इसी कांड मे नामजद अभियुक्त सच्चु प्रसाद उर्फ सच्चिदानंद पिता नक्कू प्रसाद को पुलिस ने उसके ससुराल से नालंदा जिले के थरथरी थाना क्षेत्र के रूपसपुर गांव से गिरफ्तार किया था। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया यह बीते 27 अप्रैल को अशरफपुर गांव में हर्ष फायरिंग की घटना घटी थी, जहां एक 4 साल की बच्ची सोमी कुमारी पिता पिंटू कुमार के पेट में गोली लगने से मौत हो गई थी, इस मामले में मृतक के चाचा सिन्टु यादव पिता स्व अवधेश प्रसाद डोमन बिगहा ने पांच लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज करवाई थी, जिसमें गोली चलाने वाला मुख्य अभियुक्त हिमांशु कुमार था जो सिंदूरदान के दौरान 5 -6 राउंड फायरिंग कर रहा था उस वक्त लड़की का भाई राहुल, नॉलेश, संतोष सभी लोग साथ में थे सभी लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है, दिए गए आवेदन के आलोक में सिंटू यादव ने लिखा था कि हमारी भाभी इंदु देवी अपनी बेटी सोमी कुमारी के साथ हमारे फुहेरे भाई सच्चू प्रसाद की बेटी कोसम की शादी में अशरफपुर गए थे जहां सुबह में सिंदूरदान के दौरान हिमांशु छत पर फायरिंग कर रहा था, उसी के बगल में सोई भी हमारी भतीजी के पेट में गोली लगी थी।

## मृदा उर्वरता बचाने की मुहिमः किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग का संदेश

**पटना/पूर्णिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना एवं कृषि विज्ञान केंद्र, पूर्णिया के संयुक्त तत्वावधान में 05 मई, 2026 को जलालगढ़ प्रखंड के कथैली ग्राम में 'संतुलित उर्वरक उपयोग' विषय पर किसान-वैज्ञानिक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 30 महिलाएं सहित लगभग 100 किसानों ने भागीदारी की। कार्यक्रम के दौरान टिकाऊ कृषि के लिए समेकित पोषक तत्व प्रबंधन की आवश्यकता पर विशेष बल दिया गया। विशेषज्ञों ने रासायनिक उर्वरकों के साथ-साथ जैविक स्रोतों जैसे गोबर खाद, कम्पोस्ट एवं हरी खाद के संतुलित उपयोग को अनिवार्य बताया। संवाद सत्र में किसानों ने मृदा उर्वरता में कमी, उत्पादन लागत में वृद्धि तथा उर्वरकों पर बढ़ती निर्भरता जैसी समस्याएं साझा कीं। वैज्ञानिकों ने इन चुनौतियों के समाधान हेतु स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप व्यावहारिक सुझाव प्रस्तुत किए। हरी खाद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि ढैंचा जैसी फसलों को ग्रीष्म ऋतु में उगाकर धान की बुआई से पूर्व मिट्टी में पलट देने से जैविक पदार्थों की मात्रा बढ़ती है। इससे मृदा संरचना सुदृढ़ होती है और नाइट्रोजन सहित आवश्यक पोषक तत्वों की उपलब्धता में वृद्धि होती है, जिससे रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम होती है तथा लागत में भी कमी आती है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना के निदेशक डॉ. अनुप दास ने अपने संदेश में किसानों से मृदा स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए उर्वरकों के संतुलित उपयोग अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना के डॉ. संतोष कुमार एवं डॉ. गौस अली, कृषि विज्ञान केंद्र, पूर्णिया के डॉ. के.एम. सिंह, जिला कृषि पदाधिकारी श्री हरिद्वार चौरेसिया, प्रखंड कृषि पदाधिकारी श्री कमलेश मिश्रा सहित अन्य विशेषज्ञ मौजूद थे।



## टी.पी.एस. कॉलेज पटना में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** टी.पी.एस. कॉलेज, पटना में 05/05/2026 को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत शतरंज प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में ऋषिकेश कुमार (यूजी सेमेस्टरझ4, इतिहास विभाग) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि मनीष कुमार (सेमेस्टर-6, मनोविज्ञान विभाग) उपविजेता रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) तपन कुमार शांडिल्य द्वारा विश्वविद्यालय खेलों के विजेता खिलाड़ियों-प्रीति राज (कराटे), अपराजिता (कराटे) एवं निक्की कोइरी (एथलेटिक्स)-को अंगवस्त्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में प्रधानाचार्य ने महाविद्यालय में खेलकूद का सकारात्मक वातावरण विकसित करने तथा खेल सुविधाओं को और सुदृढ़ बनाने का आश्वासन देते हुए प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन भी किया। इस अवसर पर आईक्यूएसी समन्वयक प्रो. रूपम ने भी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उन्हें निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। पूरे कार्यक्रम का सफल आयोजन एवं संचालन स्पोर्ट्स इंचार्ज डॉ. प्रशांत कुमार के निर्देशन में कोच राकेश कुमार के विशेष सहयोग रहा।




### कॉलेज के लिए घर से निकली छात्रा हुई लापता, पिता को भेजा शादी की फोटो

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के संगत पर मोहल्ले से एक छात्रा कॉलेज के नाम पर घर से निकली उसके बाद अपने प्रेमी संग फरार हो गई जब देर शाम तक घर नहीं लौटी तो उनके परिजन आसपास खोजबीन शुरू किये, पूरे परिवार वालों में खोजबीन करते जब थक गए तो सुबह में गुमशुदा हुए किशोरी के पिता विजेंद्र प्रसाद केसरी ने मसौढी थाने पहुंचकर गुमसुदगी की रिपोर्ट लिखाई, लेकिन उसी वक्त उनके व्हाट्सएप पर लापता किशोरी ने फोटो भेजकर लिखा कि हमने मंदिर में शादी कर ली हैं,टेंशन मत लिजिए, जिसको लेकर मसौढी थाने में छात्रा के पिता ने गंगाचक मालिकाना के छोटू उर्फ तिवारी पिता महाजन यादव पर अपनी बेटी की बहला फुसलाकर ले जाकर शादी करने का मामला आवेदन देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई हैं।

## पचास हजार रूपए का इनामी फरार आरोपित गिरफ्तार



**फतुहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नदी थाना पुलिस ने सोमवार को देर थाना क्षेत्र के जेठुली गांव से पचास हजार रूपए का इनामी फरार आरोपी को गिरफतार किया है। इस संबंध में प्रेस वार्ता आयोजित कर ग्रामीण एस पी कुन्दन कुमार ने बताया कि नदी थाना क्षेत्र के जेठुली गांव में दिनांक 20/2/23 को उमेश राय तथा उसके परिजनों द्वारा गोली मारकर चार लोगों की हत्या कर दिया गया था। इस संबंध में नदी थाना में कांड संख्या 76/23 दर्ज कराई गई थी। इस कांड का पचास हजार रुपए का इनामी आरोपी जेठुली गांव निवासी पन्ना लाल राय का पुत्र पप्पू कुमार उर्फ पप्पू राय फरार चल रहा था। जिसे पुलिस ने गुप्त सूचना पर पटना बेयूर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। वहीं एक दूसरी घटना के संबंध में ग्रामीण एस पी ने बताया कि नदी थाना कांड संख्या 41/26 दिनांक 01/2/26 थाना क्षेत्र के बांस तल में दो लोगों के बीच मारपीट हो गई थी। इस झगड़ा के बाद एक व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गया था और युवक लापता हो गया था। लापता युवक बांस तल निवासी राजेंद्र यादव का पुत्र अमित कुमार का शव पुलिस ने दिनांक 0 5/02/26 को गंगा किनारे से बरामद किया था। इस कांड में संलिप्त अप्राथमिक अभियुक्त राजेंद्र यादव का पुत्र संजय यादव को बांस तल से गिरफतार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## जल-जीवन-हरियाली योजना से बदली सूरतः गांव के प्राचीन कुएं का जीर्णोद्धार, नाम पड़ा 'शादी का कुआं'

**धनरूआ के डुमरा गांव में 100 साल पुराना कुआं हुआ चकाचक, ग्रामीणों ने जताई खुशी**

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत धनरूआ प्रखंड के डुमरा गांव में 100 साल पुराने पौराणिक कुएं का जीर्णोद्धार कराया गया है। मुखिया रानी ने इसका नाम 'शादी का कुआं' रखा है। गांव के बुजुर्ग बताते हैं कि यह कुआं करीब 1925 का बना हुआ है। पहले गांव में इसी कुएं के पानी से शादी-ब्याह के सारे रस्म-रिवाज होते थे। मटकोर की रस्म भी यहीं होती थी, इसलिए इसे 'शादी का कुआं' कहते थे। समय के साथ कुआं जर्जर हो गया था। कचरा भर गया था और पानी भी सूख गया था। मुखिया रानी कुमारी ने बताया कि पंद्रहवीं वित के तहत जल-जीवन-हरियाली योजना से कुएं का जीर्णोद्धार कराया गया। कुएं की गहरी उड़ाही कराई गई, अंदर से सफाई कर चूना-गुड़ का पलस्तर किया गया। ऊपर चबूतरा, रेलिंग और बैठने के लिए बेंच बनाई गई। सौंदर्यीकरण के लिए रंग-रोगन और चारों तरफ पौधरोपण भी किया जाना है। मुखिया रानी ने कहा, "कुआं, तालाब, पोखर हमारी विरासत हैं। भू-जल स्तर बढ़ाने में इनकी अहम भूमिका है। जल-जीवन-हरियाली अभियान का मकसद इन्हें बचाना है। अब गांव की महिलाएं फिर से इस कुएं से मटकोर की रस्म करेंगी। बहरहाल जीर्णोद्धार के बाद ग्रामीणों ने कुएं पर पूजा-अर्चना की और कहा की"कुआं चकाचक हो गया है। वहीं बीडीओ सीमा कुमारी ने बताया की जल-जीवन-हरियाली अभियान' के तहत पारंपरिक जल स्रोतों के पुनरुद्धार की धूम है।सार्वजनिक कुओं की सफाई, मरम्मत और रंग-रोगन (जीर्णोद्धार) कर उन्हें चकाचक कर दिया गया है




### शादी में डीजे बजाने के विवाद में मारपीट आधा दर्जन जख्मी, दोनों पक्षों की ओर से केस दर्ज

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी थाना क्षेत्र के माधोचक गांव में शादी विवाह में डीजे बजाने के दौरान दो गुटों में जमकर हिंसक झड़प हो गई, जहां आधा दर्जन लोग जख्मी हुए हैं। इस पूरे मामले में दोनों पक्षों की ओर से प्राथमिकी दर्ज की गई है। पहले पक्ष में प्रमोद कुमार पिता नागेश्वर बिंद ने आवेदन दिया है कि मेरे घर में शादी थी उसे समय शादी में बाजा बजाने को लेकर विवाद हुआ और मारपीट करने लगे जिसमें हिमानी देवी, रोहित कुमार पिता रामानंद बिंद, मीरा देवी, कुंदन, जितेंद्र बिंद, सुदामा सभी लोग घर पर चढ़ कर और मारपीट करते हुए बंदूक दिखाते हुए जान से मारने की धमकी दी,चेन भी छिनतई कर लिया और कपड़ा भी फाड़ दिए, वहीं दूसरे पक्ष में जितेंद्र बिंद पिता स्व. रामानंद बिंद ने लिखा कि हमारे भतीजी का मड़वा था अंगिया विजे रने जा रहे थे,तो गली में डीजे बजाकर नाच रहे थे और जाने नहीं दिए उसी को लेकर मारपीट शुरू हो गया जिसमें रविंद्र कुमार पिता दशरथ बिंद, करण कुमार नागेश्वर बिंद, गणेश, चचन, प्रमोद आदि प अभियुक्त बनाते हुए केस दर्ज कराया गया है दोनों पक्षों द्वारा दिए गए आवेदन पर पुलिस जांच मे जुटी है।

## घर-घर जाकर प्रगणक कर रहे मकान सूचीकरण, जनगणना के पहले फेज का चल रहा युद्धस्तर पर काम

**29 दिन में पूरा होगा हाउस लिस्टिंग का कार्य, मोबाइल ऐप से होगी डिजिटल एंट्री**





**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जनगणना 2026 के पहले चरण का काम मसौढ़ी अनुमंडल में शुरू हो गया है। प्रगणक घर-घर जाकर मकान सूचीकरण का कार्य कर रहे हैं। यह अभियान 02 मई से 31 मई तक चलेगा। इसमें मकान की स्थिति, परिवार के मुखिया का नाम, घर में शौचालय, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं की जानकारी जुटाई जा रही है। मसौढी प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर कुमार ने बताया कि इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल हो रही है। प्रगणक वे 'जनगणना हाउस लिस्टिंग ऐप' में मौके पर ही डेटा फीड कर रहे हैं। हर घर को एक यूनिक 'हाउसहोल्ड नंबर' भी दिया जा रहा है। मसौढ़ी प्रखंड के लिए 341 प्रगणक और 65 सुपरवाइजर लगाए गए हैं। सभी को 7 दिन की ट्रेनिंग दी गई है। बीडीओ ने अपील की है कि लोग प्रगणकों का सहयोग करें। सही जानकारी दें। आपकी जानकारी गोपनीय रहेगी। इसका उपयोग सिर्फ नीति बनाने में होगा। एसडीओ ने कहा कि सभी प्रगणकों के पास भारत सरकार का आई-कार्ड और ऑथोरिटी लेटर है। कोई भी व्यक्ति आई-कार्ड देखे बिना जानकारी न दे। मकान सूचीकरण के बाद फरवरी 2027 में जनसंख्या गणना यानी हेड काउंट का काम होगा। उसमें हर व्यक्ति का नाम, उम्र, लिंग, शिक्षा, रोजगार आदि की जानकारी ली जाएगी। प्रगणक सुबह 8 से शाम 6 बजे तक आएंगे कोई शुल्क नहीं देना है, काम पूरी तरह निःशुल्क है- गलत जानकारी देना दंडनीय अपराध है,किरायेदार की जानकारी भी मकान मालिक को देनी होगी।इसके अलावा एसडीएम अभीषेक कुमार ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों के संकलन की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह शासन-प्रशासन के लिए नीति निर्माण का सबसे महत्वपूर्ण साधन है। सटीक और अद्यतन आंकड़ों के आधार पर ही सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना एवं सामाजिक कल्याण से संबंधित योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कर सकती है।

## ऑर्बोसिस स्टार्टअप अवॉर्ड्स में इंदौर के टॉप 50 इमर्जिंग स्टार्टअप हुए सम्मानित

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हर स्टार्टअप के पीछे सिर्फ एक विचार नहीं, बल्कि हजारों प्रयोग, रिस्क लेने की हिम्मत और कुछ अलग कर दिखाने की जिद छिपी होती है। लेकिन इन सबसे परे, जब उन्हें सही पहचान और मंच मिल जाता है, तभी ये कोशिशें असली मायने में उड़ान भरती हैं और नए मुकाम तय करती हैं। इसी सोच को साकार करता नजर आया इंदौर में आयोजित 'ऑर्बोसिस स्टार्टअप अवॉर्ड्स 2026', जहाँ शहर के उभरते स्टार्टअप्स और उनके पीछे खड़े विजनरी फाउंडर्स को सम्मानित किया गया। साथ ही, 100 से ज्यादा स्टार्टअप्स की मेहनत और जुनून को 'रैंप वॉक रनवे' जैसे अनोखे कॉन्सेप्ट के जरिए पेश किया गया। इस पहल का नेतृत्व ऑर्बोसिस ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड के फाउंडर प्रभात अग्रवाल ने किया। उनके साथ डायरेक्टर्स पूजा मोगल, ऋतु अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल और शुभम पाटीदार ने भी आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। वहीं, एआईएस सिग्नेचर ने ऑफिशियल पॉवर पार्टनर के रूप में इस पहल को मजबूती दी, जिससे स्थानीय स्टार्टअप इकोसिस्टम को और गति मिली। कार्यक्रम का सबसे चर्चित हिस्सा रहा पीआर 24X7 के साथ आयोजित टॉक शो, जिसमें परसेप्शन बिल्डिंग और ब्रांड प्रेजेंस पर गहन चर्चा हुई। इस सेशन ने नए फाउंडर्स को यह समझने का मौका दिया कि सिर्फ अच्छा प्रोडक्ट ही नहीं, बल्कि सही कहानी और सही प्रस्तुति भी उतनी ही जरूरी होती है। इस चर्चा में पीआर 24X7 की सीईओ नेहा गौर के साथ नीवक्लाउड और रैकबैंक के फाउंडर नरेंद्र सेन, वियासॉकेट और वॉकओवर के फाउंडर पुष्पेंद्र अग्रवाल और मोशनजिलिटी के फाउंडर हिमांशु चतुर्वेदी जैसे अनुभवी उद्यमी शामिल हुए। नेहा गौर ने अपने विचार साझा करते हुए कहा,"स्टार्टअप की शुरूआत में उसकी कहानी ही उसकी सबसे बड़ी ताकत होती है। पब्लिक रिलेशंस सिर्फ दिखने का माध्यम नहीं, बल्कि भरोसा बनाने की नींव है, जो किसी भी ब्रांड को मुश्किल समय में भी मजबूत बनाए रखती है। सभी विजेताओं को बहुत-बहुत बधाई।" इस पहल के विजन पर बात करते हुए प्रभात अग्रवाल ने कहा, "हमारा उद्देश्य सिर्फ सम्मान देना नहीं, बल्कि एक ऐसा मंच बनाना है जहाँ स्थानीय स्टार्टअप्स को वही पहचान और सम्मान मिले, जिसके वे हकदार हैं। 'रनवे' कॉन्सेप्ट के जरिए हम यह प्रदर्शित करना चाहते हैं कि अब इनोवेशन ही मध्य भारत की नई पहचान बन रहा है। इस इवेंट में 50 ऐसे स्टार्टअप फाउंडर्स को सम्मानित किया गया।



## संक्षिप्त समाचार

### जविप्र दुकानदारों को मिल रहा है घटिया अनाज

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाजार समिति स्थित सरकारी गोदाम से जन वितरण दुकानदारों को मिलावट वाला घटिया अनाज मुहैया कराया जा रहा है। भटगांव पंचायत के दो जन वितरण दुकानदारों ने इसकी शिकायत मार्केटिंग ऑफिसर से की है। वही बांध रोड के एक दुकानदार को घटिया चावल भी मुहैया कराया गया है शिकायत के बावजूद भी घटिया सामान बदला नहीं जा रहा है। जिसके चलते जन वितरण दुकानदारों में आक्रोश है दुकानदारों का कहना है कि बिना टैग वाला पैकेट वाला अनाज कालाबाजारी के माध्यम से गोदाम पहुंच जाता है और वही अनाज मुहैया करा दिया जाता है। जिससे मिलर की पहचान नहीं हो पाती है और इस गोरख धंधे में संवेदक और गोदाम के अञ्ञ्ट सहित कई लोगों की संलिपिता रहती है। मामले को लेकर जब मार्केटिंग ऑफिसर अरुण कुमार से बात की तो उन्होंने मामला को सही बताते हुए इस तरह की शिकायत आने की बात कही है। वही अनुमंडल आपूर्ति पदाधिकारी राजेश कुमार गुप्ता से भी जब शिकायत की गई तो उन्होंने अभिलंब अनाज बदले जाने और गलत तरीके से अनाज का स्टोर किए जाने पर चिंता जताते हुए यथाशीघ्र संज्ञान लेने की बात कही है। जबकि गोदाम मैनेजर से पूछा गया तो उन्होंने मामले पर चुप्पी साध दिया।

### अधिवक्ता के निधन के बाद कोर्ट का कार्य बंद

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** व्यवहार न्यायालय के अधिवक्ता नवल किशोर प्रसाद का हृदय गति रुक जाने के बाद अचानक मौत हो जाने की खबर मंगलवार की सुबह बाढ़ व्यवहार न्यायालय पहुंची जिसके बाद अधिवक्ताओं ने न्यायालय का काम बंद करते हुए। अधिवक्ता के प्रति शोक सभा का आयोजन किया एवं उनके आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की किया।

### 12 लाख की हेरोइन के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोमवार को रेल पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल की संयुक्त टीम ने बाढ़ रेलवे स्टेशन पर छापेमारी कर 12 लाख की हीरोइन के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। कारोबारी की पहचान रामदयाल राय, उम्र 41 वर्ष, पिता स्वर्गीय महेंद्र राय, निवासी ग्राम काला दियारा, पोस्ट गयासपुर, थाना सालिमपुर, जिला पटना के रूप में हुई है।आरोपी को बाढ़ रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-2 से पकड़ा गया। प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट सौरभ सुमन की उपस्थिति में विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए अभियुक्त के पास से 59.15 ग्राम हीरोइन, जो कि पाँच छोटे साबुन के डिब्बे जैसे आकार के बॉक्स में रखी गई थी, बरामद की गई।बरामद हीरोइन की अनुमानित कीमत लगभग 12 लाख रुपए आंकी गई है।अभियुक्त से पूछताछ में उसने बताया कि वह 3-4 दिन पूर्व असम के सिलचर गया था, जहाँ से उसने यह मादक पदार्थ मोहम्मद कलीमुद्दीन, पिता मोहम्मद अली, निवासी देवपुर, कलचार तिल बाजार, करीमगंज, असम से लगभग 40,000 प्रति ग्राम की दर से खरीदा था। अभियुक्त रामदयाल राय के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत बाढ़ रेल थाने में केस दर्ज किया गया है। बाढ़ रेल थाना अध्यक्ष मनी चंद्र पांडे ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई । इस संबंध में केस दर्ज कर लिया गया है।

### राजस्व पदाधिकारी को पिस्तौल दिखाकर दी धमकी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के राजस्व पदाधिकारी गौरव सुमन पर कुछ लोगों ने उमानाथ मंदिर परिसर में जमीन जांच के दौरान पिस्तौल दिखाकर धमकी दी। वहीं उनकी गाड़ी को रोक कर जांच कार्य में बाधा उत्पन्न की। इस संबंध में पदाधिकारी ने बाढ़ थाने में सकसोहरा थाने के मननचक गांव निवासी दिलीप पांडे और धर्मेंद्र पांडे के विरुद्ध केस दर्ज कराया गया है। राजस्व पदाधिकारी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि वह जमीनी विवाद की जांच करने के लिए अपने कर्मचारी हेमंत कुमार भूषण के साथ उमानाथ मंदिर परिसर में गए थे। इसी दौरान 10-15 लोग मौके पर जमा हो गये। इसमें धर्मेंद्र पांडे और दिलीप पांडे ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। वाहन में बैठने के दौरान गाड़ी रोक कर धमकी दी और पिस्तौल निकाल कर जान मारने की कोशिश की गयी। पुलिस मामले की जांच कर रही है ।वहीं कथित अभियुक्तों ने आरोपों को मनगढ़ंत बताते हुए निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

### बाढ़ के होटल का कुक लापता

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के थाना रोड में स्थित वृंदावन होटल का कुक कमलेश कुमार लापता हो गया है। इस संबंध में कुक की मां सीतामढ़ी जिले के बथनाहा थाने के मल्ही गांव निवासी बेचैनी देवी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है ।पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

### शादी के पहले ही युवती की लापता

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत विकास नगर निवासी बीए की छात्रा शादी के पहले ही लापता हो गई। परिजनों का कहना है कि पंचशील नगर निवासी आनंद कुमार ने उसकी पुत्री को भगाकर नालंदा में शादी कर ली है ।पुत्री की शादी तय हो चुकी थी और ससुराल वालों को 50 हजार रुपए और बाइक भी दिया गया था। इसी दौरान घटना हो गई ।इस संबंध में गोलू, रोहित, आनंद और अंकित के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है।

### विवाद में ब्लेड से तीन को किया जख्मी, एक गिरफ्तार

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ थाने के भटगांव में जमीन के मुआवजे की राशि का बंटवारा करने के विवाद में ब्लेड से तीन लोगों को काटकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया गया। इसमें जख्मी बिरजू राय को पीएमसीएच रेफर किया गया है। पुलिस ने एक हमलावर नरेश राय को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में सूरज कुमार ने बताया कि जमीन के मुआवजे के विवाद को लेकर नरेश राय, नीतीश, सुभाष एवं अन्य लोगों ने ब्लेड से हमला कर दियाव हमले में बिरजू राय, अरविंद राय और गोलू कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गये। वही बिरजू राय की गर्दन में गंभीर रूप से जख्म हुआ है ।प्राथमिक उपचार के बाद जख्मी को पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। पुलिस घटना में शामिल अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर कार्रवाई कर रही है।

### चुनाव में मिली जीत पर भाजपा में हर्ष

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा की प्रचंड जीत पर स्थानीय विधायक डॉ. सियाराम सिंह के ढेलवागोसाई स्थित आवासीय कार्यालय पर दिवाली मनाई गई। इस दौरान कार्यकताओं ने एक-दूसरे को जमकर अबीर-गुलाल लगाया, मिठाइयां खिलाई और पटाखे फोड़कर अपनी खुशी का इजहार किया। वरिष्ठ नेता मुकेश सिंह, हेमंत कुमार सिंह, प्रिय रंजन कुमार ,अवनीत गुंजन, सौम्या सिंह और साक्षी सिंह आदि मौजूद रहे।

### एसी एसटी एक्ट के दो अभियुक्त गिरफ्तार

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मंगलवार को हथियाकन्द सराय व तिलहरी पांडेयपुर गांव में पुलिस ने छापेमारी करते हुए एससी एसटी एक्ट के दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद दोनों अभियुक्त को पुलिस ने जेल भेज दिया है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन को लेकर पदाधिकारियों के साथ बैठक



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 09 मई 2026 के सफल आयोजन के मद्देनजर जिले के सभी एक्जीक्यूटिव पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नितिन त्रिपाठी, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, मोतिहारी द्वारा की गई। बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित लंबित वादों की विस्तृत समीक्षा की गई। विशेष रूप से श्रम वाद, खनन संबंधी वाद, वन्य वाद तथा ट्रैफिक चालान (ई-चालान) मामलों के शीघ्र निष्पादन पर विशेष बल दिया गया। सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने विभागों में लंबित मामलों को चिन्हित कर प्राथमिकता के आधार पर सूची तैयार करें तथा संबंधित पक्षकारों को समय पर नोटिस तामिला सुनिश्चित कराते हुए अधिक से अधिक मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में लाकर उनका निष्पादन सुनिश्चित करें। बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि जिले में बड़ी संख्या में ई-चालान लंबित हैं, जिनमें से कई मामले 90 दिनों से अधिक समय से लंबित हैं। ऐसे मामलों के त्वरित निष्पादन हेतु विशेष पहल की जा रही है। राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से वाहन मालिकों एवं चालकों को राहत प्रदान करते हुए उन्हें केवल 50 प्रतिशत राशि जमा कर चालान निपटाने का अवसर दिया जाएगा। इस पहल से न केवल लंबित मामलों में कमी आएगी, बल्कि आम नागरिकों को सुलभ एवं त्वरित न्याय भी प्राप्त होगा। ट्रैफिक चालान मामलों के प्रभावी निष्पादन हेतु महात्मा गांधी प्रेक्षागृह में तीन विशेष बेंचों का गठन किया गया है, जहां संबंधित मामलों की सुनवाई कर त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा।

जिला प्रशासन द्वारा सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया गया कि इस योजना एवं राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग इस अवसर का लाभ उठा सकें। साथ ही, यह भी सुनिश्चित करने पर बल दिया गया कि आम नागरिकों को अनावश्यक रूप से न्यायालय के चक्कर न लगाने पड़ें और उन्हें सरल एवं सुलभ प्रक्रिया के माध्यम से राहत प्राप्त हो।बैठक में ज्ञानेश्वर प्रकाश, रामजन्म पासवान, अजय कुमार, निवेदिता कुमारी, निधि कुमारी, रमाकांत कुमार, अक्षय कुमार सहायक निदेशक बाल संरक्षण इकाई सह सहायक निदेशक जिला दिव्यांगजन कोषांग पूर्वी चंपारण मोतिहारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। अंत में सचिव महोदय द्वारा सभी पदाधिकारियों से अपील की गई कि वे आपसी समन्वय स्थापित करते हुए पूर्ण तत्परता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें, ताकि अधिक से अधिक वादों का निष्पादन कर इस राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल, प्रभावी एवं जनोपयोगी बनाया जा सके।

## बिक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जीत का जश्न

**पटना/बिक्रम/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी बिक्रम नगर मंडल एवम् बिक्रम ग्रामीण मंडल की ओर से पश्चिम बंगाल, असम एवम् पुडुचेरी में भाजपा की सरकार बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने शहीद चौक बिक्रम में कार्यकर्ताओ ने जीत का जश्न मनाते हुए पटाखे फोड़े एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर मिठाईयो बॉटे कार्यकर्ताओ मे खुशी की लहर है। जिसका नेतृत्व अभिशेख रंजन मोन्टी एवम् सतीश कुमार ने किया। कार्यकर्ताओ को शुभकामना देते हुए कहा कि ह्लपश्चिम बंगाल की इस ऐतिहासिक जीत पर भारतीय जनता पार्टी के सभी नेताओं, कार्यकताओं और समर्थकों को दिल से हार्दिक बधाई। यह सिर्फ एक चुनावी जीत नहीं, बल्कि जनता के विश्वास, मेहनत और बदलाव की चाह की जीत है। बंगाल ने दिखा दिया कि विकास, सुशासन और राष्ट्रहित ही सबसे ऊपर है। यह विजय हर उस कार्यकर्ता की है जिसने दिन-रात मेहनत की, हर उस मतदाता की है जिसने बदलाव पर भरोसा जताया। असम और पुंडुचेरी में फिर से भाजपा सरकार बनने पर कार्यकर्ताओ को बधाई दी । बधाई देने वालो में जिला उपाध्यक्ष तेज नारायण शर्मा, पंकज सिंह, सुब्रत वासुदेव, अविनाश कुमार उपाध्याय, योगेश तिवारी, जितेन्द्र यादव, सूर्य नारायण सिन्हा, रामा राव, पिन्दु कुमार, उज्जवल कुमार, मुकेश सिंह, पंकज कुमार, मोहित कुमार, राकेश सिंह, देवान्सु उपाध्याय, पप्पु यादव, मुन्ना सिंह, विकाश कुमार उर्फ भालू सेठ सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## किसानों ने अधिकारियों के समक्ष रखी अपनी मांग

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड अंतर्गत जमालपुर में करजान ताजपुर पुल का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसी क्रम में मंगलवार को जमालपुर तीनपाई मौजा के कुछ किसानों ने मुआवजा नहीं मिलने और रैयती भूमि को अधिग्रहण ने ज्यादा कब्जा करने का पुल प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए कार्य को बाधित करने का प्रयास किया। जिसकी सूचना मिलते ही बाढ़ अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर राजस्व अधिकारी सह प्रभारी अंचलाधिकारी भावेश कुमार प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी एवं बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। और किसानों से बात की।इस संबंध में जानकारी देते हुए राजस्व अधिकारी ने बताया कि जमालपुर तीनपाई मौजा में दो किसानों ने अपनी समस्या बताई। जिसे सुनने के बाद मौके पर मौजूद अमीन द्वारा भूमि की मापी कर समस्या का निष्पादन किया गया। वहीं किसान अरुण कुमार सिंह द्वारा मुआवजा से संबंधित समस्या बताए जाने पर उन्हें भू अर्जन विभाग पटना से संपर्क करने की सलाह दिया गया।

## बाल विकास परियोजना कार्यालय बंद, 12 बजे तक नहीं मिले अधिकारी



**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय मंगलवार को निर्धारित समय पर बंद पाया गया।सरकारी नियमों के अनुसार कार्यालय सुबह 10:00 बजे खुलना चाहिए था, लेकिन दोपहर 12:00 बजे तक भी कार्यालय का ताला नहीं खुला और न ही कोई अधिकारी या कर्मचारी वहां मौजूद मिला।लेकिन महिला प्रवेक्षिका ज्योति कुमारी कार्यालय के पास कार्यालय खुलने का इंतजार कर रही थी उनसे बात करने पर उन्होने बताई की हम भी कुछ देर से गेट मे बाहर खड़े हैं. वही कार्यालय बंद रहने के कारण अपने कार्यों के लिए पहुंचे आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई महिलाएं और लाभार्थी आंगनबाड़ी से संबंधित कामों के लिए घंटों इंतजार करते रहे, लेकिन निराश होकर वापस लौटना पड़ा। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह कोई पहली घटना नहीं है, अक्सर इस तरह की लापरवाही देखने को मिलती है। उन्होंने संबंधित विभाग से कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि समय पर कार्यालय नहीं खुलने से सरकारी योजनाओं का लाभ आम जनता तक नहीं पहुंच पा रहा है। इस मामले में डीपीओ निधि कुमारी ने बताई की मामले की जांच कर उचित करवाई की जाएगी।

## स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता से सशक्त हो रहीं बिहार की महिलाएं : हिमराज राम

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जदयू प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम एवं प्रदेश प्रवक्ता परिमल कुमार ने जारी बयान में कहा कि बिहार में महिलाओं के सशक्तिकरण की जो मिसाल आज देखने को मिल रही है, वह नीतीश कुमार द्वारा की गई सामाजिक परिवर्तन की देन है। कभी घर की चारदीवारी तक सीमित रहने वाली महिलाएँ आज न केवल अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हुई हैं, बल्कि समाज के हर क्षेत्र में नेतृत्व की भूमिका निभा रही हैं। स्वरोजगार, उद्यमिता और आत्मनिर्भरता के माध्यम से वे अपने परिवार और राज्य की अर्थव्यवस्था को सशक्त बना रही हैं। इस परिवर्तन के पीछे माननीय नीतीश कुमार की दूरदर्शी नीतियाँ और ठोस निर्णय हैं। माननीय नीतीश कुमार ने महिला सशक्तिकरण को केवल एक नारा नहीं, बल्कि नीति का केंद्र बनाया। पंचायतों और नगर निकायों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देकर उन्होंने उन्हें निर्णय प्रक्रिया का भागीदार बनाया, जिससे लाखों महिलाओं को नेतृत्व का अवसर मिला और उनकी सामाजिक भागीदारी सुनिश्चित हुई। आज बिहार की महिलाएँ हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं—चाहे वह शिक्षा हो, स्वास्थ्य, प्रशासन या व्यवसाय। वे न केवल आत्मनिर्भर बनी हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव की वाहक भी बन रही हैं। यह बदलाव बिहार के विकास की नई दिशा को दर्शाता है, जहाँ महिलाएँ अब मजबूर नहीं, बल्कि सशक्त और आत्मविश्वासी हैं। महिलाओं का सशक्तिकरण ही समाज के समग्र विकास की कुंजी है। जदयू आगे भी इस दिशा में निरंतर प्रयासरत रहेगा, ताकि बिहार की हर महिला को सम्मान, अवसर और आत्मनिर्भरता का अधिकार मिल सके।

## हरसिद्धि में अवैध वसूली करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वी चंपारण जिले के हरसिद्धि थानांतर्गत ग्राम - हरसिद्धि, दुर्गा मंदिर के समीप से एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त की पहचान मो. हसमुद्दीन, पुत्र रहमतुल्लाह मियां, साकिन दुदही, थाना-हरसिद्धि, जिला-पूर्वी चंपारण के रूप में की गई है। गिरफ्तारी के समय अभियुक्त के पास से अवैध टिकट पर्चियां एवं 410 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। प्रकरण में विधि सम्मत आगे की कार्रवाई की जा रही है। जिला प्रशासन, पूर्वी चंपारण का यह स्पष्ट संदेश है कि किसी भी प्रकार की अवैध वसूली एवं ठगी को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आम नागरिकों से अपील की जाती है कि इस प्रकार की किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल स्थानीय थाने अथवा जिला प्रशासन को दें ।

## बगहा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर इकाई की बैठक संपन्न

**बगहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बगहा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष पूर्ण होने पर संघ अपना शताब्दी वर्ष मना रहा हैं। इसके तहत विभिन्न अवसरो पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जा जरा हैं। इसी के तहत समाजिक सद्भाव बैठक का आयोजन नगर के शान्ति विवाह भवन में किया गया। इस बैठक में नगर के विभिन्न समाज तथा समुदाय के सैकड़ों लोगो ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर बिहार के प्रान्त प्रचारक श्रीमान रविशंकर जी की उपस्थिति रही। बैठक में श्रीमान रविशंकर जी ने स्वयंसेवको सहित गणमान्य लोगो को सम्बोधित करते हुए सामाजिक सद्भाव पर प्रकाश ड़ालते हुए सभी वर्ग के लोगो को एक सूत्र में पिरोने का आह्वान किया। इनके अनुसार संघ में सभी जाति के लोग एक साथ मिलकर भाई बंधुत्व की भावना से रहते हैं।इन्होने पंच परिवर्तन के तहत समाज में व्याप्त अन्यान्य कुरीतियों को भी दूर करने का सुझाव दिया। बैठक में सतीश कुमार, समरेंद्र किशोर,दिनेश अग्रवाल, प्रवीण कुमार, उमेश अग्रवाल, जितेन्द्र कुमार, राजेंद्र पाठक, अरविंदनाथ तिवारी, रवि जी, सुरेश जी, चंद्रप्रकाश देव, राकेश जी, विक्रांत राय, मनोज साहु, राजीव कुमार आदि स्वयंसेवको सहित समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




## वाल्मीकि नगर में शादी-ब्याह के दौरान गैस का संकट, विधायक ने डीएम को लिखा पत्र



**वाल्मीकि नगर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र में शादी-विवाह जैसे महत्वपूर्ण आयोजनों के दौरान एलपीजी गैस की कमी को लेकर वाल्मीकि नगर विधायक सुरेंद्र प्रसाद कुशवाहा ने पश्चिमी चंपारण के जिलाधिकारी को पत्र लिखकर समस्या के समाधान की मांग की है। विधायक ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि वाल्मीकि नगर विधानसभा क्षेत्र के लोगों से लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि शादी एवं अन्य शुभ अवसरों पर घरेलू गैस सिलेंडर समय पर उपलब्ध नहीं हो पाता है। इससे आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और विवाह जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में बाधा उत्पन्न हो रही है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति तब और अधिक चिंताजनक हो जाती है जब सरकार के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद संबंधित गैस एजेंसियां समय पर सिलेंडर उपलब्ध नहीं करा रही हैं। विधायक ने जिलाधिकारी से आग्रह किया है कि जिन परिवारों में शादी या अन्य महत्वपूर्ण आयोजन निर्धारित हों, उनके आवेदन एवं विवाह कार्ड के आधार पर प्राथमिकता देते हुए गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। इससे आम जनता को राहत मिलेगी और आयोजनों में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। विधायक ने प्रशासन से इस दिशा में त्वरित कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि लोगों को आवश्यक सेवाएं समय पर उपलब्ध कराई जा सकें।

## 8 मई को एकदिवसीय जॉब सह कैरियर मार्गदर्शन कैम्प का आयोजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला नियोजनालय के कैंपस में 08 मई को प्रातः 11 बजे एक दिवसीय जॉब कैंप सह - कैरियर मार्गदर्शन कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस जॉब कैम्प में 2कॉम कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा भाग लिया जाएगा और अभ्यर्थियों का चयन ऑपरेटर/वर्कर पद के लिए किया जाएगा। विभिन्न पदों के लिए योग्यता 12 वीं / आई टी आई / डिप्लोमा पास आवश्यक है, उम्र पुरुष 18 - 32 वर्ष निर्धारित है।

## नवनिर्मित शिक्षा भवन का जिलाधिकारी ने उप विकास आयुक्त के साथ किया निरीक्षण

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिक्षा विभाग बेली सराय स्थित नवनिर्मित शिक्षा भवन का शुभारंभ किया गया। जिसके उपरांत सौरव जोरवाल जिला पदाधिकारी एवं डॉ. प्रदीप कुमार उप विकास आयुक्त के द्वारा उक्त भवन का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा कहा गया कि भवन बन जाने से सभी को काफी सुविधा मिलेगी। एक ही स्थान पर सभी संभाग होने से एवं भविष्य में शिक्षा विभाग के समीक्षा बैठक एवं अन्य बैठक उक्त नवनिर्मित भवन से किया जा सकता है। भवन के ग्राउंड तल पर स्थापना शाखा, प्रथम तल पर योजना एवं लेखा के साथ मध्याह्न भोजन शाखा, द्वितीय तल पर जिला शिक्षा पदाधिकारी का कार्यालय एवं माध्यमिक शिक्षा एवं साक्षरता तृतीय तल पर समग्र शिक्षा कार्यालय संचालित किए जा रहे हैं।



## अनुमंडल अस्पताल का आरडीडी ने किया औचक निरीक्षण

### खामियां मिलने पर जताई नाराजगी, छह डॉक्टर मिले गायब



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्रीय अपर निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. रूपम ने मंगलवार को मसौढ़ी अनुमंडल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। सुबह 12:30 बजे पहुंचे,जहाँ आरडीडी ने सबसे पहले ओपीडी में उपस्थित सभी डॉक्टर की उपस्थिति की जांच की, जहाँ छह डॉ अनुपस्थित मिले जिनके एचआरएमएस से अटेंडेंट नही बना था, उसके बाद दवा भंडार के स्टॉक रजिस्टर की जांच की गई,दवा भंडार का निरीक्षण कर पर स्टॉक रजिस्टर और फिजिकल स्टॉक की जांच की गई, आरडीडी ने कहा अस्पताल में साफ-सफाई और डॉक्टरों की उपस्थिति सबसे जरूरी है। मरीजो के साथ लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो डॉक्टर बिना सूचना गायब रहेगें उनका एक दिन का वेतन काटा जाएगा। जांच के दौरान अस्पताल प्रबंधक पर लेखपाल अरविंद कुमार के द्वारा दुर्व्यवहार करने की भी शिकायत सामने आई जहां इस शिकायत पर अस्पताल उपाधीक्षक को पटना मुख्यालय में बुलाया गया है जिसकी जांच पड़ताल की जा रही है। नहीं डाटा ऑपरेटर एवं अकोटेंट की क्रियाकलाप के भी जांच की गई है। मौके पर अस्पताल प्रभारी उपस्थित रहे।

## स्नातक पंचम सेमेस्टर की परीक्षा अंतिम दिन शांतिपूर्ण संपन्न

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बी.आर.ए. बिहार विवि, मुजफ्फरपुर के तत्वावधान में स्नातक (सी.बी.सी.एस) पंचम सेमेस्टर, सत्र 2023-27 की परीक्षा 24 अप्रैल 2026 से प्रारंभ है । मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी को एस.आर.ए.पी कॉलेज, चकिया, मोतिहारी डिग्री इवनिंग कॉलेज, मोतिहारी, के.एस.आर. एन. डिग्री कॉलेज, मठिया और एस.एन.एस. आर.एन.एस. डिग्री कॉलेज, केसरिया के परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा के आठवें और अंतिम दिन मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी परीक्षा केंद्र पर प्रथम पाली में माइनर ग्रुप-जी के अंतर्गत इतिहास और मानव संसाधन प्रबंधन विषयों की परीक्षा संपन्न हुई, जिसमें कुल 1154 परीक्षार्थी उपस्थित रहे।

## एआई से भविष्य में लगभग 39 प्रतिशत कौशलों में परिवर्तन देखने को मिलेगा : डॉ. गोस्वामी

### महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के मीडिया अध्ययन विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों प्रतिभागियों ने की सहभागिता



**मोतीहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के मीडिया अध्ययन विभाग द्वारा 'डिजिटल तत्परता एवं उन्नयन हेतु कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एडीरा)' के अंतर्गत मंगलवार को एक विशेष एआई कार्यशाला का आयोजन किया गया।ऑनलाइन कार्यशाला में मीडिया अध्ययन विभाग सहित विश्वविद्यालय के सैकड़ों प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के संयोजक मीडिया अध्ययन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अंजनी कुमार झा थे, वही मुख्य वक्ता डॉ. मानस प्रतिम गोस्वामी ने 'कौशलों का भविष्य और कृत्रिम बुद्धिमत्ता' विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिए। स्वागत भाषण में विभागाध्यक्ष डॉ. अंजनी कुमार झा ने कहा कि समय के साथ यदि हमें प्रतिस्पर्धा में बने रहना है तो एआई के अनुरूप कौशल भी विकसित करना होगा। आज एआई ने अध्ययन, अध्यापन से लेकर अनेक क्षेत्रों में कार्य की क्षमता को लेकर हमारे सामने चुनौतियां प्रस्तुत की है। इसे हमें चुनौती के रूप में स्वीकार कर आगे बढ़ने का प्रयास करना करना चाहिए। मुख्य वक्ता डॉ.मानस प्रतिम गोस्वामी ने बताया कि आने वाले समय में लगभग 39 प्रतिशत कौशलों में परिवर्तन देखने को मिलेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के कारण नौकरियों का स्वरूप बदल रहा है, परंतु यह तकनीक रोजगार समाप्त नहीं करती, बल्कि नए अवसरों का सृजन करती है। इसके लिए युवाओं को नए कौशल सीखने और स्वयं को अद्यतन करने की आवश्यकता है। कार्यशाला के दौरान 'भारत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का बदलता परिदृश्य' विषय पर भी चर्चा की गई, जिसमें बताया गया कि एआई देश के विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से प्रभाव डाल रहा है। इसके साथ ही 'भारत की सूचना यात्रा' के माध्यम से देश में सूचना एवं संचार तकनीक के विकास क्रम को भी प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुति के दौरान विभिन्न स्लाइड्स के माध्यम से एआई के विकास, उसके अनुप्रयोग तथा डिजिटल युग में उसकी बढ़ती भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

# ट्रैफिक चालान निस्तारण के लिए विशेष कैंप की व्यवस्था



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** 9 मई को आयोजित होने राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर प्रधान जिला जज राजीव रंजन कुमार ने प्रेसवार्ता के दौरान अधिक से अधिक सुलहनीय वादों के निपटारे पर जोर दिया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल मौजूद रही। जिला जज ने बताया कि इस बार लोक अदालत में यातायात चालान के निस्तारण के लिए विशेष कैंप की व्यवस्था की गई है। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में 11 एवं अनुमंडलीय न्यायलय दाउदनगर में 3 बेंचों का गठन किया गया है। ऋण से संबंधित वादों के निस्तारण के लिए अनुमंडलीय न्यायालय दाउदनगर में ही व्यवस्था किया गया है। जिला जज ने बताया कि लोक अदालत के लिए न्यायालय में लंबित सभी तरह के सुलहनीय वादों से संबधित नोटिस को विभिन्न थाना के माध्यम से पक्षकार को हस्तगत कराया गया है साथ ही तामिला प्रतिवेदन पर प्राप्त मोबाईल संख्या के आधार पर कार्यालय द्वारा उन्हें लोक अदालत के दिन उपस्थित रहने हेतु भी सूचित किया गया है। जिला जज ने बताया कि सरकार के निर्देश के आलोक में यातायात चालान निष्पादन योजना, 2026 लागू की गयी है जिसमें शमन की राशि में 50 प्रतिशत तक कम करने का प्रावधान है। सरकार के इस योजना से बड़ी संख्या में लोगों के चालान जमा करने हेतु सम्मिलित होने की संभावना है जिसके लिए न्यायालय परिसर में अलग से व्यवस्था की जा रही है। जिला जज द्वारा जिले वासियों से अपील की है कि लोक अदालत का अधिक से अधिक फायदा उठायें और लोक अदालत के दिन आकर अपने वादों को निस्तारण कराने में विषेष रूचि लें और लोक अदालत का फायदा जिलावासियों को अधिक से अधिक मिले इसके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार तत्पर है। प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल ने बताया कि प्रारम्भिक स्तर पर अभी तक 2904 सुलहनीय वाद चिह्नित किया गया है तथा 45 वादों में निस्तारण हेतु सहमति प्रदान किया गया है तथा 400 से अधिक वादों का निस्तारण का लक्ष्य से संबधित ब्यौरा संवाददाताओं का उपलब्ध कराया गया। साथ ही प्री-लिटिगेषन के अंतर्गत 5170 से अधिक बैंक ऋण संबधित मामलों में पक्षकारों को नोटिस किया गया है तथा 1500 से अधिक मामलों को इस लोक अदालत में निस्तारण का लक्ष्य रखा गया है और इनसे संबंधित नोटिस प्रेषण की कार्रवाई की जा चुकी है, जिसे आगे बढ़ने की संभावना है। साथ ही साथ प्रेस वार्ता के समय बताया गया कि न्यायालय स्तर से बड़े पैमाने पर नोटिस प्रेषित करने की कार्रवाई की गयी है जिससे कि न्यायालय में लंबित सभी तरह के सुलहनीय मामलों का अधिक से अधिक निस्तारण संभव हो सकेगा।

# छात्रवृत्ति संबंधित समस्या-समाधान हेतु तकनीकी सहायता शिविर



**नबिटा संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** दाउदनगर महाविद्यालय में मंगलवार को अजीमजी प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा संचालित छात्रवृत्ति योजना से संबंधित जानकारी हेतु तकनीकी सहायता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर फाउंडेशन की तकनीकी टीम जिसमें नरेंद्र, शुभाशुं, अविनाश एवं अजीम ने महाविद्यालय पहुंचकर छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति आवेदन प्रक्रिया से जुड़ी विभिन्न समस्याओं की जानकारी दी।

शिविर में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और ऑनलाइन आवेदन, दस्तावेज अपलोड, पोर्टल लॉगिन, आवेदन संशोधन तथा अन्य तकनीकी समस्याओं के संबंध में विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया। टीम द्वारा विद्यार्थियों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया गया, जिससे छात्र-छात्राओं में उत्साह देखा गया।

महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) एम.एस. इस्लाम ने इस पहल को विद्यार्थियों के हित में महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे अधिकाधिक छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर महाविद्यालय के नोडल पदाधिकारी डॉ. देव प्रकाश, विकसित भारत के नोडल पदाधिकारी डॉ. शशांक मिश्र एवं आई. क्यू.ए. सी के प्रभारी डॉ ज्योतिष कुमार सहित संबंधित विभागों के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल संचालन में कई ने सहयोग प्रदान किया।

## एक नजर

### मोटरसाइकिल चोरी, प्राथमिकी

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** शहर के स्मार्ट प्वाइंट के पास से मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला प्रकाश में आया। इस संबंध में अदलपुर गांव की किरण कुमारी ने रफीगंज थाना में अज्ञात चोर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें उल्लेख किया है कि गांव के सुशील कुमार काले सिल्वर कलर की स्पेलेंडर मोटरसाइकिल संख्या बीआर02बीबी/4676 लेकर खरीदारी करने बाजार आये थे। स्मार्ट प्वाइंट के पास मोटरसाइकिल खडीकरके खरीदारी करने गये थे।थोड़ी देर में वापस आने पर मोटरसाइकिल वहां नहीं मिली।काफी खोज बिन किया। थानाध्यक्ष शंभु कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मोटरसाइकिल की खोजबीन की जा रही है।

### दो शराबी गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के कंचनपुर गांव में शराब के नशे में हंगामा कर रहे दो व्यक्तियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान सूरज कुमार, पिता गोपाल सिंह एवं मुन्ना कुमार, पिता बीरेन्द्र चौधरी के रूप में हुई है। दोनों आरोपी शराब के नशे में गांव में हल्ला-हंगामा कर रहे थे, जिससे स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को हिरासत में ले लिया। पुलिस द्वारा आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों आरोपियों को औरंगाबाद न्यायालय भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष शम्भू कुमार ने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### निर्विरोध चुने गये रालोमो के पंचायत अध्यक्ष



**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड में संगठन मजबूती के लिए राष्ट्रीय लोक मोर्चा पार्टी का पंचायत स्तरीय चुनाव 26 अप्रैल से चल रहा है। जो 15 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान 5 अप्रैल मंगलवार को प्रखंड के पीरू, पुरहारा, ईटवां का पंचायत चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें पीरू पंचायत अध्यक्ष सुरेश प्रसाद सिंह, पुरहारा पंचायत का रौशन कुमार तथा ईटवां पंचायत का धर्मेंद्र सिंह को निर्विरोध चुना गया। इसकी जानकारी चुनाव प्रभारी रिटायर्ड शिक्षक बिजेन्द्र सिंह व पर्यवेक्षक रामबली सिंह ने संयुक्त रूप से दी। चुनाव संपन्न होते उन्हें निर्वाचन प्रमाण पत्र दिया गया। पंचायत अध्यक्ष चुने जाने को लेकर राष्ट्रीय लोक मोर्चा के सदस्यों ने प्रशंन्नता जताते हुए डा राजेश कुमार विचारक ने कहा संगठन ढांचा मजबूती के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा पंचायत से लेकर प्रखंड, जिला, प्रदेश चुनाव का निर्णय लिया है। यह पार्टी के लिए अच्छी सोंच है।

### कार्ल मार्क्स की हसपुरा में मनाई गई जयंती




**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखण्ड के हलीमचक गांव में अखिल हिन्द फार्वड ब्लाक (क्रांतिकारी) के तत्वावधान में महान दार्शनिक एवं मजलूमों के मसीहा कार्ल मार्क्स की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ कार्ल मार्क्स के स्मारक पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि से किया गया। तत्पश्चात कामरेड राजेश्वर प्रसाद राय ने कहा कि दुनिया के मजदूरों एक हो का नारा आज भी प्रासंगिक है।चन्द्रदीप राम ने कहा कि कार्ल मार्क्स आज भी दुनिया के मजलूमों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।उनसे लोगों को काफी ऊर्जा मिलती है। ओमप्रकाश वर्मा ने कहा कार्ल मार्क्स के रास्ते पर चलकर ही मजदूरों के अधिकारों की लड़ाई को सफल बनाया जा सकता है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अलीम खां, शकील खां, कामेश्वर सिंह, सोनू कुमार राही, रौशन कुमार ने भी कार्ल मार्क्स के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। इसके उपरांत सभी कार्यक्रता हसपुरा पहुंचे और दुसरा सत्र हसपुरा बसस्टैंड के समीप नीजी हांल में विचार गोष्टी का आयोजन किया। जिसमें मार्क्स वाद हि क्यों विषय पर चर्चा किया गया। अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष का रामगोबिंद सिंह ने की। राष्ट्रीय अध्यक्ष का. डी एस निराला, राष्ट्रीय महासचिव का बालगोबिंद सिंह, जमालुद्दीन अंसारी, महिला नेत्री शिलम झा, का रामाधार प्रसाद बेगाना ने वर्तमान समय में मार्क्स वाद क्यों विषय पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कार्ल मार्क्स का विचार दार्शनिक व प्रासंगिक है। इसे जन जन में बढ़ाने की जरूरत है।

### भाजपा नेताओं ने व्यक्त की जीत पर खुशी

**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने पश्चिम बंगाल, असम, पाण्डुचेरी में मिली जीत पर खुशी जाहिर की है। प्रखंड के कनाप में ठाकुरबाड़ी गढ़ पर शमशेरनगर मण्डल अध्यक्ष संजय शर्मा के नेतृत्व में जिला महामंत्री टैगोर, जिला प्रवक्ता अश्विनी तिवारी, पंचायत अध्यक्ष मुकेश शर्मा, पूर्व अध्यक्ष राकेश पाण्डेय व डॉ दिनेश कुमार वर्मा की उपस्थिति में भाजपा के नेताओं के नाम के नारे लगाए गए। कार्यकर्त्ताओं ने आपस में अबीर ग़ुलाल व मिठाई खिलाकर ख़ुशी का इजहार किया। मौके पर रामप्रवेश शर्मा, नरेश शर्मा, रामउग्रह शर्मा, बीरेंद्र पासवान, बब्लु चन्द्रवंशी, कौशल शर्मा, अवध यादव, अजित पाठक, रौशन चन्द्रवंशी, बाचसपति नारायण, राजू मौजूद रहे।

# आम लोगों की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए 'सहयोग शिविर' का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड प्रशासन द्वारा आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर प्रखंड कार्यालय द्वारा आगामी 19 मई 2026 को ग्राम पंचायत चेव और भेटनियां में 'सहयोग शिविर' का आयोजन किया जाएगा।

इस शिविर का मुख्य उद्देश्य आम जनता की शिकायतों को सरल और सुलभ तरीके से प्राप्त कर उनका समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करना है। प्रशासन द्वारा शिविर के सफल संचालन हेतु विस्तृत माइक्रोप्लान तैयार किया गया है, जिसके तहत शिविर से 30 दिन पूर्व ही आवेदन लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। प्राप्त सभी आवेदनों और शिकायतों का विधिवत पंजीकरण कर संबंधित विभागों के समन्वय से उनका शीघ्र निपटारा किया जाएगा। ग्राम पंचायत चेव के विभिन्न वार्डों सरायक, चेव, पाण्डे कर्मा, भीखनपुरा और नराईच में अलग-अलग कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है, ताकि हर क्षेत्र के लोगों तक प्रशासन की पहुंच सुनिश्चित हो सके।

वहीं, ग्राम पंचायत भेटनियां में राजकीय मध्य विद्यालय, बराही को शिविर स्थल बनाया गया है, जहां विभिन्न विभागों के कर्मियों की तैनाती कर आवेदन प्राप्ति, एंट्री और निष्पादन की समुचित व्यवस्था की गई है। राजस्व से जुड़े मामलों के लिए अंचल अधिकारी, रफीगंज को विशेष रूप से जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार अश्विनी ने बताया कि सभी विभागीय पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे शिविर से पहले या शिविर के दिन ही शिकायतों का समाधान सुनिश्चित करें, ताकि लोगों को तुरंत राहत मिल सके।

प्रशासन की इस पहल से क्षेत्र के लोगों को अब अपनी समस्याओं के समाधान के लिए भटकना नहीं पड़ेगा और उन्हें एक ही स्थान पर त्वरित एवं प्रभावी सेवा उपलब्ध हो सकेगी।

## न्यायालय की अवमानना पर उत्पाद थानाध्यक्ष से शोकोज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** उत्पाद थाना की एक कांड में किशोर न्याय बोर्ड के प्रधान दंडाधिकारी सह एसिजेएम सुशील प्रसाद सिंह ने सुनवाई करते हुए थानाध्यक्ष को शोकोज किया है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि बोर्ड द्वारा निर्गत आदेश जो किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) एक्ट 2015 की धारा -10(3) के अंतर्गत जारी किया गया था, उस आदेश की अवहेलना पर न्यायिक आदेश का अवमानना मानते हुए शौकोज किया गया है। आखिर किन परिस्थियों में बच्चों के हित का अनदेखा किया गया बोर्ड के समक्ष 4 मई 26 को क्यों नहीं उपस्थित किया गया। थानाध्यक्ष को बोर्ड में 06 जून 2026 को सदेह हाजीर होने का आदेश दिया है।

## गाजे- बाजे के साथ निकली जलयात्रा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज।** रफीगंज प्रखंड क्षेत्र के मखदुमपुर गांव में पांच दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं हनुमत प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गाजे- बाजे के साथ जलयात्रा निकली। यज्ञ मंडप से प्रारंभ होकर तिवारी बिगहा, नुनिया टिल्हा होते जयकारी लगाते हुये सैकडो श्रद्धालू चरकावां ऊपरी डीह ताबाब पहूंचे। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जलभरी कर वापस यज्ञ मंडप पहूंचे। यज्ञाचार्य श्री श्री 1008 श्री स्वामी धरणीधर आचार्य स्वामी, स्वामी बैंकटेश्वराचार्य, आचार्य रणधीर महाराज के देखरेख में करायी जा रही है। मुख्य मुख्य यज्ञमान रामानुज शर्मा, पप्पू शर्मा, अभय शर्मा, अश्लोक विश्वकर्मा,अमरकांत पासवान है। इस अवसर पर, जिला पार्षद प्रतिनिधि संजय सिंह यादव, रिशु कुमार, प्रमोद विश्वकर्मा, पिंकू कुमार, पंकज कुमार, दीपक कुमार, सुनील यादव, रौशन कुमार, दीपक पासवान, प्रमोद रवानी, राकेश कुमार, दया पासवान, गया पासवान, अंकित विश्वकर्मा, विशाल कुमार, सचिन कुमार, रॉकी, सौरव, सूरज,चंदन, छोटू, नंदू सहित सैकड़ों महिला - पुरूष मौजूद थे।

# पुराने विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट, पांच लोग जख्मी

**नबिटा संवाददाता**

**औरंगाबाद।** पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस हिंसक झड़प में एक पक्ष के पांच लोग घायल हो गए, जिनमें से तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना नगर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर-33 स्थित पिपरडीह गांव की है। सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में प्रदीप कुमार, उनकी पत्नी प्रमिला देवी, बेटे नीरज कुमार, भतीजा राहुल कुमार और संतोष कुमार शामिल हैं। घटना में दूसरे पक्ष के लोगों को भी चोटें आई हैं, जिनका इलाज निजी क्लिनिक में कराया गया है। विवाद की जड़ पुराना जमीन संबंधी मामला है, जो पहले भी कई बार तनाव का कारण बन चुका है। घायल संतोष कुमार ने बताया कि मंगलवार सुबह उसका भाई संतन बाजार से सब्जी लेकर घर लौट रहा था। इसी दौरान पड़ोस के ही मंगलदीप यादव, उनकी पत्नी मीना देवी, भाई राजीव रंजन एवं उनकी पत्नी बेबी देवी ने उसे रोक लिया और उसके भाई धनंजय के बारे में पूछताछ करने लगे। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई। संतोष का आरोप है कि दूसरे पक्ष के लोग पहले से हमले की तैयारी में थे। उन्होंने पहले पीड़ित पक्ष के लोगों की आंखों में मिर्च पाउडर झोंक दिया, जिससे वे असहाय हो गए। इसके बाद लोहे के रॉड और धारदार हथियार से हमला कर दिया गया। जब परिवार के अन्य सदस्य बीच-बचाव के लिए पहुंचे, तो उन पर भी हमला कर दिया गया।इस हमले में प्रमिला देवी को गंभीर चोटें आई हैं और उनके सिर में करीब 35 टांके लगे हैं। प्रदीप कुमार और नीरज कुमार को भी गंभीर चोटें आई हैं। अन्य घायलों का भी अस्पताल में इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस सक्रिय हुई और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। दोनों पक्षों की ओर से प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# विधानसभा चुनावों में जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने खेली होली




**नबिटा संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** पश्चिम बंगाल, पुडुचेरी एवं असम चुनाव में ऐतिहासिक जीत के अवसर पर दाउदनगर भाजपा नगर अध्यक्ष श्याम पाठक के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जमकर होली खेला। उत्साह के साथ विजय जुलूस निकाला। नगर भ्रमण कर ढोल नगाड़ों के साथ मिठाइयां बांटी गई। नगर अध्यक्ष श्याम कुमार पाठक ने कहा कि पश्चिम बंगाल में हुई ऐतिहासिक व प्रचंड जीत भाजपा कार्यकर्ताओं के बलिदान से ही सम्भव हुई है। इस अवसर पर हम बलिदान हुए कार्यकर्ताओं को नमन करते हैं। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के कुशल नेतृत्व में राष्ट्रवादी विचारधारा की यह जीत है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कसेरा टोली, जीमूतवाहन चौक से विजय जुलूस निकालकर सब्जी बाजार, श्रीहनुमान मंदिर चौक होते हुए शुक बाजार होकर पुनः कसेरा टोली पहुंचकर पूर्ण हुआ। पूर्व नगर अध्यक्ष शंभू कुमार, नगर महामंत्री रामजी मालाकार, प्रहलाद कांस्यकार, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, मनोज गुप्ता, युवा मोर्चा अध्यक्ष धीरज कश्यप, धीरज पाठक, राजन आर्य, प्रेम पाठक मीडिया प्रभारी अमरनाथ कांस्यकार सहित उपस्थित रहे।

# आयोजित होने वाले सहयोग शिविर की तैयारियों में जुटा प्रशासन

**नबिटा संवाददाता**

**औरंगाबाद।** आगामी 19 मई को गोह प्रखंड अंतर्गत पंचायत सरकार भवन डेहुरी समीप आयोजित होने वाले "सहयोग शिविर" की तैयारियों, आवेदन प्राप्ति एवं निष्पादन की स्थिति का जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। गौरतलब है कि बिहार सरकार के मुख्य सचिव के निर्देशानुसार आम नागरिकों की शिकायतों के सुलभ प्राप्ति एवं उनके त्वरित, प्रभावी समाधान के उद्देश्य से प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को पंचायत स्तर पर "सहयोग शिविर" का आयोजन किया जाना है। इसके अंतर्गत प्रत्येक शिविर से पूर्व संबंधित पंचायतों में कम-से-कम 30 दिन पहले से आवेदन प्राप्त करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।जिलाधिकारी द्वारा शिविर से पूर्व आवेदन प्राप्ति की व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने शिविर स्थल पर प्रतिनियुक्त कर्मियों से प्राप्त आवेदनों एवं उनके निष्पादन की स्थिति का गहन अवलोकन किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी, गोह को निर्देशित किया गया कि शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों का शत-प्रतिशत निष्पादन शिविर तिथि से पूर्व सुनिश्चित किया जाए। विशेष रूप से राजस्व एवं न्यायालय से संबंधित लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन पर बल दिया गया। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि शिविर के दिन लंबित एवं निष्पादित मामलों की सूची सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित की जाए तथा आवेदकों को लिखित रूप में जानकारी उपलब्ध कराई जाए। साथ ही, जीविका दीदियों एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं के माध्यम से घर-घर व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया, ताकि अधिक से अधिक लोग इस शिविर का लाभ उठा सकें।

# युद्ध स्तर पर हाउस-टू-हाउस किया जा रही सर्वे कार्य

**नबिटा संवाददाता**

**औरंगाबाद।** भारत की जनगणना 2027 का कार्य जिले में सुव्यवस्थित एवं चरणबद्ध तरीके से जिलाधिकारी-सह-प्रधान जनगणना अधिकारी अभिलाषा शर्मा के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है। प्रथम चरण के अंतर्गत 17 अप्रैल से 01 मई 2026 तक स्व-गणना का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ जिसमें औरंगाबाद जिले के कुल 1 लाख 64 हजार परिवारों द्वारा स्वयं अपनी जानकारी पोर्टल पर दर्ज कराई गई। यह सहभागिता जिलेवासियों की जागरूकता एवं सहयोग की भावना को दर्शाती है।

द्वितीय चरण के अंतर्गत 2 मई से 31 मई 2026 तक हाउस-टू-हाउस सर्वे का कार्य प्रारंभ हो चुका है। इस कार्य में जिले के लगभग 5031 प्रगणक सक्रिय रूप से अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए घर-घर जाकर सर्वेक्षण कर रहे हैं तथा मकानों का चिन्हांकन (मार्किंग) भी किया जा रहा है। इस प्रक्रिया के माध्यम से जिले की वास्तविक जनसंख्या एवं परिवारों से संबंधित सटीक एवं अद्यतन आंकड़े संकलित किए जाएंगे। जिला प्रशासन द्वारा सभी जिलावासियों से अपील की जाती है कि



जब प्रगणक आपके घर सर्वे हेतु आएं, तो उन्हें पूर्ण सहयोग प्रदान करें। जिन परिवारों द्वारा पूर्व में स्व-गणना की जा चुकी है, वे केवल अपनी स्व-गणना आईडी उपलब्ध कराएं, ताकि दर्ज की गई जानकारी का सत्यापन कर उसे शीघ्र फ्रीज किया जा सके। जनगणना कार्य में संलग्न सभी प्रगणक एवं पर्यवेक्षक निर्धारित समयावधि के भीतर अपने-अपने क्षेत्रों में इस महत्वपूर्ण कार्य को पूर्ण करने हेतु प्रतिबद्ध हैं।

जिला प्रशासन पुनः सभी नागरिकों से आग्रह करता है कि वे इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें तथा प्रगणकों को सही, पूर्ण एवं सत्य जानकारी उपलब्ध कराकर जनगणना 2027 के सफल क्रियान्वयन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

# आवेदकों को लिखित रूप में उपलब्ध कराई जाए जानकारी

**नबिटा संवाददाता**

**औरंगाबाद।** आगामी 19 मई 2026 को गोह प्रखंड अंतर्गत पंचायत सरकार भवन डेहुरी समीप आयोजित होने वाले "सहयोग शिविर" की तैयारियों, आवेदन प्राप्ति एवं निष्पादन की स्थिति का जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। गौरतलब है कि बिहार सरकार के मुख्य सचिव के निर्देशानुसार आम नागरिकों की शिकायतों के सुलभ प्राप्ति एवं उनके त्वरित, प्रभावी समाधान के उद्देश्य से प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को पंचायत स्तर पर "सहयोग शिविर" का आयोजन किया जाना है। इसके अंतर्गत प्रत्येक शिविर से पूर्व संबंधित पंचायतों में कम-से-कम 30 दिन पहले से आवेदन प्राप्त करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।जिलाधिकारी द्वारा शिविर से पूर्व आवेदन प्राप्ति की व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने शिविर स्थल पर प्रतिनियुक्त कर्मियों से प्राप्त आवेदनों एवं उनके निष्पादन की स्थिति का गहन अवलोकन किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी, गोह को निर्देशित किया गया कि शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों का शत-प्रतिशत निष्पादन शिविर तिथि से पूर्व सुनिश्चित किया जाए। विशेष रूप से राजस्व एवं न्यायालय से संबंधित लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन पर बल दिया गया। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि शिविर के दिन लंबित एवं निष्पादित मामलों की सूची सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित की जाए तथा आवेदकों को लिखित रूप में जानकारी उपलब्ध कराई जाए। साथ ही, जीविका दीदियों एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं के माध्यम से घर-घर व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया, ताकि अधिक से अधिक लोग इस शिविर का लाभ उठा सकें। इसी क्रम में औरंगाबाद जिले में 19 मई 2026 (माह का तृतीय मंगलवार) से प्रारंभ होने वाले "सहयोग शिविर" हेतु पंचायतवार रोस्टर तैयार कर लिया गया है तथा संबंधित पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है।


**बिहार सरकार**

**समाहरणालय, औरंगाबाद**
**(खनन शाखा)**

**औरंगाबाद जिलान्तर्गत जप्त बालू की नीलामी हेतु अल्पकालीन आम सूचना।**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरूद्ध कार्रवाई के फलस्वारूप जप्त बालू की नीलामी दिनांक–20.05.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से समाहरणालय, औरंगाबाद स्थित सभागार में खुले डाक के माध्यम से निर्धारित शर्त्तों के अधीन किया जाएगा। अपरिहार्य कारण से यदि निर्धारित तिथि को नीलामी नहीं होती है तो वैसी स्थिति में अगले कार्य दिवस–21.05.2026 को नीलामी करायी जायेगी।

1. जप्त बालू का स्थल एवं मात्रा की विवरणी :–

| क्र० | जप्त बालू का भंडारण स्थल | भू–निदेशांक | बालू की मात्रा (घनफीट में) | सुरक्षित जमा राशि (रू० में) | अग्रधन राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | औरंगाबाद सोन–31 नदी तट से 300 मीटर के अन्दर सकेन्ड्री लोडिग स्थल पर भंडारित बालू | Lat-24.832316 N, Long-84.165818E | 2430289.49 | 4,11,93,407/- | 1,02,98,352/- |
| 02 | नबीनगर थानान्तर्गत शमशान घाट के समीप | Lat-24.59783833, Log-84.1248299 | 2000 | 33,900/- | 8,500/- |

2. नीलामी के शर्त एवं बन्धेज के साथ विस्तृत विवरणी औरंगाबाद जिला के वेबसाईट https://aurangabad.bih.nic.in/notice_category/tenders पर देखा जा सकता है।
3. नीलामी से संबधित किसी भी प्रकार की आपत्ति अथवा CLARIFICATION के लिए जिला खनन कार्यालय, औरंगाबाद (मो0 नं0 9471565229) से संपर्क किया जा सकता है।
3. अपरिहार्य कारण से किसी भी समय निविदा को रद्द करने का अधिकार समाहर्त्ता, औरंगाबाद को सुरक्षित रहेगा।

**समाहर्त्ता,**
**औरंगाबाद**

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।
PR. No.002314 (Mines) 2026-27

**नशे से बनानी दूरी है, क्योंकि परिवार जरूरी है।**

# ऐतिहासिक पल को यादगार बनाने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पहुंचे मुंगेर

## मुंगेर सुल्तानगंज गंगा पथ मरीन ड्राइव की एजेंसी और अधिकारियों के साथ की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मुंगेर।** बिहार योग विद्यालय द्वारा आयोजित स्वामी सत्यानंद सरस्वती के पदार्पण महोत्सव और श्रीनिवास कल्याणोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह है। वैदिक मंत्रोच्चार, हवन और पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हो चुकी है। वहीं इस पूरे आयोजन में राजनीतिक तड़का तब लग जाता है। जब मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी खुद इस महोत्सव में शामिल होने पहुंचे। सीएम सुबह मुंगेर पहुंचें। जहां वे योगाश्रम में कार्यक्रम में भाग लिया उनके साथ उप मुख्यमंत्री विजय चौधरी और जेडीयू विधायक नचिकेता मंडल एवं भाजपा विधायक प्रणय कुमार मौजूद थे। मुख्यमंत्री के दौरे के मद्देनजर अधिकारियों और सुरक्षा कर्मियों



की पूरी फौज जगह जगह तैनात थी। पादुका दर्शन पहुंच उन्होंने बाला जी की प्रतिमा का दर्शन किया और आशीर्वाद लिया। इसके बाद बबुआ घाट पहुंचकर गंगा पथ यानी मरीन ड्राइव परियोजना के जुड़े अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की। साथ ही अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य राजेश जैन के घर उनके पिता की मौत के बाद श्रद्धासुमन अर्पित किया। वहीं भाजपा के प्रशिक्षण शिविर में भाग ले कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और उनका प्रशिक्षण का एक वर्ग भी लिया।

# मुख्यमंत्री की सुरक्षा को लेकर अलर्ट रही रेल पुलिस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमालपुर (मुंगेर)।** मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने एवं उनके सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रेल पुलिस की टीम ने जमालपुर स्टेशन पर सर्च अभियान चलाया। सर्च अभियान का नेतृत्व रेल एएसपी उमेश्वर चौधरी ने किया। अभियान के दौरान प्लेटफार्म पर यात्रियों के सामानों की जांच करते हुए पूछताछ भी की। सर्च अभियान के बारे में



रेल एएसपी ने कहा कि जिले में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने के साथ सुरक्षा के मध्य नजर पूरे दिन रेल पुलिस अलर्ट है। रेलखंड से लेकर ट्रेन एवं प्लेटफार्म पर हर तरीके के गतिविधि पर विशेष नजर रखी जा रही है। इस दौरान रेल थानाध्यक्ष स्वराज कुमार, एसआई निरंजन कुमार रजक, प्रमोद कुमार मंडल, मोहम्मद शाहबाज सहित कई सिपाही मौजूद थे।

# शिविर में समस्याओं और शिकायतों को दर्ज कर त्वरित करें निष्पादन

## सहयोग शिविर को लेकर प्रशासन ने की समीक्षात्मक बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड के महेशवाड़ा पंचायत में आगामी 19 मई को आयोजित होने वाले 'सहयोग शिविर' को सफल बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को एक विस्तृत समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नोडल अधिकारी सह जिला परिवहन अधिकारी राजीव कुमार ने की जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में अंचलाधिकारी सूरज कुमार, बीपीआरओ जितेन्द्र कुमार, आरओ लवली कुमारी, बीसीओ अनिल कुमार चौधरी, बीएओ रौशन कुमार, एमओ मनोज कुमार, जीविका बीपीएम मनोरंजन कुमार, प्रखंड प्रमुख अनीता देवी, उपप्रमुख नन्द किशोर पासवान, मुखिया अजय सहनी, श्वेता भारती, विजय पासवान सहित कृषि सलाहकार, रोजगार सेवक, आवास सहायक एवं अन्य प्रखंड व अंचल कर्मी उपस्थित थे। बैठक के दौरान पंचायत स्तर पर विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए लगाए जाने वाले इस सहयोग शिविर की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि शिविर में आम लोगों की समस्याओं और शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर दर्ज किया जाएगा और उनका त्वरित तथा समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा।नोडल अधिकारी राजीव कुमार ने सभी संबंधित कर्मियों को निर्देश दिया कि शिविर में आने वाले प्रत्येक आवेदक की समस्या को गंभीरता से सुना जाए तथा मौके पर ही अधिकतम मामलों का समाधान करने का प्रयास किया जाए। उन्होंने कहा कि यह शिविर सरकार और आम जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है। इसलिए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि शिविर के प्रचार-प्रसार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। जिससे अधिक से अधिक लोग इसकी जानकारी प्राप्त कर सकें और अपनी समस्याओं के समाधान के लिए शिविर में आ सके।

# जनगणना के कार्य में शिथिलता नहीं होगी स्वीकार्य : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा मंगलवार को कार्यालय प्रकोष्ठ में भारत की जनगणना के प्रथम चरण अंतर्गत संचालित हाउस होल्ड लिस्टिंग एवं लेआउट मैप तैयार करने के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में हाउस लिस्टिंग ब्लॉक के सृजन, प्रगणकों की नियुक्ति तथा लेआउट मानचित्रों की प्रगति पर गहन विचार-विमर्श किया गया। समीक्षा के क्रम में बताया गया कि जिले में अब तक कुल 6,102 हाउस लिस्टिंग ब्लॉक का सृजन किया जा चुका है तथा गणना कार्य को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए 5,642 प्रगणकों की तैनाती की गई है। साथ ही अब तक 4,103 लेआउट मानचित्र तैयार किए जा चुके हैं। जिला पदाधिकारी ने प्रखंडवार प्रगति की समीक्षा करते हुए पाया कि ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य संतोषजनक गति से आगे बढ़ रहा है। विशेष रूप से बरौनी एवं खोदावंदपुर प्रखंड में लेआउट मैप का कार्य सृजित एचएलबी के अनुरूप बेहतर पाया गया। बरौनी (ग्रामीण) क्षेत्र में 323 हाउस लिस्टिंग ब्लॉक के विरुद्ध सभी 323 लेआउट मैप तैयार कर लिए गए हैं। वहीं, शाम्हो अकहा कुरहा प्रखंड ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए 109 हाउस लिस्टिंग ब्लॉक के सापेक्ष 109 लेआउट मानचित्र पूर्ण कर लिए हैं। इसके विपरीत, शहरी क्षेत्रों में कार्य की गति अपेक्षाकृत धीमी पाई गई। नगर निगम क्षेत्र में 504 हाउस लिस्टिंग ब्लॉक के विरुद्ध अब तक 148 लेआउट मैप तैयार किए गए हैं, जबकि बलिया नगर परिषद क्षेत्र में 114 एचएलबी के सापेक्ष मात्र 20 लेआउट मैप का कार्य पूर्ण हुआ है। जिला पदाधिकारी ने इस पर चिंता व्यक्त करते हुए सभी संबंधित प्रभार पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि शेष कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जनगणना जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी। साथ ही, प्रगणकों को घर-घर जाकर सटीक एवं विश्वसनीय आंकड़े एकत्रित करने तथा मानचित्रण कार्य में गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

## जिला नियोजनालय में 67 अभ्यर्थियों का चयन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग अंतर्गत जिला नियोजनालय द्वारा गवर्नमेंट आईटीआई परिसर में मंगलवार को एक दिवसीय जॉब कैंप का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस जॉब कैंप में निजी कंपनी वीआईएसपीएल के माध्यम से सुजुकी मोर्टर के लिए अभ्यर्थियों का चयन किया गया। कंपनी के प्रतिनिधि गुलशन कुमार द्वारा कैंप में उपस्थित अभ्यर्थियों को कंपनी में कार्य से संबंधित वेतन एवं भत्ते, कार्यस्थल, कार्य प्रकृति तथा अन्य आवश्यक जानकारी विस्तृत रूप से प्रदान की गई। कंपनी द्वारा उपलब्ध कराए गए 250 रिक्तियों के विरुद्ध कुल 67 अभ्यर्थियों ने भाग लिया जिनमें से साक्षात्कार के उपरांत 30 अभ्यर्थियों का स्थल पर ही चयन किया गया। इस अवसर पर जिला नियोजन पदाधिकारी राणा अमितेष ने उपस्थित बेरोजगार युवाओं को कैरियर एवं रोजगार से संबंधित मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने बताया कि नियोजनालय द्वारा जिले के रोजगार इच्छुक अभ्यर्थियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक माह जॉब कैंप का आयोजन किया जाता है जिसमें बिहार एवं अन्य राज्यों के निजी क्षेत्र के नियोजकों को आमंत्रित किया जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि जिले के वैसे अभ्यर्थी जो विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं वे नियोजनालय में संचालित पुस्तकालय की निःशुल्क सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। नेशनल करियर सर्विस द्वारा प्रदान की जाने वाली निःशुल्क सेवाओं एवं इसके उपयोग के संबंध में कनीय सांख्यिकी सहायक राहुल कुमार एवं यंग प्रोफ़ेशनल पंकज कुमार द्वारा विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर आईटीआई प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर सुजीत कुमार, जिला कौशल प्रबंधक प्रेम प्रकाश एवं विंध्याचल कुमार सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मुंगेर रेल सह सड़क पुल पर भारी वाहन रहेंगे पूर्णतया प्रतिबंधित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** बिहार सरकार के परिवहन विभाग से प्राप्त निर्देशों के आलोक में जिला प्रशासन द्वारा कृष्ण सेतु (मुंगेर रेल-सह-सड़क पुल) की सुरक्षा एवं संरचनात्मक मजबूती को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। पुल की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए इस पर भारी एवं ओवरलोडेड वाहनों के परिचालन पर तत्काल प्रभाव से पूर्णतः रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं। परिवहन विभाग, बिहार द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि मुंगेर स्थित इस महत्वपूर्ण सेतु पर लगातार भारी वाहनों के आवागमन से इसके क्षतिग्रस्त होने की आशंका है। इस संदर्भ में मुख्य सचिव, बिहार द्वारा भी पुल की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आवश्यक प्रतिबंधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश

**डीएम ने जारी किया निर्देश**



दिया गया है। पूर्व मध्य रेलवे, हाजीपुर एवं विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुसार, इस सेतु से केवल 20 टन तक भार वाले वाहनों के परिचालन की अनुमति निर्धारित की गई है। निर्धारित सीमा से अधिक भार वाले वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही, जमुई जिले के बालू घाटों से होने वाले ओवरलोडेड परिवहन एवं अवैध खनन की रोकथाम हेतु सेतु के दोनों छोर पर हाइट गेज लगाने तथा जांच चौकी स्थापित करने का भी निर्देश दिया गया है।

साथ ही भारी वाहनों (20 टन से अधिक) को बेगूसरायऽसिमरिया सिक्स लेन पुल हाथीदह मोकामा मुंगेर भागलपुर मार्ग से होकर आवागमन करने का निर्देश दिया गया है। जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने संबंधित पदाधिकारियों को सख्त निर्देश दिया है कि किसी भी परिस्थिति में ओवरलोडेड एवं भारी वाहनों को पुल पर प्रवेश न करने दिया जाए। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन स्वामियों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस पहल का मुख्य उद्देश्य सेतु की दीर्घकालिक सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा आम नागरिकों के लिए सुरक्षित एवं निर्बाध यातायात व्यवस्था बनाए रखना है।

# भाजपा की तीन राज्यों में प्रचंड जीत पर जमालपुर में मना जश्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमालपुर (मुंगेर)।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में मिली चुनावी सफलता का जोरदार जश्न मनाया। यह कार्यक्रम शहर के जुबली बेल चौक पर आयोजित किया गया, जहां ढोल-नगाड़ों की गूंज, पटाखों की आतिशबाजी और लाल गुलाल के साथ कार्यकर्ताओं ने अपनी खुशी का इजहार किया। जश्न का नेतृत्व जमालपुर पूर्वी नगर अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार भुट्टो, प्रखंड अध्यक्ष मनीष दयाल गोस्वामी ने किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाईं और पारंपरिक अंदाज में झलमुरी का आनंद लेते हुए जीत का उत्सव मनाया। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में भाजपा समर्थक मौजूद रहे। जिनमें उत्साह साफ तौर पर देखा गया। प्रखंडध्यक्ष ने इस जीत



को देश की जनता के विश्वास की जीत बताया। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के शासन में अराजकता और भय का माहौल था जिससे जनता मुक्ति चाहती थी। उन्होंने इस सफलता को जनता के बदलाव के संकल्प का परिणाम बताया। उन्होंने यह भी कहा यह जीत केवल एक राजनीतिक दल की नहीं, बल्कि उन लोगों की जीत है जिन्होंने अपनी आस्था और पहचान की रक्षा के लिए एकजुट होकर मतदान किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण को इस परिणाम का श्रेय दिया।उन्होंने केंद्रीय नेतृत्व और विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को इस जीत का प्रमुख कारण बताया। मौके पर प्रहलाद घोष, अनिल कुमार यादव, राजीव नायक, शंकर सिंह, रवि मोदी, दीपक, राजीव सिंह, प्रेम शंकर पाठक, भवेश चौधरी सहित कई मौजूद थे।

## पुलिस ने दो वारंटियों को किया गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नावकोठी पुलिस ने थाने के समसा पंचायत से दो वारंटियों को पकड़ने में कामयाब रही। थानाध्यक्ष मो फिरदौस ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी समसा के गणेशी महतो का पुत्र चंद्र देव महतो तथा जिया लाल महतो का पुत्र राजकुमार महतो है। चंद्र देव महतो पर नावकोठी थाना कांड संख्या 25/03 के तहत आर्म्स एक्ट के तहत तथा राजकुमार महतो पर नावकोठी थाना कांड संख्या 198/14 के तहत एससी,एसटी के तहत कांड अंकित था। लंबे अंतराल से न्यायालय में दोनों अपनी उपस्थिति नहीं दे रहे थे। इससे न्यायालय ने इनके विरूद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। कागजी प्रक्रिया पूर्ण कर अग्रेतर कार्रवाई हेतु न्यायालय भेज दिया है। इस अभियान में थानाध्यक्ष के अलावे, एस आई अंकिता कुमारी, विश्वजीत कुमार, रंजीत कुमार एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# संग्रहालय परिसर में पांच दिवसीय मूर्तिकला कार्यशाला का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** कला एवं संस्कृति विभाग कार्यालय द्वारा मंगलवार को संग्रहालय परिसर में पांच दिवसीय मूर्तिकला (टेराकोटा) कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी श्याम कुमार सहनी, वरिष्ठ चित्रकार इन्द्रमोहन प्रसाद, विजय सिन्हा तथा मुख्य प्रशिक्षक मनीष कौशिक के साथ प्रशिक्षु बच्चों द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यशाला के प्रथम दिन मुख्य प्रशिक्षक मनीष कौशिक द्वारा बच्चों को मूर्तिकला में प्रयुक्त होने वाले विभिन्न उपकरणों के निर्माण की विधि का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान बच्चों ने बांस के टुकड़ों एवं आयरन वायर की सहायता से विविध प्रकार के उपकरण स्वयं तैयार किए। प्रशिक्षण के अंतर्गत बच्चों को बताया गया कि वायर कटर का उपयोग मिट्टी को आकार देने, खुरचने, काटने एवं बारीक बनाने में किया जाता है। दाँतेदार टूल का प्रयोग मिट्टी पर आकर्षक एवं लहरदार डिज़ाइन उभारने के लिए किया जाता है। नुकीले एवं चौड़े टूल का उपयोग गहनों की बारीकी तथा मूर्ति के आंख और होठ जैसे सूक्ष्म अंगों को उभारने में विशेष रूप से किया जाता है। स्पंज का प्रयोग मूर्ति को चिकना करने एवं उसमें नमी बनाए रखने के लिए किया जाता है, जबकि फ़ेटलिंग एवं चाकू का उपयोग मिट्टी के अतिरिक्त भागों को काटने एवं जोड़ने में किया जाता है।इन सभी उपकरणों के निर्माण में बच्चों ने अत्यंत उत्साह और रुचि दिखाई। इस अवसर पर जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी श्याम कुमार सहनी ने बताया कि विभाग द्वारा आयोजित इस प्रकार की कार्यशालाओं से बच्चों के भीतर रचनात्मकता का विकास होता है तथा उनकी कलात्मक क्षमता को नया आयाम मिलता है।उन्होंने आगे कहा कि आगामी पांच दिनों के दौरान बच्चों को इन्हीं उपकरणों के माध्यम से मूर्तिकला के विभिन्न तकनीकी पहलुओं, व्याकरण एवं सौंदर्यबोध का प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि कार्यशाला के समापन के उपरांत वे अपनी कल्पनाशक्ति के अनुरूप स्वतंत्र रूप से कलाकृतियों का सृजन कर सकें।

## आंधी-तूफान से भारी नुकसान

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के विष्णुपुर पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या-1 गौरीपुर में सोमवार की रात आयी तेज आंधी-तूफान और बारिश ने भारी नुकसान पहुंचाया। इस दौरान भोला महतो का फूस का घर तेज हवा और बारिश की चपेट में आकर गिर गया। भोला महतो के बथान पर तीन गायें बंधी थीं।

बताया जाता है कि घर के पास लगा अमरुद का पेड़ आंधी के कारण उखड़कर सीधे घर पर गिर पड़ा। उस समय घर के अंदर बंधी एक गाय पेड़ के नीचे दब गई। दो गाय फूस के झोपड़ी के नीचे दबी, जिसे लोगों ने किसी तरह निकाला। घटना के बाद आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद गाय को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक जिस गाय पर अमरूद का वृक्ष गिरा था उस गाय की मौत हो चुकी थी। वह गाय कुछ दिनों के बाद बच्चा देने वाली थी। लगभग 50000 से अधिक की गाय भोला महतो की मर गई।घटना के बाद पीड़ित परिवार में शोक का माहौल है। ग्रामीणों ने आपदा विभाग से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की है। वहीं, स्थानीय लोगों का कहना है कि अचानक आये इस आंधी-तूफान ने कई जगहों पर नुकसान पहुंचाया है। आसपास के लोगो ने भोला महतो एवं उसके परिवार के लोगो का ढांढस बढ़ाया है। जनप्रतिनिधियों ने पीड़ित परिवार को राहत सहायता उपलब्ध कराने कि प्रशासन से मांग की है।

# श्रम कार्ड बनाने में आवेदकों को सहयोग दें श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र, जिला नियोजनालय तथा उप श्रमायुक्त कार्यालय द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की व्यापक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विकसित बिहार के 7 निश्चय के अंतर्गत युवाओं के कौशल विकास, रोजगार सृजन एवं श्रमिकों के सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजनाओं की प्रगति का विस्तृत आकलन किया गया। समीक्षा के दौरान पाया गया कि जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र के माध्यम से संचालित योजनाओं में प्रगति हुई है। कुशल युवा कार्यक्रम के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध अधिक आवेदन प्राप्त हुए और लगभग सभी आवेदनों को स्वीकृति प्रदान की गई। जिससे योजना के प्रति युवाओं की बढ़ती रुचि स्पष्ट होती है। बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा हेतु ऋण स्वीकृत किया गया। वहीं मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना के तहत भी हजारों युवाओं को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। जिला नियोजनालय द्वारा रोजगार सृजन के क्षेत्र में भी प्रभावी कार्य किया गया है। नेशनल कैरियर सर्विस पोर्टल पर बड़ी संख्या में युवाओं का निबंधन किया गया है जिससे उन्हें रोजगार के अवसरों और कैरियर मार्गदर्शन से जोड़ा जा रहा है। वर्ष 2025-26 के दौरान आयोजित जॉब कैंपों के माध्यम से हजारों युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराया गया। साथ ही जिले के विभिन्न प्रखंडों में संचालित कौशल विकास केंद्रों के माध्यम से बड़ी संख्या में युवाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगारोन्मुख बनाया गया है। आर्थिक रूप से कमजोर अभ्यर्थियों को स्टडी किट उपलब्ध कराई गई तथा स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षित युवाओं को टूल किट भी प्रदान की गई। बैठक में उप श्रमायुक्त कार्यालय द्वारा संचालित श्रमिक कल्याण एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की भी समीक्षा की गई। असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए संचालित बिहार शताब्दी सामाजिक सुरक्षा योजना के अंतर्गत बड़ी संख्या में आवेदनों का निष्पादन किया गया है और अधिकांश मामलों में स्वीकृति प्रदान की गई है। राज्य प्रवासी मजदूर दुर्घटना अनुदान योजना के तहत भी पात्र लाभार्थियों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। जिला पदाधिकारी ने कहा कि श्रम कार्ड बनाने अथवा श्रमिक से संबंधित अन्य योजना में आवेदक के दस्तावेज में अगर किसी भी प्रकार की कमी है तो संबंधित श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी आवश्यक दस्तावेज बनवाने में आवेदक की मदद करेंगे। जिला प्रशासन द्वारा संचालित इन सभी योजनाओं का मुख्य उद्देश्य युवाओं को सशक्त बनाना, श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना तथा जिले में समावेशी एवं सतत विकास को गति देना है।

## मोटर पंप चोरी की शिकायत थाने में दर्ज

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के डफरपुर पंचायत से खेत में लगा बिजली चालित मोटर पंप को अज्ञात चोरों ने चुरा लिया। पीड़ित चंदन कुमार ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराकर अज्ञात को नामजद किया है। उसने बताया कि किर्लोस्कर बिजली मोटर पंप बनचारा चौर में मक्का फसल में पटवन करने के लिए लगाया गया था। सोमवार की शाम आंधी, बारिश से बचाव हेतु उसे प्लास्टिक से ढक कर बांध दिया गया था। मंगलवार की सुबह उसे देखने गया था तो मोटर गायब पाया गया। काफी खोजबीन करने पर भी इसका कहीं अता पता नहीं चल सका। मोटर चोरी से चंदन कुमार को 17 हजार रुपए की क्षति हुई है।

# भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

## एक दूसरे को मिठाई खिलाकर दी जीत की बधाई

**जश्न का माहौल**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** भारतीय जनता पार्टी को असम, पुडुचेरी एवं पश्चिम बंगाल के जीत की खबर मिलते ही नावकोठी एवं आसपास के क्षेत्रों में पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच उत्साह, खुशी और जोश का माहौल बन गया। जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर जीत का जश्न मनाया और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी। साथ ही मिठाइयां बांटकर लोगों के बीच खुशी साझा की गई। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतिन नवीन सहित पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को इस ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई दी। कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह जीत केंद्र सरकार की जनहितकारी नीतियों, विकास कार्यों और मजबूत नेतृत्व का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में भी पार्टी इसी तरह जनसमर्थन हासिल करती रहेगी। जश्न के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता विश्व नाथ दास, हरेराम सिंह, मुखिया राष्ट्रपति कुमार, नीतीश कुमार, अभिषेक कुमार उर्फ रौशन, मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार, तरुण कुमार, ओम जी पोद्दार, अमरजीत गुप्ता, देवेंद्र दास, अजीत कुमार, मनोज महतो, हर्षो तांती सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने मिलकर पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पण को दोहराया।वहीं पहसारा में भी कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग स्थानों पर जुटकर जीत का जश्न मनाया। यहां शिवेश रंजन, रणवीर कुमार, शिवम वत्स, विभाकर सिंह, सुनीत सिंह, चंदन कुमार सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समसा में भी जश्न का माहौल रहा, जहां मुकेश महतो, दीपक कानू, पंसस गौतम गोस्वामी, रानी गोस्वामी, कपिल देव पोद्दार, मनीष पाठक, बाबू साहेब कुवर समेत कई कार्यकर्ता शामिल हुए।

कुल मिलाकर भाजपा की इस जीत ने कार्यकर्ताओं में नई उत्साह भर दिया है। पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना हुआ है।

# मुख्यमंत्री ने विक्रमशिला सेतु के क्षतिग्रस्त भाग का किया हवाई सर्वेक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** बिहार के उत्तरी हिस्से और सीमांचल क्षेत्र को भागलपुर से जोड़ने वाले विक्रमशिला गंगा सेतु के क्षतिग्रस्त भाग को देखने हेतु मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज हवाई सर्वेक्षण किया। संबंधित विभागों के वरीय अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री श्री चौधरी ने मंगलवार के अपराह्न बाद तीन बजे हवाई सर्वेक्षण कर उक्त गंगा सेतु के क्षतिग्रस्त हिस्सा का जायजा लिया। इसके अलावा उन्होंने वैकल्पिक यातायात व्यवस्था के तहत जिला प्रशासन के द्वारा किये गये नाव परिचालन का भी अवलोकन किया। इस दौरान जमीनी स्तर पर (बरारी घाट के पास) सीमा सड़क संगठन के महाप्रबंधक , पुल निर्माण निगम और राष्ट्रीय उच्च मार्ग के वरीय अभियंतागण उपस्थित थे।



इधर मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि इस गंगा सेतु के क्षतिग्रस्त भाग की मरम्मत एवं पुनर्निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराया जाए। ताकि आम-जन को हो रही आवागमन की असुविधा का त्वरित समाधान हो सके। उन्होंने सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखने तथा तकनीकी विशेषज्ञों की निगरानी में कार्य कराने का भी निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में भागलपुर के बरारी घाट एवं बाबूपुर घाट से महादेवपुर घाट, नवगछिया तक जेटी जहाज़ और नावो के माध्यम से लोगों को आवागमन की सुविधा प्रदान की जा रही है। जिससे आमजनों को राहत मिल रही है। सरकारी नाव पर निशुल्क यातायात की व्यवस्था है जबकि निजी नाव के लिए प्रति व्यक्ति 50 रूपये, प्रति बाइक 50 रुपए एवं 12 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए 25 रुपए का दर निर्धारित किया गया है। दर सूची घाट पर अनेक जगह पर लगाया गया है। दोनों घाटो पर प्रकाश, पेयजल, चिकित्सा सुविधा, सुरक्षा, एम्बुलेंस, राहत शिविर, शौचालय की व्यवस्था की गई है साथ ही दंडाधिकारी एवं पुलिस बल भी प्रतिनियुक्त हैं ताकि क्षमता के अनुरूप ही जहाज और नाव पर लोगों को भेजा जा सके। इस मौके पर बरारी घाट पर जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव, उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार सिंह, नगर आयुक्त किसलय कुशवाहा सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।इधर जिला प्रशासन द्वारा भागलपुर और नवगछिया की ओर से आमलोगों की सुविधा के लिए संचालित 'नाव सेवा' कारगर साबित हो रही है। जिसमें निःशुल्क और निर्धारित सरकारी दर पर दर्जनभर नावो का परिचालन शामिल है।

# गैस वितरण की डीएम ने की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बांका।** डीएम नवदीप शुक्ला के निर्देश पर बांका जिला अंतर्गत सभी प्रखंडों में एलपीजी गैस की आपूर्ति सुचारू एवं पारदर्शी तरीके से सुनिश्चित की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा निरंतर निगरानी रखते हुए यह सुनिश्चित की जा रही है कि प्रत्येक उपभोक्ता को समय पर गैस उपलब्ध हो तथा वितरण प्रणाली में किसी प्रकार की अनियमितता न हो। इसी क्रम में लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। छापामारी के दौरान अवैध भंडारण, कालाबाजारी एवं अनियमित वितरण जैसी गतिविधियों की जांच की जा रही है। दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों एवं एजेंसियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जा रही है, ताकि व्यवस्था को पारदर्शी एवं प्रभावी बनाए रखा जा सके। जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि 10 गैस एजेंसियों एवं 27 महत्वपूर्ण स्थानों, जैसे होटल एवं रेस्टोरेंट, में छापामारी अभियान चलाया गया। एलपीजी गैस आपूर्ति की जानकारी देते हुए जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि 3234 उपभोक्ताओं द्वारा गैस बुकिंग कराई गई है, जबकि 5215 उपभोक्ताओं को गैस उपलब्ध कराई जा चुकी है। समाहरणालय में जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसके माध्यम से आम उपभोक्ता अपनी शिकायत दर्ज करा रहे हैं और सभी शिकायतों का त्वरित निष्पादन किया जा रहा है। जिला नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक शिकायत प्राप्त हुआ है जिसका निष्पादन कर दिया गया है। इसके साथ ही गैस एजेंसियों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित मानकों का पालन करते हुए उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा प्रदान करें। किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। जिला प्रशासन आम जनता से अपील करता है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी समस्या की सूचना संबंधित अधिकारियों को दें।

## कच्ची सड़क से ग्रामीण परेशान

**औरंगाबाद।** जिले के नबीनगर प्रखंड के टंडवा थाना क्षेत्र के धनहरा गांव में सड़क की समस्या गंभीर हो गई है। सड़क बदहाल होने से ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं गांव की सड़क कच्ची होने के कारण वर्षा के दिनों में अधिक समस्या उत्पन्न हो जाती है। ग्रामीण गंगा मेहता सहित ने बताया कि हम साइबर युग में प्रवेश कर चुके हैं। यहां के ग्रामीणों की स्थिति 18वीं शताब्दी जैसी ही है। जब ग्रामीण बीमार पड़ते हैं तो उन्हें अस्पताल ले जाने में काफी परेशानी उठानी पड़ती है। धनहारा से विशनपुर होते हुए कंचन बंद तक लगभग दो किमी की सड़क पूरी तरह से कच्ची है जो पैदल चलने के लायक भी नहीं है।

# एक कमरे में वर्ग एक से आठ तक के बैठते हैं बच्चे

## मध्य विद्यालय मंझौली का हाल बेहाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिले के रफीगंज प्रखंड के मध्य विद्यालय मंझौली का हाल बदहाल है। जहां एक ही कमरा में वर्ग एक से आठ तक शिक्षा ग्रहण करते है जबकि विद्यालय छात्रों से भर जाता है तो छात्र बाहर रास्ते पर बैठकर शिक्षा ग्रहण करते हैं। सरकार शिक्षा में गुणात्मक सुधार को ले ढिढोरा पीट रहे हैं परंतु जहां कमरे जहां कमरे नहीं होगी तो छात्रों को गुणवत्ता शिक्षा कैसे दी जाती है यहां के छात्र रास्ते एवं बाहर बैठकर शिक्षा ग्रहण करते हैं और जब कोई गाड़ी आ जाती है तो रास्ते से उठना पड़ता है। इस विद्यालय में यही पठन पाठन का यह तरीका है यह विद्यालय 2000 का स्थापित है। 26 वर्ष गुजरने जा रहे है, पर भवन का दर्शन नहीं हो सका जो विद्यालय की रूप रेखा आज से पहले थी। शिक्षा व्यवस्था के सुधार हेतु निरंतर आदेश निर्देश जारी किए जा रहे है। शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जा रही है। बच्चे विद्यालय नहीं आते है तो उनका नाम काटे जा रहे है पर यह भी सच है कि बच्चे स्कूल कैसे आए जब आधारभूत संरचना तक नहीं हो और तो और विभाग के अधिकारियों को यह भी पता नहीं कि इस तरह का कोई विद्यालय है यह भी सही है कि एक एक विद्यालय की निरीक्षण रिपोर्ट हर दिन कई स्तर पर दी जा रही है। अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया गया था। उसके बाद सुग बुगाहट शुरू हो गई थी। अधिकारी पहुंचने लगे थे पर कुछ ही दिनों पर समय गौण हो गई। वर्ग से दो के बच्चे खुले आसमान में पढ़ते है। कुछ बच्चे बरामदे में पढ़ते है और बाकी जो बच्चे है उनके लिए एक मात्र कमरा है। यानी कहा जाए तो सड़क से लेकर कमरे तक ही सीमित हैं। ग्रामीणों की माने तो यहां विद्यालय के जमीन केशव सिंह यादव ने छह डिसमिल जमीन दी थी। स्थानीय ग्रामीणों के बच्चे की शिक्षा की चिता उन दिनों हुई था। भूमिदाता ने जमीन को दान दी थी पर व्यवस्था इतने वर्षों मे सरकारी स्तर तक एक और नहीं उपलब्ध नहीं हो सकी। 1999 में विद्यालय की स्वीकृति प्राप्त हुई थी और उसके बाद 2000 मे एक कमरे का निर्माण हुआ। बच्चो की संख्या बढ़ने लगी पर अभी तक विभागीय स्तर से भवन का निर्माण नहीं हुआ। बता दें कि बरसात और गर्मी के दिनों में अधिक परेशानी होती है। यहां तक बारिश होने पर छुट्टी दी जाती है क्योंकि बच्चों को कही छिपने की जगह नहीं मिलती है। बच्चों को पढ़ाने के लिए पांच शिक्षक है।

# बंगाल में चुनावी नतीजे राष्ट्रवाद की है जीत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बांका/पटना।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के परिणामों पर प्रतिक्रिया देते हुए अंतरराष्ट्रीय हिंदू सेना की प्रदेश प्रवक्ता एवं राष्ट्रीय सचिव रीमा सिंह ने इसे राष्ट्रवाद और विकास के प्रति जनविश्वास की ऐतिहासिक अभिव्यक्ति बताया है। रीमा सिंह ने कहा कि जिस पावन भूमि पर महान राष्ट्रनायक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म हुआ, वही पश्चिम बंगाल आज पुनः राष्ट्रवाद की भावना से आलोकित हो उठा है। उन्होंने कहा कि यह जनादेश राज्य की जागरूक, राष्ट्रनिष्ठ एवं विकासप्रिय जनता के अटूट विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने इसे केवल चुनावी जीत नहीं, बल्कि सुशासन, सुरक्षा और समृद्धि के प्रति जनता की स्पष्ट आकांक्षा बताया। साथ ही कहा कि पश्चिम में अरब सागर से लेकर पूर्व में गंगासागर तक भारतीय जनता पार्टी के प्रति बढ़ता जनसमर्थन देश में सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकेत है। रीमा सिंह ने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल एवं दूरदर्शी नेतृत्व में पश्चिम बंगाल अब विकास, पारदर्शिता और सुशासन की नई दिशा में आगे बढ़ेगा। उन्होंने पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी की जनता को इस अभूतपूर्व समर्थन के लिए हृदय से बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।




**पूर्व रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना सं. 35-39 (सिविल एवं पी.वे कार्य), दिनांक** 04.05.2026 मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन, ऑफिस बिल्डिंग, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं. 1, निविदा सं.:35-एमएलडीटी-26-27, कार्य का नाम:** मंडल अभियंता-I/मालदा के अधिकार क्षेत्र में सहायक अभियंता/मालदा के तहत मालदा-न्यू फरक्का खंड में एलएचएस नंबर 43ए, 41ए, 40ए, 39ए, 21ए, 6ए पर कवर शेड, सम्प, पंपिंग व्यवस्था के लिए प्रावधान, ड्रेनेज सिस्टम में सुधार, विभिन्न ग्राउटिंग को अंदर डालने और दूसरे सहायक कार्यों के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 8,23,34,278.22, **क्रम सं. 2, निविदा सं.:37-एमएलडीटी-26-27, कार्य का नाम:** मंडल अभियंता-I/मालदा के अधिकार क्षेत्र के तहत मालदा मंडल के न्यू फरक्का-बड़हरवा खंड में ब्रिज नं. 388 (5*3.66मी) और ब्रिज नं 392 (3*3.66 मी) के आरसीसी जैकेटिंग के कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 2,60,05,264.49, **क्रम सं. 3, निविदा सं.:36-एमएलडीटी-26-27, कार्य का नाम:** मंडल अभियंता-I/मालदा के अधिकार क्षेत्र में सहायक अभियंता/न्यू फरक्का के तहत आजिमगंज-न्यू फरक्का खंड में एलएचएस नंबर 294ए, 304ए, 372ए, 372बी, 377बी, 307ए, 369ए पर कवर शेड, सम्प, पंपिंग व्यवस्था के लिए प्रावधान, ड्रेनेज सिस्टम में सुधार, विभिन्न ग्राउटिंग को अंदर डालने और दूसरे सहायक कार्यों के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 8,69,25,201.73, **क्रम सं. 4, निविदा सं.:38-एमएलडीटी-26-27, कार्य का नाम:** मंडल अभियंता-I/पूर्व रेलवे/मालदा के अधिकार क्षेत्र में "बड़हरवा, मणिग्राम, तिलडांगा रनिंग रूमों का नवीनीकरण/रूपांतरण एवं एनटीपीसी-फरक्का और गनकर रनिंग रूमों की सुविधाओं का सुधार" के कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 37,36,640.29, **क्रम सं. 5, निविदा सं.:39-एमएलडीटी-26-27, कार्य का नाम:** मंडल अभियंता-I/पूर्व रेलवे/मालदा के अधिकार क्षेत्र में "बिंदुबासिनी हाल्ट स्टेशन के मौजूदा प्लेटफॉर्मों के विस्तार एवं ऊंचा करने" के कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 1,66,68,228.34, **निविदा की अंतिम तिथि :** दिनांक 22.05.2026 को 15.30 बजे (क्रम सं. 1 से 3 प्रत्येक हेतु) और दिनांक 25.05.2026 को 15.30 बजे (क्रम सं. 4 और 5 प्रत्येक हेतु)। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट: www.ireps.gov.in/ डीआरएम कार्यालय/ एमएलडीटी।** निविदाकारों से अनुरोध है कि वेबसाइट में विस्तृत निविदा सूचना एवं कागजात देखें। MLD-34/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# यात्रियों के लिए घाटों पर की गई पर्याप्त व्यवस्था

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** भागलपुर के बरारी घाट एवं बाबूपुर घाट तथा नवगछिया के महादेवपुर घाट पर यात्रियों के आवागमन हेतु जिला प्रशासन द्वारा समुचित एवं व्यापक व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। घाटों को एक ओर समतलीकरण कर नाव तक सुगम पहुंच मार्ग तैयार किया गया है। वहीं यात्रियों के ठहरने के लिए शिविर की व्यवस्था की गई है, जिसमें चिकित्सा सुविधा, जिला नियंत्रण कक्ष एवं बिजली की समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक श्री प्रमोद कुमार यादव द्वारा स्वयं स्थल का लगातार निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाया जा रहा है। यात्रियों की सुविधा हेतु लगभग 800 से 1000 क्षमता वाले दो बड़े जेटी का कल से संचालन की संभावना है। वर्तमान में नाव एवं अन्य साधनों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित है, जिससे किसी भी यात्री को प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ रही है। सुरक्षा की दृष्टिकोण से प्रत्येक नाव पर गोताखोरों की तैनाती की जा रही है। घाटों पर पर्याप्त संख्या में प्रकाश की व्यवस्था की गई है। साथ ही स्ट्रेचर एवं एंबुलेंस की भी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।



# निर्वाची पदाधिकारी व मतदानकर्मियों को दी गई ट्रेनिंग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भोजपुर।** भोजपुर समाहरणालय सभागार में बिहार विधान परिषद के भोजपुर-सह-बक्सर स्थानीय प्राधिकारी उप निर्वाचन 2026 के निमित्त अशोक प्रियदर्शी, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार, पटना द्वारा सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारी एवं मतदान/मतगणना कार्मिकों (पीठासीन पदाधिकारी, मतदान पदाधिकारी प्रथम एवं द्वितीय, मतगणना सहायक एवं मतगणना पर्यवेक्षक) को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण के क्रम में सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारी तथा मतदान एवं मतगणना कार्मिकों को आयोग द्वारा प्राप्त निर्देशों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारी एवं मतदान कार्मिकों को मतदान के दिन भरे जाने वाले प्रपत्रों, मतदान की संपूर्ण प्रक्रिया तथा मतगणना से संबंधित समस्त पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही, सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारी एवं मतगणना कार्मिकों को मतगणना की पूरी प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से अवगत कराया गया।

उक्त अवसर पर निर्वाची पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, भोजपुर, तनय सुल्तानिया द्वारा सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारी एवं मतदान/मतगणना कार्मिकों को आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्मिकों को बैठक में गंभीरता से भाग लेने तथा मतदान एवं मतगणना प्रक्रिया को भली-भांति समझने का निर्देश दिया। साथ ही, उन्होंने सभी को निर्वाचन संबंधी हैंडबुक एवं सभी प्रपत्रों का गहन अध्ययन करने हेतु कहा, ताकि उन्हें आवंटित कार्यों का निर्वहन बिना किसी कठिनाई के सुचारू रूप से किया जा सके।

इस अवसर पर अपर समाहर्ता, भोजपुर; सभी अतिरिक्त सहायक निर्वाची पदाधिकारी (मतगणना); सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी, आरा सदर, पीरो, जगदीशपुर, बक्सर एवं डुमरांव; नोडल पदाधिकारी (कार्मिक कोषांग एवं प्रशिक्षण कोषांग); उप निर्वाचन पदाधिकारी, भोजपुर एवं बक्सर; अवर निर्वाचन पदाधिकारी, जगदीशपुर/बक्सर तथा भोजपुर एवं बक्सर जिले के सभी मतदान/मतगणना कार्मिक उपस्थित थे।

# जिलाधिकारी की मांग पर पूर्व मध्य रेलवे ने उपलब्ध कराई ट्रेन

**भागलपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विक्रमशिला सेतु पर यातायात अवरुद्ध हो जाने के उपरांत 4 मई 2026 को ही जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी द्वारा महाप्रबंधक, पूर्व मध्य रेलवे, हाजीपुर को भागलपुर जिले को नवगछिया, खगड़िया, कटिहार, पूर्णिया, मधेपुरा, सहरसा एवं अन्य जिलों से जोड़ने वाली एक-दो ट्रेन चलाने की मांग की गई थी।

पूर्व मध्य रेलवे द्वारा उक्त मांग के आलोक में एक विशेष ट्रेन (समर स्पेशल) सरायगढ़ से देवघर तक, भागलपुर होते हुए, मुहैया कराई गई है। यह ट्रेन सरायगढ़ से पूर्वाह्न 3:05 बजे प्रस्थान करेगी, मुंगेर 6:45 बजे तथा भागलपुर 8:40 बजे पहुंचेगी और बांका 10:12 बजे तथा 11:20 बजे देवघर पहुंचेगी। देवघर से यह ट्रेन पूर्वाह्न 11:35 बजे खुलेगी तथा भागलपुर 2:20 अपराह्न, मुंगेर 4:25 बजे और सरायगढ़ रात्रि 10:15 बजे पहुंचेगी।

# स्थानीय निकाय निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशी के समर्थन में जदयू विधायक दल के नेता ने की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भोजपुर।** मंगलवार को जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) द्वारा भोजपुर-बक्सर स्थानीय निकाय निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशी कन्हैया प्रसाद जी के समर्थन में बक्सर जिला के भदवर, चौगाई एवं इटाढ़ी प्रखंडों में महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित की गईं। इन बैठकों में ग्राम पंचायत स्तर के जनप्रतिनिधियों-जिला परिषद सदस्य, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य एवं वार्ड सदस्यगण-के साथ संवाद स्थापित करते हुए एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की गई। कार्यक्रम में इस चुनाव के कार्यक्रम प्रभारी सह पूर्व मंत्री एवं राजपुर विधायक संतोष कुमार निराला, चौगाई प्रखंड प्रभारी, बिहार विधान परिषद सदस्य जनाब खालिद अनवर साहब जी तथा डुमरांव विधायक राहुल सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभा को संबोधित करते हुए नेता विधायक दल श्री श्रवण कुमार जी ने कहा कि स्थानीय निकाय के जनप्रतिनिधियों द्वारा चुना गया प्रतिनिधि ही विधान परिषद में उनकी सशक्त आवाज बनकर उनके हितों को प्रभावी ढंग से उठाता है। उन्होंने यह भी कहा कि जिस दल की सरकार होती है, उसके प्रत्याशी के विजयी होने पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को विकास कार्यों में विशेष सहयोग एवं लाभ प्राप्त होता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस चुनाव में एनडीए प्रत्याशी की जीत, सभी जनप्रतिनिधियों एवं समर्पित कार्यकर्ताओं की जीत होगी, जो क्षेत्र के समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त करेगी। उक्त कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में जिला परिषद सदस्य, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्यगण सहित एनडीए गठबंधन के समर्पित कार्यकर्ता में मुख्य रूप से जदयू जिलाध्यक्ष राजकुमार शर्मा जी, जदयू नेता वीरेन्द्र सिंह लाला, जिला पार्षद अरविन्द प्रताप सिंह उर्फ बंटी शाही जी, जदयू नेता दिनेश सिंह जी, प्रिन्स सिंह बजरंगी, प्रखण्ड अध्यक्ष कृष्णा सिंह, काशी नाथ सिंह, जितेन्द्र सिंह, विमलेन्द्र कुमार पाण्डेय, विजय कुशवाहा, श्याम जी वर्मा, अनिरूद्ध तिवारी, मण्डल अध्यक्ष शंकर प्रसाद केशरी, गोविन्द सिंह, मथुरा सिंह, अशोक साह मुखिया उनुवास, तुलसी साह मुखिया धनसोई, पंचायत समिति सदस्य कामेश्वर कुशवाहा, उज्जवल महाजन, अनिल कुशवाहा, राजू साह, वार्ड सदस्य के प्रखण्ड अध्यक्ष मनोज दिवाकर, राजेन्द्र सिंह, अमरेन्द्र चंद्रवंशी, बेबी देवी, धर्मेन्द्र चौधरी, रामाशंकर सिंह, विशाल चौधरी, प्रदीप ओझा, मार्कण्डेय पटेल, उपस्थित रहे और सभी ने एकजुट होकर प्रत्याशी की विजय सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।




**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं. 24_2026-27 और 25_2026-27 दिनांक: 04.05.2026,** वरिष्ठ मंडल अभियंता (IV), पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा, पश्चिम बंगाल-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **वरिष्ठ डीईएन/4/ हावड़ा। क्रम सं. 1, ई-निविदा सं. 24_2026-27, कार्य का विवरण :** हावड़ा मंडल में मानसून सत्र के लिए वैगनों में और भूमि पर स्टोन बोल्डर की आपूर्ति का आपातकालीन कार्य एवं अन्य विविध कार्य। **अनुमानित मूल्य :** रु. 2,71,50,707.05, **बयाना राशि :** रु. 5,43,000/-, **क्रम सं. 2, ई-निविदा सं. 25_2026-27, कार्य का विवरण :** हावड़ा मंडल में मानसून सत्र के दौरान आपातकालीन सामग्री के रूप में क्वैरी स्टोन डस्ट की आपूर्ति। **अनुमानित मूल्य :** रु. 1,86,70,800/-, **बयाना राशि :** रु. 3,73,400/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.) :** शून्य (क्रम सं. 1 एवं 2 प्रत्येक हेतु)। **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 04 (चार) माह (क्रम सं. 1 एवं 2 प्रत्येक हेतु)। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 22.05.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से उपर्युक्त वेबसाइट के ज़रिए स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी:** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्स्ड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा। HWH-46/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## पृष्ठ 1 का शेष

### भाजपा के 12 और ...

के 12, जदयू के 11, लोजपा (रा) के दो और हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा एवं राष्ट्रीय लोक मोर्चा के एक-एक सदस्य गुरुवार को मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। संकेत है नवंबर 2025 में तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मंत्रिमंडल के प्रायः सभी सदस्य सम्राट की टीम में भी शामिल रहेंगे। हां, कुछ नए चेहरे को भी जगह मिल सकती है। भाजपा के संभावित मंत्रियों में विजय कुमार सिन्हा, मंगल पांडेय, दिलीप कुमार जायसवाल, राम कृपाल यादव, संजय सिंह टाइगर, श्रेयसी सिंह, अरुण शंकर प्रसाद, लखेंद्र पासवान, रमा निषाद, प्रमोद कुमार चंद्रवंशी एवं सुरेंद्र मेहता के नाम शामिल है। भाजपा कोटे के मंत्री नितिन नवीन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए इसलिए भाजपा दो नए चेहरे को भी मंत्रिमंडल में शामिल कर सकती है। वहीं जदयू से श्रवण कुमार, अशोक चौधरी, लेशी सिंह, मदन सहनी, सुनील कुमार, जमा खान, रत्नेश सदा, जयंत राज को मंत्री पद मिल सकता है। नए लोगों में मांजरिक मृणाल, अतिरेक कुमार व रूहेल रंजन के नाम की चर्चा है। संभावना है कि शीला कुमारी को भी मंत्री पद मिल जाए। इसी प्रकार लोजपा (रा)सं संजय कुमार सिंह, संजय कुमार, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा से संतोष कुमार सुमन एवं राष्ट्रीय लोक मोर्चा सं दीपका प्रकाश या स्नेहलता को मंत्री बनाया जा सकता है। राज्य सरकार के विभागों की संख्या 47 है। भाजपा के पास 29 विभाग हैं। इसी में से लोजपा (रा), हम और रालोमो को हिस्सा मिलता है। जदयू कोटे में कुल 18 विभाग हैं।

## तालाब का नहीं हुआ जीर्णोद्धार

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** हसपुरा प्रखंड के अमझरशरीफ-डिडीर रोड स्थित अमझर गांव के समीप एक प्राचीन तालाब है जिसके किनारे सूर्य मंदिर का निर्माण किया गया है। पंचायत के मुखिया द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए घाट का निर्माण कराया गया है। साथ ही जल संरक्षण का प्रयास जारी है परंतु तालाब की गहराई कम होने के कारण गर्मियों में पानी सूख जाता है। बरसात के मौसम में पानी तो रहता है परंतु सफाई की कमी के कारण तालाब में कई प्रकार के पौधा उग आए हैं। ग्रामीण चंदेश्वर प्रसाद, गुड्डू कुमार ने बताया कि तालाब का जीणोद्बार करने की जरूरत है। अगर तालाब की गहराई हो जाती है तो जल संचय में काफी हद तक सहूलियत होगी। वहीं तालाब की उचित देखरेख नहीं होने के कारण पशु-पक्षियों को भी पानी नहीं मिल पाता है।

# लगन के दिनों में बाजार में लग रहा जाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** शहर में जाम की समस्या इन दिनों लाइलाज बनती जा रही है। अभी लग्न के दिनों में अधिक जाम लगता है। जाम का मुख्य कारण अतिक्रमण ही है। जाम के कारण सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया है। जाम इतनी अधिक होती है कि नागरिकों के लिए पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। रमेश चौक, कचहरी रोड, महाराजगंज रोड, मुख्य बाजार, बाइपास से लेकर रामाबांध तक सड़क किनारे की जमीन पर अवैध कब्जा हो गया है। इसके बावजूद भी जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर समस्या को लेकर उदासीन बने हुए हैं। अतिक्रमण के कारण नागरिकों का जीवन प्रभावित हो रहा है और मरीजों की जान भी खतरे में पड़ रही है। सदर अस्पताल से गंभीर मरीजों को ले जाने वाले एंबुलेंस प्रतिदिन जाम में फंस जाती है जिससे मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पा रहा है। इधर अतिक्रमण के कारण सुबह से ही जाम की समस्या शुरू हो जाती है। शहर में अतिक्रमण की समस्या अब लाइलाज बन चुकी है। अधिकारी इसे सुधरने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं जिससे अतिक्रमणकारियों का मनोबल बढ़ रहा है। पहले रमेश चौक से अदरी नदी तक अतिक्रमण का दायरा था परंतु अब यह ओवरब्रिज तक फैल चुका है। जिला प्रशासन द्बारा बनाए गए फुटपाथों पर भी दुकानदारों ने कब्जा कर लिया है। फुटपाथ के अलावा सड़क के चारों ओर भी ठेला दुकानदारों ने अतिक्रमण कर रखा है। इधर नागरिकों को जाम से राहत नहीं मिल रही है।

# 40 मामलों में चार्जशीट नहीं, समिति ने जताई चिंता

**लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन व भुगतान का निर्देश**



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** अनुमंडल स्तर पर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अनुश्रवण समिति की बैठक योजना भवन के सभाकक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार आयोजित की गई। बैठक में कुटुंबा विधायक ललन राम, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी सहित संबंधित अधिकारी एवं समिति सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में वर्ष 2026 में दर्ज मामलों की समीक्षा के दौरान सामने आया कि कुल 40 प्राथमिकी दर्ज हुई हैं। इनमें से 15 मामलों में मुआवजा भुगतान किया जा चुका है, जबकि शेष मामले आवंटन के अभाव में लंबित हैं। सभी 40 मामलों में अब तक आरोप-पत्र (चार्जशीट) दाखिल नहीं होने पर समिति ने गंभीर चिंता व्यक्त की। अनुमंडल पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि शीघ्र आवंटन प्राप्त कर लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन और भुगतान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही अंचलाधिकारियों को एससी-एसटी भूमि परचा से जुड़े मामलों का शीघ्र निपटारा कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। विधायक ललन राम ने कहा कि एससी-एसटी मामलों में प्रखंड स्तर पर ही पारदर्शी एवं संवेदनशील कार्रवाई सुनिश्चित हो, ताकि पीड़ितों को अनावश्यक रूप से जिला मुख्यालय न आना पड़े। पुलिस पदाधिकारी ने भी स्पष्ट किया कि मामलों के पंजीकरण में लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई होगी। बैठक में नियमित अनुश्रवण और त्रैमासिक समीक्षा का निर्णय लिया गया।

## करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** क्रिकेट खेलने के दौरान खेत में गिरे बिजली के तार की चपेट में आने से 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना रिसियप थाना क्षेत्र अंतर्गत तेतरहट गांव की है। मृतक की पहचान उस गांव निवासी सुरेश यादव के पुत्र नागेंद्र कुमार यादव के रूप में की गई है। परिजन के अनुसार, मंगलवार को बारिश के बाद गांव के बच्चे खेत के पास क्रिकेट खेल रहे थे। नागेंद्र कुमार यादव भी बच्चों के साथ खेलने लगे। खेल के दौरान गेंद को पकड़ने के प्रयास में वह खेत की ओर दौड़े, जहां पहले से टूटा हुआ बिजली का तार गिरा हुआ था। घास और पानी के कारण तार दिखाई नहीं दे रहा था, जिससे अनजाने में वे उसकी चपेट में आ गए। मृतक अपने पीछे 9 साल के पुत्र हिमांशु और 7 साल की पुत्री अवंतिका को छोड़ गए हैं। दोनों मासूम बच्चों के सिर से पिता का साया उठ जाने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। ग्रामीणों ने बताया कि नागेंद्र खेती-किसानी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे और उनकी असमय मृत्यु से परिवार की आर्थिक स्थिति पर गहरा असर पड़ेगा। घटना के बाद ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से आपदा राहत कोष के तहत उचित मुआवजा देने की मांग की है, ताकि पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता मिल सके। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में बिजली के जर्जर तारों की स्थिति पहले से खराब है, जिसकी अनदेखी के कारण यह हादसा हुआ। इधर, घटना की सूचना मिलते ही सांसद अभय कुशवाहा सदर अस्पताल पहुंचे और शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी। उन्होंने हर संभव मदद का आश्वासन देते हुए प्रशासन से पीड़ित परिवार को शीघ्र सहायता उपलब्ध कराने की मांग की। इधर, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस पदाधिकारी के अनुसार मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## एक नजर

### 16 साल से फरार वारंटी गिरफ्तार

**औरंगाबाद।** बारुन पुलिस ने करीब 16 वर्षों से फरार चल रहे एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। यह वारंटी पिछले 16 वर्षो से पुलिस की पकड़ से बाहर था। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान थाना क्षेत्र के घोरहा गांव के निवासी विनोद कुमार के रुप में की गई है जिस पर 2010 में एक कांड में प्राथमिकी दर्ज हुई थी। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, वह पिछले 16 वर्षों से फरार चल रहा था जिस पर न्यायालय से वारंट निर्गत किया गया। बताया कि पुलिस को वारंटी की गतिविधियों के बारे में लगातार गुप्त सूचनाएं मिल रही थीं। इसी आधार पर पुलिस द्वारा एक विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। मंगलवार को मिली सटीक जानकारी के बाद पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### अपहरण मामले में अभियुक्त दोषी करार

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में स्पेशल पोक्सो कोर्ट ने जबरन अपहरण व पोक्सो एक्ट में एक अभियुक्त को दोषी ठहराया है। स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि फेसर थाना की एक कांड में निर्णय पर सुनवाई करते हुए खैरा सलेम गांव के रहने वाले एक मात्र काराधिन अभियुक्त विश्वकर्मा पासवान को बीएनएस और पोक्सो एक्ट की धाराओं में दोषी करार दिया है। अभियुक्त शादीशुदा और बाल-बच्चेदार है, इसके वावजूद नाबालिग के साथ गलत किया। अभियुक्त जेल में बंद हैं, आज सज़ा सुनाई जाएगी। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी सूचक 08 जून 2025 को अभियुक्त पर बहला-फुसला ले जाने का आरोप लगाया था जिस पर थाना द्वारा 13 जून 2025 को प्राथमिकी दर्ज करते हुए अभियुक्त को अनुसंधान के क्रम में गिरफ्तार किया गया और पीड़िता का न्यायालय में बयान दर्ज कराई गई। स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने कहा कि केस दर्ज होने के एक साल के अंदर फैसला आया है।

### आचार संहिता उल्लंघन मामले में सांसद समेत चार को जमानत



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी कुमार अभिजीत राय की अदालत में आचार संहिता उल्लंघन से जुड़े मामले में औरंगाबाद सांसद अभय कुशवाहा, राजद नेता उदय कुमार, विकास कुमार वर्मा और मुकेश कुमार ने उपस्थित होकर जमानत प्राप्त की। अधिवक्ता ने बताया कि प्रार्थीगण की ओर से वरीय अधिवक्ता जगनरायण सिंह ने अदालत में जमानत याचिका प्रस्तुत करते हुए चारों आरोपियों को राहत देने का आग्रह किया, जिसे न्यायालय ने स्वीकार कर लिया। मामले के संबंध में बताया गया कि अंचलाधिकारी औरंगाबाद द्वारा 21 मार्च 2024 को नगर थाना कांड संख्या-237/24 दर्ज कराया गया था। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया था कि बिना अनुमति के महाराणा प्रताप चौक से रमेश चौक तक कई वाहनों के साथ चुनावी नारे लगाते हुए जुलूस निकाला गया, जो आचार संहिता का उल्लंघन है। इसी मामले में सुनवाई के दौरान चारों आरोपित न्यायालय में उपस्थित हुए, जहां से उन्हें जमानत मिल गई। मामले की अगली सुनवाई निर्धारित तिथि पर होगी।

### नाबालिग लड़की से दुष्कर्म में अभियुक्त को पांच साल की सजा

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में स्पेशल पोक्सो कोर्ट ने नगर थाना की एक कांड में सज़ा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए अभियुक्त को सज़ा सुनाई है। स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि बारूण थाना क्षेत्र के बनौली गांव निवासी प्राथमिक अभियुक्त सुनील कुमार को पोक्सो एक्ट की धारा -10 में पांच साल सश्रम कारावास की सजा और तीस हजार रूपये जुर्माना लगाया गया है। न्यायधीश लक्ष्मी कांत मिश्रा ने डीएलएसए औरंगाबाद को निर्देश दिया है कि पीड़िता को एक लाख रूपये प्रतिकर दिलाई जाए। प्राथमिकी सूचक ने बताया कि 29 नवंबर 2024 को शादी में सम्मिलित होने के लिए सपरिवार तैयार हो रहें थे, छोटी लड़की को कॉर्नर वाले रूम में सुला दिया था, तैयार होकर बच्ची को उठाने गये तो बच्ची गायब थी। काफी खोजबीन के बाद पता चला कि एक खटाल में काम करने वाला व्यक्ति ने बच्ची को गोद में उठा कर बांध तरफ ले गया है। परिजन दोड़कर बांध तरफ गये तो एक मकान में बच्ची की आवाज आ रही थी। परिजन जब उस मकान में पहुंचे तो अभियुक्त बच्ची के साथ गलत हरकत

## जिलाधिकारी ने रूकुन्दी मॉडल विद्यालय का किया गहन निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** मंगलवार को जिला पदाधिकारी औरंगाबाद अभिलाषा शर्मा (भा.प्र.से.) द्वारा गोह प्रखंड अंतर्गत चयनित मॉडल विद्यालय प्लस टू आदर्श उच्च विद्यालय, रूकुन्दी का विस्तृत एवं गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, उपलब्ध संसाधनों के उपयोग, स्मार्ट कक्षा संचालन तथा साफ-सफाई का समग्र मूल्यांकन किया गया। उल्लेखनीय है कि बिहार सरकार द्वारा सात निश्चय-3 के अंतर्गत "उन्नत शिक्षा, भविष्य एजेंडा" कार्यक्रम के तहत राज्य के सभी 534 प्रखंडों में एक-एक मॉडल विद्यालय की स्थापना की जा रही है। इन विद्यालयों का उद्देश्य माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक स्तर पर गुणवत्तापूर्ण, समावेशी एवं नवाचार आधारित शिक्षा प्रदान करना है, ताकि प्रत्येक प्रखंड में एक आदर्श शैक्षणिक संस्थान विकसित हो सके। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने विद्यालय को मॉडल स्वरूप में विकसित करने हेतु कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने अतिरिक्त कक्षाओं के संचालन पर बल देते हुए उपलब्ध भवन एवं कक्षों के समुचित पुनर्व्यवस्थापन का निर्देश दिया। उन्होंने स्मार्ट कक्षा के नियमित संचालन पर विशेष जोर देते हुए कहा कि आधुनिक तकनीक के माध्यम से छात्रों को गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी शिक्षा प्रदान की जाए। साथ ही विद्यालय परिसर में स्वच्छता बनाए रखने, नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने तथा अनुशासित एवं प्रेरक शैक्षणिक वातावरण विकसित करने का निर्देश भी दिया।

ज्ञातव्य है कि औरंगाबाद जिले के विभिन्न प्रखंडों में चयनित मॉडल विद्यालय इस प्रकार हैं—औरंगाबाद प्रखंड में अनुग्रह इंटर स्कूल, बारुण प्रखंड में आरडीबी हाई स्कूल सुंदरगंज, देव प्रखंड में राजा जगन्नाथ हाई स्कूल, कुटुम्बा प्रखंड में राजकीयकृत हाई स्कूल डुमरी, मदनपुर प्रखंड में वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेरी, नवीनगर प्रखंड में राजकीय प्लस टू जोगेश्वर हाई स्कूल चरण महादेवा, रफीगंज प्रखंड में रानी ब्रजराज प्लस टू स्कूल, दाउदनगर प्रखंड में राष्ट्रीय इंटर स्कूल, गोह प्रखंड में उच्च विद्यालय रुकुंडी, हसपुरा प्रखंड में राजकीयकृत वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पथरौर देओहरा तथा ओबरा प्रखंड में आरके हाई स्कूल शामिल हैं।

### तीन बच्चों के आश्रितों को 24 घंटे के भीतर राशि का किया गया भुगतान

**औरंगाबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के कुशल नेतृत्व एवं निर्देशन में औरंगाबाद जिला प्रशासन ने आपदा राहत हेतु त्वरित कार्रवाई की है। 4 मई 2026 को जिले के मदनपुर और गोह अंचल में हुई वज्रपात (ठनका) की दुखद घटनाओं में जान गंवाने वाले तीन बच्चों के आश्रितों को महज 24 घंटे के भीतर अनुग्रह अनुदान की राशि का भुगतान कर दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही जिला पदाधिकारी ने संबंधित अंचलाधिकारियों को तत्काल प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए। अंचल मदनपुर के घटराईन टोला भुइयां बिगहा निवासी स्व॰ संतोष कुमार (पिता- राम प्यारे भुइयां) और स्व॰ सूरज कुमार (पिता- गणेश भुइयां) की मृत्यु वज्रपात से हो गई। अंचल अधिकारी, मदनपुर द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों मृतकों के आश्रितों को सहायता राशि चेक के माध्यम से प्रदान कर दी गई है।

## विवेकानंद वीआइपी स्कूल को मिला 'ग्रीन स्कूल' अवॉर्ड







नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** जिला मुख्यालय स्थित विवेकानंद वीआईपी स्कूल को बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा इस वर्ष 'ग्रीन स्कूल अवॉर्ड' से नवाजा गया। ये अवार्ड बिहार में चुने गए दस उत्कृष्ट स्कूल को दिया गया है। महत्वपूर्ण है कि हरियाली को लेकर संस्था के निदेशक डॉ. शम्भू शरण सिंह ने लगातार प्रयास किया है। हजारों की संख्या में प्रत्येक वर्ष पौधारोपण कर औरंगाबाद और दाउदनगर क्षेत्र को हरित क्षेत्र बनाने का प्रयास किया है। विद्यालय द्वारा चलाए गए 'आत्मोदय' अभियान के तहत वृक्षारोपण, स्वच्छता, जल-संरक्षण, मृदा संरक्षण, प्रदूषण आदि पर किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए यह अवॉर्ड प्राप्त हुआ है। ज्ञात हो कि विगत 26 वर्षों से चलाए जा रहे 'आत्मोदय अभियान' के तहत विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न गाँव, सरकारी परिसरों, विद्यालयों में जाकर वृक्षारोपण कर वहाँ के स्थानीय नागरिकों के साथ पर्यावरण विषयक संवाद स्थापित कर उन्हें पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जाता रहा है। इसका उत्कृष्ट परिणाम भी आया है। क्षेत्रीय लोग वृक्ष लगाने, मृदा संरक्षण, जल संरक्षण, स्वच्छता,प्रदूषण आदि विषयों पर जागरूक हुए हैं और इस दिशा में सकारात्मक प्रयास भी किए हैं। विवेकानंद ब्रिगेड द्वारा हर वर्ष स्वामी विवेकानंद के पुण्यतिथि पर 'आत्मोदय अभियान' के तहत एक पखवारा स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित कर पर्यावरण संरक्षण के विभिन्न आयामों पर चर्चा-वार्ता किया जाता है। बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा प्रकाशित पत्रिका पयोनियरिंग ग्रीन एक्सीलेंस में विद्यालय द्वारा आत्मोदय के तहत किए कार्यों को सचित्र प्रकाशित किया गया है। जिसमें विद्यालय द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किए गए प्रयासों को दर्शाया गया है। ज्ञात हो कि विद्यालय के संस्थापक निदेशक डॉ शंभूशरण सिंह ने दाउदनगर से वर्ष 2001 में इस अभियान की शुरुआत की थी। विद्यालयी बच्चों द्वारा औरंगाबाद के दक्षिणी भाग में अवस्थित कोबरा कैम्प व अन्य पहाड़ी क्षेत्र के साथ विभिन्न सरकारी ग़ैरसरकारी प्रतिष्ठानों तक इस अभियान के माध्यम से पर्यावरण जागरूकता फैलाई गई है। इसमें लोगों का भरपूर सहयोग व सराहना मिला है।प्रत्येक वर्ष विद्यालय की टीम विविध अवसरों पर जिलाधिकारी व जिला वन्य पदाधिकारी के आमंत्रण पर पर्यावरण के लिए चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों का हिस्सा बनते हैं तथा विभिन्न पुरस्कार प्राप्त करते रहें हैं। विद्यालय के चेयरमैन मनीष वत्स ने विवेकानानंद ब्रिगेड को धन्यवाद देते हुए कहा कि पर्यावरण बचाना हमारी अहम जिम्मेदारी है ताकि हम भावी पीढ़ी को सुनहरा भविष्य प्रदान कर सकें। इस अवसर पर उपप्राचार्य सूची कुमारी, शिक्षक कुमारी सुमन, अखिलेश शर्मा, डी.एन. पाठक, अविनाश कुमार सहित पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## क्रिकेट विवाद में हुई हत्या मामले में दस अभियुक्तों को आजीवन कारावास

**औरंगाबाद/नबिटा ब्यूरो।** मंगलवार को व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में जिला जज चतुर्थ दिव्या वशिष्ठ ने मुफ्फसिल थाना कांड संख्या-100/18, सत्र विचारण संख्या-508/18, 730/24 में सजा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए सभी दस अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अपर लोक अभियोजक सुरजमल शर्मा ने बताया कि अभियुक्त संतोष पासवान, रामदहिन पासवान, भोला पासवान, कृष्णा पासवान, लुटन पासवान, भरत पासवान, विनय पासवान, अजय पासवान, सत्येन्द्र पासवान और नरेश पासवान, सभी निवासी पहरमा मुफ्फसिल को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत आजीवन कारावास तथा पांच हजार रुपए जुर्माना लगाया गया है। इसके अतिरिक्त धारा 147 में एक वर्ष तथा धारा 148 में दो वर्ष की सजा भी सुनाई गई है। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। न्यायालय ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार, औरंगाबाद को निर्देश दिया है कि पीड़ित परिवार को उचित प्रतिकर दिलाया जाए। उन्होंने बताया कि प्राथमिकी सूचक विनेश यादव, निवासी पहरमा मुफ्फसिल ने 9 जून 2018 को अभियुक्तों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। प्राथमिकी में उल्लेख किया गया था कि बच्चों के क्रिकेट खेलने के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें अभियुक्तों के अचानक हमले से सुरजदेव यादव की मृत्यु हो गई थी। मामले में अभियुक्तों पर आरोप गठन 22 जुलाई 2019 को किया गया था। अभियुक्त संतोष पासवान घटना के समय से ही जेल में बंद था, जबकि अन्य अभियुक्तों को 30 अप्रैल 2026 को दोषी करार दिया गया था।

## डीएम ने किया तालाब के जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण



**औरंगाबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित तालाब का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य के संबंध में स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा तालाब के समग्र विकास की संभावनाओं का गहन आकलन किया गया। उन्होंने जिला योजना पदाधिकारी को निर्देशित किया कि तालाब के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण हेतु सभी आवश्यक पहलुओं को सम्मिलित करते हुए विस्तृत प्राक्कलन शीघ्र तैयार कर प्रस्तुत किया जाए, ताकि कार्य को योजनाबद्ध तरीके से क्रियान्वित किया जा सके। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि तालाब परिसर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित रखने के उद्देश्य से आधारभूत संरचनाओं का विकास सुनिश्चित किया जाए। इस क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी, दाउदनगर एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी, गोह को तालाब के समीप सार्वजनिक शौचालय निर्माण हेतु उपयुक्त भूमि का चिन्हांकन कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में यह भी पाया गया कि जिला परिषद के अंतर्गत संचालित कुछ दुकानें अव्यवस्थित स्थिति में हैं। इस पर संज्ञान लेते हुए जिला पदाधिकारी द्वारा निदेशक, डीआरडीए को सभी दुकानों को सुव्यवस्थित करने एवं परिसर की समुचित साफ-सफाई एवं प्रबंधन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि तालाब के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण से न केवल स्थानीय स्तर पर पर्यावरणीय संतुलन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि आमजन को स्वच्छ एवं आकर्षक सार्वजनिक स्थल भी उपलब्ध होगा। उन्होंने संबंधित सभी पदाधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर ससमय कार्यों को पूर्ण करने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

## बस को ट्रक ने मारी टक्कर, चालक की मौत

**औरंगाबाद/नबिटा सं।** जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-19 पर स्थित घटराईन मोड़ के समीप सोमवार रात करीब 10 बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया। बरातियों से भरी बस को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे बस चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 12 से अधिक लोग घायल हो गए। मृतक की पहचान ओरडीहा निवासी सुरेश मेहता के 38 वर्षीय पुत्र सुरजमल कुमार मेहता के रूप में की गई है। हादसे में घायल लोगों में हिरा कुमार, प्रेम कुमार, रामसेवक भुईयां, सोनू कुमार, मदन भुईयां, सुनील कुमार, डबलु भुईयां, रुपेश ठाकुर, राजू भुईयां, शिवम कुमार, सिकंदर कुमार और जीतेन्द्र रिकियासन शामिल हैं। इनमें से हिरा कुमार, सोनू कुमार और जीतेन्द्र रिकियासन की हालत गंभीर होने पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर किया गया है, जबकि अन्य घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मदनपुर में चल रहा है। जानकारी के अनुसार, बारात नवीनगर के अमौना गांव से घटराईन भुईयां बिगहा जा रही थी। इसी दौरान सड़क पार करते समय गया की ओर से आ रहे ट्रक ने बस में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बस अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष राजेश कुमार व एसआई रोहित कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद शादी की खुशियां मातम में बदल गईं और परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई।




